दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ▶

3 राजधानी — मुंहमांगे दाम पर बल्क एसएमएस...

4 अभिव्यक्ति — दुष्कर्म पीड़िताओं को मिले...

9 मनोरंजन/व्यापार — सनी लियोनी ने बोला सनी देओल...

11 खेल — राहुल का जलवा, कोहली ...

www.navpradesh.com | बिलासपुर, शुक्रवार 13 दिसम्बर, 2019, कृष्णपक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-241 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर संसद में जैसी चर्चा होनी थी नहीं हो पाई। अब इसका कारण समझ में आया है कि एक दशक के दौरान महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोपी सांसदों की संख्या नौ गुना बढ़ गई है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक ऐसे आरोपों का सामना करने वाले प्रत्याशियों की संख्या में 231 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस मामले में भाजपा सबसे आगे है। मुल्लायम जैसे कई और माननीय अलग है। जो रेपिस्टों को कड़ी सजा देने के विरोधी है। ऐसे में संसद से यह उम्मीद करना बेमानी है कि वहां महिलाओं की सुरक्षा के लिए कड़े कानून बनेगे।

बर्फबारी : हिमाचल से केदार तक फैली सफेद 'चादर'

पहाड़ों में लगातार हो रही बर्फबारी से उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कई इलाके बर्फ से ढक गए हैं। टूरिस्ट्स का फेवरिट डेस्टिनेशन कहे जाने वाले हिल स्टेशन्स पर बर्फबारी बढ़ने के बाद अलर्ट भी जारी किया गया है। बर्फबारी के चलते मैदानी इलाकों में भी सर्दी बढ़ गई है। लगातार बर्फबारी के चलते केदारनाथ घाटी और केदारनाथ धाम बर्फकी सफेद चादर से ढक गए हैं। फिलहाल केदारनाथ धाम के कपाट बंद हैं।

मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले को दी उद्यानिकी महाविद्यालय की सौगत

प्रत्येक व्यक्ति की उन्नति और भलाई सरकार की प्राथमिकता : बघेल

नवप्रदेश संवाददाता

जशपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जशपुर जिले में उद्यानिकी महाविद्यालय खोलने की घोषणा की है। वें आज जशपुर जिले के कुनकुरी ब्लॉक मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पंचायत सलियाटोली में आयोजित तीन दिवसीय जशपुर महोत्सव के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता राज्य के प्रत्येक व्यक्ति की उन्नति और भलाई है। उन्होंने जशपुर महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जशपुर जिला प्राकृतिक सौन्दर्य *शेष पृष्ठ 8पर*

2500 रुपए क्विंटल में खरीदेंगे धान

सीएम ने कहा कि किसानों का धान 2500 रुपए क्विंटल में खरीदने का वायदा हर हाल में पूरा किया जाएगा। चाहे कितने भी अड़चने आएं हम इससे पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने किसानों से कहा कि आपकी उपज का पैसा आपको मिलना चाहिए। आप सब अपनी ऋण पुस्तिका किसी भी बिचौलिए और व्यापारी को न दें। जशपुर जिले में सिंचाई क्षमता को बढ़ाने के लिए उन्होंने शिखरपुर जलाशय और ढोढ़ापानी जलाशय, के काम को भी आगे बढ़ाने की बात कही।

खास खबर

बालाकोट : एफ-16 का इस्तेमाल पाक को लगाई कड़ी फटकार

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका ने भारत के खिलाफ एफ-16 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल करने पर पाकिस्तान को अगस्त में फटकार लगाई थी। अमेरिकी मीडिया में बुधवार को आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन में तत्कालीन अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मामलों की मंत्री एंड्रिया थॉमसन ने अगस्त में एफ-16 के इस्तेमाल पर सवाल उठाते हुए पाकिस्तानी वायुसेना के प्रमुख मुजाहिद अनवर खान को पत्र भी लिखा था। इसमें पाकिस्तान पर बिना जानकारी दिए एफ-16 लड़ाकू विमान के इस्तेमाल का आरोप लगाया गया था।

आरक्षण दस साल बढ़ाने वाले विधेयक पर संसद की मुहर

नई दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा और विधानसभाओं में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आरक्षण की समय सीमा 2020 से दस साल और बढ़ाने तथा एंग्लो इंडियन समुदाय के लिए संसद एवं विधानसभाओं आरक्षण समाप्त करने संबंधी संविधान (126वां संशोधन) विधेयक 2019 पर आज राज्यसभा की मंजूरी मिलने के साथ ही संसद की मुहर लग गयी।

झारखंड : तीसरे चरण में 61.93 % मतदान

रांची (वार्ता)। तीसरे चरण में आज 17 विधानसभा सीटों पर मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। 61.93 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने-अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। राज्य निर्वाचन कार्यालय सूत्रों ने यहां बताया कि राज्य के 17 विधानसभा सीट के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से हुआ मतदान शाम पांच बजे समाप्त हो गया।

निर्भया के दोषियों को फांसी का खौफ

तिहाड़ जेल में चारों आरोपियों की नींद उड़ी, खाना-पीना छूटा

नई दिल्ली (ए.)। निर्भया के दोषियों की दया याचिका पर राष्ट्रपति का फैसला अभी नहीं आया है। लेकिन तिहाड़ जेल का माहौल कुछ बदला-बदला सा है। मानों तिहाड़ जेल में बंद चारों दोषियों (अक्षय, मुकेश, विनय और पवन) को फांसी की भनक लग गई हो। अब उनकी नींद उड़ चुकी है, घबराहट में उनका खाना-पीना तक छूट गया है।

रात में लगाते रहते हैं चक्कर

निर्भया गैंगरेप के तीन दोषी अक्षय, मुकेश और मंडोली जेल से यहां शिफ्ट किए गए पवन को तिहाड़ की जेल नंबर-2 के वॉर्ड नंबर-3 के तीन सेल में रखा गया है। जबकि चौथे कैदी विनय शर्मा को जेल नंबर-4 में रखा हुआ है। सभी की नींद उड़ चुकी है। ये सभी न केवल घबराए हुए हैं, बल्कि ठीक से भोजन भी नहीं कर पा रहे हैं। फांसी की आहट का असर ये है कि अब दोषी अपने-अपने सेल में देर रात तक चक्कर काटते रहते हैं। किसी भी दोषी को कोई दवा नहीं दी गई है, लेकिन इन्हें तरल पदार्थ और **शेष पृष्ठ 8पर**

जेल नंबर-3 में फांसी

तिहाड़ में फांसी का तख्ता यहां की उस जेल नंबर-3 में है जिसमें संसद हमले के दोषी आतंकवादी अफजल को रखा गया था। जेल नंबर-3 की ड्योढ़ी में प्रवेश करने के बाद गेट से जेल के अंदर जाते ही सीधे हाथ की ओर फांसी कोठी के लिए रास्ता जा रहा है। यहां फांसी कोठी से लगते हुए ही 16 हाई रिस्क सेल हैं। इसी से लगती करीब 50 स्कवॉयर मीटर जगह में फांसी कोठी बनाई गई है। इसके गेट पर हरदम ताला लगा रहता है।

दोषी की पुनर्विचार याचिका पर सुको में 17 को होगी सुनवाई

पूरे देश को हिला कर रख देने वाले निर्भया गैंगरेप व मर्डर केस के एक दोषी अक्षय कुमार सिंह की पुनर्विचार याचिका पर शीर्ष अदालत में 17 दिसंबर को सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच इस पर सुनवाई करेगी। बता दें कि निर्भया के चार दोषियों को फांसी की सजा सुनाई गई है।

2259 पदों की भर्ती पर लगी रोक हटी

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के जिला पुलिस बल में आरक्षकों के 2259 पदों की भर्ती मामले में लगाई गई सभी याचिकाओं को उच्च न्यायालय बिलासपुर ने आज खारिज करते हुए भर्ती पर लगाई गई रोक को हटा दिया है। कोर्ट ने प्रकरण में शासन के द्वारा दोबारा भर्ती हेतु नियमों में किए गए संशोधन को सही ठहराया है।

विदित हो कि प्रदेश में पूर्व भाजपा शासनकाल में पुलिस विभाग में आरक्षकों के 2259 पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा होने के बाद एक साल तक तक इसका रिजल्ट घोषित नहीं किया गया। इस दौरान 2018 में विधानसभा चुनाव होने के बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आ गई। कांग्रेस सरकार ने इस भर्ती के लिए हुई परीक्षा में नियमों का पालन नहीं किये जाने का हवाला देते हुए इसे निरस्त कर दिया और इन पदों पर फिर से भर्ती के लिए संशोधन नियमों के साथ नई अधिसूचना जारी कर दी। इसके विरोध में पूर्व में परीक्षा देने वाले कई लोगों ने हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की थीं। इन याचिकाओं *शेष पृष्ठ 8पर*

हाईकोर्ट ने रोक हटाते हुए नियमों में संशोधन को सही ठहराया

अयोध्या केस की सभी 18 रिव्यू पिटिशन किए खारिज

नई दिल्ली(वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अयोध्या को लेकर आए फैसले के खिलाफ दायर सभी 18 पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने पिछले महीने ही अयोध्या पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राम मंदिर निर्माण का रास्ता साफकर दिया था। जिसके बाद ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने फैसले के खिलाफ याचिका दायर की, वहीं निर्मोही अखाड़े ने भी अपनी कुछ मांगों को लेकर रिव्यू पिटिशन दाखिल की थी। उधर, गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने सभी पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज कर दिया।

महाराष्ट्र में विभागों का बंटवारा, एकनाथ शिंदे को गृह मंत्रालय

नई दिल्ली (ए.)। महाराष्ट्र की शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस गठबंधन की सरकार में गुरुवार को विभागों का बंटवारा हो गया। महाराष्ट्र सरकार में कांग्रेस को राजस्व, ऊर्जा, शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, वस्त्र, महिला एवं बाल कल्याण विभाग मिले। शिवसेना को सरकार में गृह, शहरी विकास मंत्रालय मिले हैं। वहीं, एनसीपी को महाराष्ट्र सरकार में वित्त, आवास, लोक स्वास्थ्य, सहकारी मंत्रालय मिले हैं। कांग्रेस से बालासाहेब थोराट को राजस्व विभाग, स्कूल शिक्षा आदि विभाग मिले हैं। एनसीपी के जयंत पाटिल को वित्त और योजना, आवास, खाद्य आपूर्ति और श्रम विभाग दिया गया है।

हैदराबाद एनकाउंटर — सचाई जानने का हक : सुको

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने हैदराबाद एनकाउंटर की न्यायिक जांच का आदेश देते हुए एक जांच आयोग का गठन कर दिया है। मामले की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस एस ए बोबडे, जस्टिस एस अब्दुल नजीर और जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस वीए एस सिरपुरकर की अगुवाई में तीन सदस्य वाले जांच आयोग का गठन किया है। एनकाउंटर की जांच के लिए बने आयोग का दफ्तर हैदराबाद में बनाया जाएगा। इस आयोग के सभी सदस्यों को सुरक्षा भी दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस तीन सदस्यीय जांच आयोग को छह महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी। आयोग का पूरा खर्च तेलंगाना सरकार को उठाने का आदेश दिया गया है। आयोग के दो अन्य सदस्यों में एक बॉम्बे हाई कोर्ट की पूर्व जज रेखा बल्दोता जबकि दूसरे पूर्व सीबीआई डायरेक्टर डी आर कार्तिकेयन होंगे। मामले की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस एसए बोबडे ने कहा कि लोगों को इस मुठभेड़ की हकीकत जानने का अधिकार है।

खुदरा महंगाई दर 5.54 पर्सेंट पर पहुंची

2018 में खुदरा महंगाई दर महज 2.33 पर्सेंट थी, अक्टूबर 2019 में 4.62%

नई दिल्ली (वार्ता)। खाद्य पदार्थों की कीमतों में उछाल की वजह से खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर महीने में बढ़कर 5.54 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो तीन साल का सबसे ऊंचा स्तर है। पिछले महीने अक्टूबर में यह 4.62 प्रतिशत पर थी। वहीं, नवंबर 2018 में खुदरा महंगाई दर महज 2.33 पर्सेंट थी।

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 10.1 पर्सेंट रही, जो अक्टूबर में 7.89 पर्सेंट थी और सालभर पहले -2.61 पर्सेंट थी। इससे **शेष पृष्ठ 8पर**

अक्टूबर में औद्योगिक उत्पादन घटा

बिजली, खनन और विनिर्माण क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन के कारण औद्योगिक उत्पादन अक्टूबर महीने में 3.8 प्रतिशत घट गया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के रूप में मापा जाने वाले औद्योगिक उत्पादन एक साल पहले इसी माह में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

गरमा-गरम

एनआरसी — बांग्लादेश के विदेश मंत्री द्वारा भारत दौरा रद्द करने को लेकर भी विदेश मंत्रालय ने दिया बयान

पाक पीएम को भारत की दो टूक- अपने यहां अल्पसंख्यकों पर दें ध्यान

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'पाक पीएम इमरान खान को बेतुके बयान देने की जगह अपने देश में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा भारत के आंतरिक मामलों पर बयानबाजी करने से भी बचना चाहिए।'

■ विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि पाक पीएम को अपने यहां अल्पसंख्यकों पर ध्यान देना चाहिए

नई दिल्ली(ए.)। पाक द्वारा नागरिक संशोधन बिल को लेकर की गई टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय ने बड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि पाक पीएम के हर बयान पर हमें प्रतिक्रिया देने की कोई जरूरत नहीं है। रवीश कुमार ने कहा कि पाक पीएम इमरान खान द्वारा दिए गए ज्यादातर बयान अनुचित होते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बांग्लादेश के विदेश मंत्री ऐके अब्दुल मोमेन द्वारा अपना भारत दौरा रद्द करने को लेकर भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बांग्लादेश के विदेश मंत्री द्वारा भारत दौरा रद्द करने पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उन्होंने अपना भारत दौरा रद्द करने के पीछे के कारणों पर सफाई दी है। उन्होंने कहा, 'बांग्लादेश से हमारे संबंध मजबूत हैं। जैसा कि दोनों देशों के नेताओं ने कहा था कि यह दोनों देशों के संबंधों का स्वर्णिम काल है।' बांग्लदेश के विदेश मंत्री के बयान पर रवीश कुमार ने कहा, 'यहां कुछ असमंजस की स्थिति है। हम बता चुके हैं वर्तमान सरकार के कार्यकाल में धार्मिक उत्पीड़न नहीं हो रहा है। जो लोग भारत में रिफ्युजी की तरह रह रहे हैं, उन्होंने धार्मिक आधार पर उत्पीड़न सहा है। यह सब सैन्य शासन और बांग्लादेश की पूर्व के सरकारों के कार्यकाल में हुआ। हम यह बात जानते हैं कि बांग्लादेश की वर्तमान सरकार ने अल्पसंख्यकों की चिंताओं पर खास ध्यान दिया है।' बता दें कि **शेष पृष्ठ 8 पर**

बांग्लादेश की आपत्तियों का भारत ने दिया जवाब

बांग्लादेश के विदेश मंत्री के सवालों का भारत ने जवाब दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि बांग्लादेश के बयान से लगता है कि विधेयक को लेकर कुछ भ्रम है। राजनयिक सूत्रों के मुताबिक, बांग्लादेश के विदेश मंत्री ए के अब्दुल मोमेन ने विधेयक के बाद की परिस्थितियों को देखते हुए गुरुवार से शुरू हो रहे अपने तीन दिवसीय दौरे को रद्द कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा, 'ऐसा लगता है कि कुछ भ्रम है। हमने यह बताया है कि धार्मिक प्रताड़ना मौजूदा सरकार के भीतर नहीं हो रही है। बांग्लादेश से आए उन प्रवासियों ने भारत में शरण मांगी है जिन्हें सैन्य शासन में और पूर्व की सरकारों में धर्म के आधार पर प्रताड़ना झेलनी पड़ी है। हम यह भी मानते हैं और हमें पता है कि बांग्लादेश में मौजूदा सरकार ने अपने संवैधानिक प्रावधानों के तहत अल्पसंख्यकों की चिंताओं को देखते हुए कई कदम उठाए हैं।'

जलसंकट: पानी पर है सेना के जवानों की संगीन का पहरा

सागर(ए.)। मध्य प्रदेश में जलसंकट की स्थिति इतनी गंभीर है कि जलाशयों पर सेना के जवानों को पहरा देना पड़ता है। राजधानी भोपाल से 126 किलोमीटर दूर सागर जिले में स्थित सेना की छावनी और आसपास के 12 गांवों के लोग एक ही जलाशय पर आश्रित हैं। यही जलाशय चितोरा स्टॉपडैम सेना और ग्रामीणों में विवाद का कारण बना हुआ है। हालांकि, पूरे विवाद पर सागर जिला कलेक्टर प्रीति मैथिल का कहना है कि प्रशासन इस मामले को देख रहा है।

मामला ऐसी स्थिति में पहुंच गया हैं कि जहां आधा दर्जन सेना के जवानों को स्टॉपडैम की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि

सेना के लोग बांध के आसपास 12 किलोमीटर की दूरी तक गश्त कर रहे हैं, उन्हें पानी लेने से रोकते हैं। वे कहते हैं कि पिछले एक पखवाड़े में सेना के लोगों ने 14 बिजली चलित पानी पंप और पानी के पाइप जब्त किए हैं।

चितोरा गांव के सरपंच विजेंद्र सिंह ने कहा, सेना के इस असामान्य कदम से खेत की सिंचाई के लिए समस्या पैदा हो गई है। हर साल हम इस बांध के पानी से अपनी फसलों की सिंचाई करते थे, लेकिन इस साल सेना के लोग बेहद सख्त हैं और किसानों को बांध से जुड़ी नहरों का पानी लेने से भी रोक रहे हैं।

वहीं, सेना के अधिकारियों का कहना है कि 1995 में सागर नगर निगम द्वारा जल निकाय को सेना के लिए नामित किया गया था। सागर सेना छावनी के कमांडेंट कर्नल मुनीष गुप्ता ने कहा, यह पहली बार नहीं है जब हमने गश्ती दल की तैनाती की है। हम पानी के हमारे कोटा की रखवाली कर रहे हैं, जिसकी अनुमति सागर नगर निगम ने दी थी। हमें पिछली गर्मियों में पानी की कमी का सामना करना पड़ा था। इसलिए, इस बार पानी की सुरक्षा के लिए सख्त योजना है। जबकि सागर नगर निगम के आयुक्त आरपी अहिरवार ने कहा, यह सच है कि हमने सेना को चितोरा स्टॉपडैम से पानी लेने की अनुमति दी है, लेकिन वे ग्रामीणों को नहरों और बांध से पानी लेने से क्यों रोक रहे हैं। हम मामले में पूछताछ करेंगे।

किसानों की जिला प्रशासन से गुहार

एक किसान जहर सिंह ने कहा, यह जल निकाय इतने सालों से हमारे लिए पीने के पानी का स्रोत है। हमने सेना के खिलाफजिला प्रशासन के पास शिकायत दर्ज कराई है। हमने जिला प्रशासन से सेना और ग्रामीणों के लिए जल निकाय के पानी का सीमांकन स्पष्ट रूप से करने का आग्रह किया है।

प्रशासन व्यवस्था करे और टकराव टाले

भाजपा विधायक प्रदीप लारिया ने भी कहा कि किसानों को परेशानी हो रही है और जिला प्रशासन को इसका समाधान करना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया, यदि सेना दावा कर रही है कि यह उनका पानी है, तो किसानों की सिंचाई के लिए प्रशासन ने क्या व्यवस्था की है? आगे के टकराव को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा चीजें साफकी जानी चाहिए।

गेहूं का उत्पादन प्रभावित होगा

वहीं, सेना के तर्क को खारिज करते हुए कृषि विभाग के उपनिदेशक जीडी नेमा ने कहा, यह सेना द्वारा एक अतार्किक कदम है क्योंकि इस वर्ष जिले में 1717 मिमी वर्षा हुई, जो औसत वर्षा 1124 मिमी से अधिक है और जल संकट का कोई डर नहीं है। अच्छी वर्षा के कारण रबी फसल का बुवाई क्षेत्र तीन लाख हेक्टेयर से बढ़कर 3.5 लाख हेक्टेयर हो गया है। अगर किसानों को पानी नहीं मिला, तो इससे गेहूं का उत्पादन प्रभावित होगा।

मराठवाड़ा के मुद्दों पर अनशन करेंगी पंकजा मुंडे

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की नेता पंकजा मुंडे ने गुरुवार को कहा है कि वे पार्टी नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि मैं 27 जनवरी को मराठवाड़ा क्षेत्र के लंबित मुद्दों को लेकर अनशन करूंगी।

बीजेपी नेता पंकजा मुंडे ने कहा कि मैं समूचे महाराष्ट्र का दौरा करके गोपीनाथ मुंड के नाम पर बने संगठन के लिए काम करूंगी।

इससे पहले बीते हफ्ते पंकजा मुंडे ने कहा था कि मैं पार्टी नहीं छोड़ रही हूं। दलबदल मेरे खून में नहीं है। भाजपा के दिवंगत नेता गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा ने उन अफवाहों का भी खंडन किया था जिनमें कहा गया था कि उनके ट्विटर परिचय से भाजपा को हटाने का मकसद अपनी पार्टी पर दबाव बनाना था।

गुरुवार को बुलाई थी बैठक: पंकजा मुंडे ने अपने पिता गोपीनाथ मुंडे की बरसी पर आज (12 दिसंबर) समर्थकों की बैठक बुलाई थी। इस बैठक के बारे में उन्होंने बीते दिनों कहा था कि वे आनेवाले आठ या दस दिन में बड़ा फैसला लेंगी।

पाकिस्तानी प्रेमी के लिए दुबई गई शिक्षिका 33 दिन बाद भारत लौटी

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ के कंकरखेड़ा क्षेत्र से आठ नवंबर को दुबई गई शिक्षिका आखिर 33 दिन बाद अपने वतन लौट आई। पाकिस्तान के मूल निवासी नदीम के जिस भरोसे पर कंकरखेड़ा की शिक्षिका दुबई गई, उसी ने उसे धोखा दे दिया। न तो वह एयरपोर्ट पर रिसीव करने आया और न ही फोन उठाया। नतीजा, दुबई पहुंचकर शिक्षिका ठगी सी रह गई। जैसे-तैसे एक महीना बिताया। खुद को एक प्लेटफॉर्म देने का प्रयास किया, लेकिन असफल रही। पॉकेटमनी खत्म होने पर दूतावास से संपर्क साधा और भारत लौट आई। परिजनों को बिना कुछ बताए इतना बड़ा कदम उठाने पर अब शिक्षिका को अफसोस है।

गाय ने 'खटखटाया' अदालत का दरवाजा, जानें क्या है पूरा मामला

लखीमपुर-खीरी। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में दर-दर भटक रहे निराश्रित गाय और गोवंश ने अपनी सुरक्षा के लिए अब अदालत का दरवाजा 'खटखटाया' है। गोला की निराश्रित गायों और गोवंश की ओर से शहर के कांजी हाउस को लेकर एफआईआर दर्ज कराने को सीजेएम कोर्ट में अर्जी दी गई है। बुधवार को एक दिलचस्प मामला सामने आया, जब अदालत में निराश्रित गोवंश की ओर से अर्जी पहुंच गई। अधिवक्ता संतोष त्रिपाठी ने मुकदमे की अर्जी ही गायों की ओर से दी है। उन्होंने बताया कि गोला गोकर्णनाथ में गायों, गोवंश और अन्य पशुओं के लिए कांजी हाउस था। उस कांजी हाउस को तोड़वा कर उसकी जमीन को हड़पने और उस पर शॉपिंग काम्प्लेक्स बनवाने की तैयारी है।

कांग्रेस और उसके समर्थक नॉर्थ ईस्ट में कर रहे आग लगाने की कोशिश: मोदी

नई दिल्ली(ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के धनबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति के लिए ही कांग्रेस और उसके साथी नॉर्थ ईस्ट में भी आग लगाने की कोशिश कर रहे हैं। वहां भ्रम फैलाया जा रहा है कि बांग्लादेश से बड़ी संख्या में लोग आ जाएंगे। जबकि ये कानून पहले से ही भारत आ चुके शरणार्थियों की नागरिकता के लिए है। मैं नॉर्थ-ईस्ट और पूर्वी भारत के हर राज्य, हर जनजातीय समाज को आश्वस्त करना चाहता हूं। असम सहित नॉर्थ ईस्ट के अलग-अलग क्षेत्रों की परंपराओं, वहां की संस्कृति, वहां की भाषा को मान-सम्मान देना, उसे संरक्षण देना, उसे और समृद्ध करना, भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बाबू राम नारायण सिंह जी, जयपाल मुंडा जी और बिनोद बिहारी महतो जी, जैसे सेनानियों के संघर्ष को कांग्रेस ने सम्मान नहीं दिया। उनकी आवाज को दबाने के लिए भी छलकपट का सहारा लिया।

धनबाद में पीएम मोदी की रैली की खास बातें

मैं आज इस मंच से नॉर्थ ईस्ट के, विशेषकर असम के भाइयों-बहनों को, वहां के युवा साथियों को अपील करता हूं कि आप अपने इस सेवक पर, अपने इस मोदी पर विश्वास रखिए। मैं नॉर्थ ईस्ट के भाइयों बहनों की किसी परंपरा-भाषा-रहन सहन, संस्कृति पर आंच नहीं आने दूंगा।

आज जब ऐसे लाखों गरीब, प्रताड़ित, वंचित, शोषित, दलित परिवारों, सिख परिवारों को, ईसाई परिवारों को, भाजपा ने अपने वादे के अनुसार नागरिकता देने का कानून बनाया तो कांग्रेस और उसके साथी, उसका भी विरोध कर रहे हैं।

दस साल पहले जब अफगानिस्तान में तालिबान के हमले बढ़े, तो दर्जनों ईसाई परिवार भी किसी तरह अपनी जानकर बचाकर भारत ही आए थे। भारत इसलिए आए थे क्योंकि उनके भी पुरखे इसी धरती से जुड़े हुए थे। लेकिन इन लोगों का भारत में आने के बाद कांग्रेस की सरकार ने साथ नहीं दिया। जिस गरीबी, गंदगी और उपेक्षा की स्थिति में वो पाकिस्तान में थे, कांग्रेस की सरकारों ने यहां भी उनके साथ वही बर्ताव किया। लाखों साथी, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए। दशकों से वो भारत में रह रहे हैं। उनको राजनीति के लिए उपयोग तो किया गया, लेकिन उनको नागरिकता को लेकर सिर्फवादे मिले।

नागरिकता बिल: असम में तनावपूर्ण हालात, पुलिस कमिश्नर को हटाया

गुवाहाटी(ए.)। नागरिकता संशोधन विधेयक (कैब) के खिलाफ असम में तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं और हिंसक प्रदर्शनों का दौर जारी है। गुरुवार सुबह राजधानी गुवाहाटी में लोगों ने कर्फ्यू का उल्लंघन किया। राज्य में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए सेना ने फ्लैग मार्च किया है और पुलिस अधिकारियों का तबादला किया गया है। हिंसा को रोकने के लिए कुछ जगहों पर पुलिस को गोली भी चलानी पड़ी है। सीएम ने प्रदर्शनकारियों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

इंटरनेट पर 48 घंटे बढ़ा बैन

'कैब' के खिलाफ लगातार हो रहे प्रदर्शन के बाद गुवाहाटी में बुधवार रात अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया था। 4 स्थानों पर सेना के जवानों को तैनात किया गया है जबकि बुधवार को त्रिपुरा में असम राइफल्स के जवानों को तैनात भी किया गया था। बता दें कि पूर्वोत्तर में असम और त्रिपुरा में नागरिकता (संशोधन) विधेयक को लेकर अफरा-तफरी की स्थिति बनी हुई है। असम में इंटरनेट सेवाओं को अगले 48 घंटे के लिए और बैन कर दिया गया है।

संसद से नागरिकता संशोधन विधेयक पास होने पर शिवसेना ने क्या कहा

नई दिल्ली।(ए.) शिवसेना ने नागरिकता संशोधन विधेयक के राज्यसभा में पारित होने के बाद बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार पाकिस्तान की ओर से हो रही घुसपैठ के प्रयासों को नजरअंदाज कर रही है। शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' में कहा गया है कि शरणार्थियों को नागरिकता देने का वातावरण तैयार किया जा रहा है लेकिन सरकार पाकिस्तान की ओर से हो रही घुसपैठ के मुद्दे पर आंखें कब खोलेगी?

सामना में कहा गया है कि सरकार ने दावा किया था कि अनुच्छेद 370 को जम्मू-कश्मीर से खत्म करने के बाद हालात ठीक हैं लेकिन यह गलत साबित हुआ क्योंकि पाकिस्तान की तरफसे 84 बार घुसपैठ की कोशिश हुई और 59 आतंकवादी भारत में प्रवेश कर चुके हैं।

शिवसेना ने सोमवार को लोकसभा में इस विधेयक का समर्थन किया था और राज्यसभा में वोटिंग से पहले यह कहते हुए बहिर्गमन कर गई थी कि सरकार उसके सवालों का संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाई। शिवसेना ने कहा, यह चौंकाने वाला है कि सीमापार से बढ़ रही घुसपैठ के बारे में संसद में जानकारी देने के बाद भी इस पर कोई चर्चा या बहस नहीं हुई।

'सामना' में कहा गया कि जम्मू-कश्मीर से पांच अगस्त को अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद सरकार ने दावा किया था कि वहां हालात अच्छे हैं जो गलत साबित हुआ।

रेप पीड़िता के घर के बाहर लगे पोस्टर उन्नाव से भी बुरा हाल करने की धमकी

■ पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और पीड़िता को पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई गई

बागपत(ए.)। हाल ही में जिंदा जलाई गई उन्नाव रेप पीड़िता की मौत हो गई लेकिन इसके बाद भी यूपी में महिलाओं के खिलाफअपराध पर रोक नहीं लग रही है। अपराधी बेखौफघूम रहे हैं और पीड़िता को धमकी दे रहे हैं। ताजा मामला यूपी के बागपत से है जहां एक रेप पीड़िता के घर के बाहर आरोपियों ने पोस्टर लगाकर उन्नाव से भी बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दे डाली। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पीड़िता को सुरक्षा मुहैया कराई है।

पीड़िता के घर के बाहर लगे पोस्टर में लिखा है, 'अगर कोर्ट में गवाही दी तो उसका अंजाम बहुत ही बुरा होगा। उसका अंजाम उन्नाव से भी भयंकर हो सकता है।' मामले में बागपत एसपी ने कहा कि आरोपी सोहरन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दिल्ली के मुखर्जीनगर में हुआ था रेप

आरोपी को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, 'पीड़िता ने कहा कि घटना एक साल पहले हुई थी जब आरोपी सोहरन सिंह उसे एक दोस्त के घर ले जा रहा था। जहां ड्रिंक में ड्रग्स देकर उसके साथ रेप किया गया। आरोपी ने इसका विडियो बनाकर पीड़िता को ब्लैकमेल किया और फिर रेप किया।'

पंचकूला हिंसा में हुई मौतों का दोषी कौन हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार से पूछा

चंडीगढ़ जींद(ए.)। तीन दिनों तक पंचकूला को समर्थकों द्वारा बंधक बनाया गया और फिर हिंसा होते ही गोली चला दी गई। इसमें 40 लोगों की जान गई। जिम्मेदार कौन है? उच्च न्यायालय ने यह सवाल हरियाणा सरकार के समक्ष रखा है। यह भी स्पष्ट कर दिया कि पूरे प्रदेश में जितना नुकसान हुआ है उसकी भरपाई कौन करेगा? सुनवाई के बाद फैसला लिया जाएगा।

जस्टिस जैन ने कहा कि मांग को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने का सभी को अधिकार है, लेकिन उन तीन दिनों में समर्थक किस मांग को लेकर एकत्र हुए थे, सरकार को यह पता था। इसके बावजूद साध्वी यौन शोषण मामले में सीबीआई अदालत द्वारा 25 अगस्त, 2017 को डेरा मुखी को दोषी करार देने के बाद तीन दिनों तक पंचकूला को डेरा समर्थकों ने बंधक बनाए रखा। बाद में पुलिस को गोली चलाने को मजबूर होना पड़ा, जिसमे 40 की मौत हुई। इसके लिए जिम्मेदार कौन है। उच्च न्यायालय में इसे लेकर बहस शुरू हुई।

केस को लंबा नहीं खींचा जाएगा

जस्टिस राजीव शर्मा, जस्टिस आरके जैन एवं जस्टिस एजी मसीह की फुल बेंच ने साफकर दिया कि अब इस केस को और लंबा नहीं खींचा जाएगा। कोर्ट के सहयोगी वकील सीनियर एडवोकेट अनुपम गुप्ता को उच्च न्यायालय ने कहा कि वह डेढ़ दिन में अपनी दलीलें पूरी करें।

कश्मीर और लद्दाख में बर्फबारी के बाद ऑरेंज अलर्ट जारी

आज और कल दिल्ली में हो सकती है बारिश

नई दिल्ली (ए.)। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभावी होने के साथ ही दिल्ली में गुरुवार देर रात और शुक्रवार को बारिश हो सकती है। इसके चलते दिल्ली वालों को प्रदूषण धूलने व वायु संचार बेहतर होने की उम्मीद है। जिसके चलते शुक्रवार को वायु सूचकांक मध्यम श्रेणी में दर्ज किया जा सकता है। वहीं जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बुधवार को हल्की बर्फबारी हुई। रात के तापमान में भी इजाफा हुआ। मौसम विभाग ने दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में ऑरेंज चेतावनी जारी की है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से बृहस्पतिवार और शुक्रवार को यहां मध्यम से भारी बर्फबारी और बारिश का पूर्वानुमान है। दिल्ली के प्रदूषण में लगातार बढ़ोतरी जारी है। दिसबंर महीने में पहली बार बुधवार को

दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार बुधवार को दिल्ली का सूचकांक 408 रहा है, जो मंगलवार को दर्ज सूचकांक से 39 अधिक है। बुधवार को दिल्ली के प्रदूषण में पीएम 2.5 भी बढ़ोतरी के साथ 264 माइक्रो क्यूबिक घनमीटर और पीएम 10 भी 417 माइक्रो क्यूबिक घनमीटर दर्ज किया गया है। इससे पूर्व 16 नवंबर को पीएम 2.5 मात्रा 263 और पीएम 10 की मात्रा 416 माइक्रो क्यूबिक घनमीटर दर्ज की गई थी। पृथ्वी विज्ञान के संस्थान सफर के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभावी होने के साथ ही गुरुवार से दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार होना शुरू हो जाएगा। गुरुवार देर रात बारिश व शुक्रवार बारिश के साथ ही प्रदूषण धूलने व वायु संचार बेहतर होने की उम्मीद है। जिसके चलते शुक्रवार को वायु सूचकांक मध्यम श्रेणी में दर्ज किया जा सकता है।

घाटी से सभी उड़ानें रद्द

कश्मीर घाटी में घने कोहरे के चलते श्रीनगर हवाई अड्डे पर बुधवार को लगातार पांचवें दिन उड़ान परिचालन निलंबित रहा। घाटी से सभी उड़ानें रद्द कर दी गईं। भारतीय विमानपत्तनम प्राधिकरण के एक अधिकारी ने कहा कि हवाई अड्डे पर घने कोहरे से दृश्यता केवल 100 से 500 मीटर तक ही थी। जबकि विमान परिचालन के लिए आवश्यक निम्न दृश्यता 1000-1200 मीटर होनी चाहिए। इसलिए बुधवार की सभी उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। हवाई अड्डे पर पिछले छह दिनों से विमानों का परिचालन बुरी तरह प्रभावित है।

केदारनाथ में हल्की बर्फबारी

केदारनाथ में बुधवार शाम हल्की बर्फबारी हुई। सुबह से ही मुख्यालय सहित जिले के अनेक स्थानों पर आसमान में बादल छाए रहे। केदारनाथ धाम में दोपहर तीन बजे के बाद मौसम में और खराबी आई और सांय होते ही हल्की बर्फबारी हुई। उधर, आदिगुरू शंकराचार्य के समाधि स्थल के पुनर्निर्माण समेत अन्य कार्य चलते रहे। वुड स्टोन के टीम प्रभारी मनोज सेमवाल ने बताया कि बीते चार दिनों तक धाम में मौसम सुहावना था। जिस कारण कार्य तेजी से हो रहे थे, किंतु बुधवार को मौसम के खराब होने से ठंड बढ़ गई है। धाम में अधिकतम तापमान 10 डिग्री व न्यूनतम माइनस 4 डिग्री सेल्सियश दर्ज किया गया। रात को यहां पारा माइनस 10 तक गिर रहा है, जिससे कड़ाके की ठंड पड़ रही है। वहीं जिला मुख्यालय सहित जिले के अनेक स्थानों पर दिनभर मौसम खराब होता रहा।

मुगल रोड और श्रीनगर-लेह राजमार्ग बंद

जम्मू कश्मीर में ऊपरी इलाकों में ताजा हिमपात के कारण मुगल रोड और 434 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग को बुधवार को बंद करना पड़ा। यातायात विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ताजा हिमपात के कारण बांदीपुरा-गुरेज और कुपवाड़ा-तंगधार-करनाह सड़कों को भी बंद कर दिया गया है। कश्मीर को लद्दाख से जोड़ने वाली एकमात्र सड़क श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर सोनमार्ग-जोजिला दर्रे में हिमपात हो रहा है।

डेटिंग साइट से 'प्यार', लगी 73.5 रुपए लाख की चपत

नई दिल्ली (ए.)। डेटिंग साइट्स से प्यार' आपको महंगा पड़ सकता है। आपको बड़ी चपत लग सकती है। पिछले दिनों मुंबई के 79 साल के व्यक्ति को ई-डेटिंग फ्रॉड में 1.5 करोड़ रुपये की चपत लगी। इस व्यक्ति के साथ फ्रॉड एक विदेशी महिला ने किया, जिससे उनकी दोस्ती एक यूरोपियन सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म के जरिए हुई थी। अब 65 साल के एक व्यक्ति को डेटिंग साइट पर इनरॉल कराने के बहाने जालसाजों ने 73.5 लाख रुपये का चूना लगा दिया है।

जालसाजों ने ऐसे बनाया शिकार: जालसाजों ने इस मामले में Locanto डेटिंग सर्विसेज ऐंड स्पीड डेटिंग की मेंबरशिप ऑफर की। जालसाजों ने दावा किया कि वह मेंबर की चुनी गई लोकेशन पर डेट्स के लिए गर्ल्स भेजते हैं। व्यक्ति ने रजिस्ट्रेशन और दूसरी फीस का भुगतान कर दिया। लेकिन, जब उन्हें डेटिंग की सहूलियत नहीं मिली तो उन्होंने मेंबरशिप कैंसल करने की मांग की। लेकिन, जालसाजों ने बढ़ा-चढ़ाकर कैंसलेशन चार्ज मांगे। साथ ही, डेटिंग के लिए गर्ल्स की डिमांड करने के लिए उनके खिलाफपुलिस में शिकायत करने की धमकी दी गई। साथ ही, उस व्यक्ति को डराने और पैसे ऐंठने के लिए जालसाजों ने लीगल नोटिस भी भेजे।

कानूनी पचड़ों से बचाने के लिए जालसाजों ने उस व्यक्ति से पैसे मांगे। उस व्यक्ति ने भी सामाजिक प्रतिष्ठा गंवाने के डर से अलग-अलग बैंक खातों में 73.5 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।

■ न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री बघेल 13 को नई दिल्ली जाएंगे

रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 13 दिसंबर को नई दिल्ली जाएंगे। मुख्यमंत्री 13 दिसंबर को दोपहर एक बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से रवाना होकर 2.45 बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री यहां से छत्तीसगढ़ सदन आएंगे एवं यहां स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे और रात्रि विश्राम करेंगे।

टीपी बनर्जी के निधन पर सीएम ने जताया शोक

रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने टी.पी. बनर्जी के निधन पर गहरा दुखः व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार जनों को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। टी.पी. बनर्जी सेन्ट्रल क्रानिकल के वरिष्ठ पत्रकार श्री रतिकांत बनर्जी के पिता थे।

12 लाख रुपये, नहीं देने पर दी जान से मारने की धमकी

रायपुर (नवप्रदेश)। वाट्सअप पर 12 लाख रुपये की मांग कर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट शिक्षिका ने आजाद चौक थाने में दर्ज करायी है। मिली जानकारी के अनुसार केवट गली सिंधी स्कूल के पीछे रामसागरपारा निवासी रंजना मिश्रा 58 वर्ष पिता स्व. शिवप्रसाद मिश्रा को मोबाइल फोन पर किसी अज्ञात ने 10 दिसंबर को मोबाईल नंबर 1 (205) 636-9618 वाट्सअप पर 12 लाख रुपये की मांग किया गया है व रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दिया है।

दिसंबर में भी नहीं पड़ रही कड़ाके की ठंड

रायपुर, (नवप्रदेश)। दिसंबर माह में कल से पूस का महीना शुरू होने वाला है बावजूद इसके पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष दिसंबर में जैसी कड़ाकेदार ठंड पड़नी चाहिए वैसी ठंड नहीं पड़ रही है। आदिवासी दूरस्थ जिलों के जंगली इलाकों को छोड़ दे तो बाकी मैदानी भाग में ठंड के अभाव में लोग रात को घरों में पंखे एवं कूलर चला रहे हैं। ज्ञातव्य है कि ऋतु चक्र परिवर्तन के बाद भी ठंड नहीं पड़ना प्रकृति से छेड़छाड़ का नतीजा है। जहां मौसम विभाग देश के पहाड़ी क्षेत्रों में अगले दो दिनों में भारी ओला बारिश के बीच बर्फबारी की संभावना जता रहा है। वहां न्युनतम तापमान अभी भी अन्य वर्षों के मुकाबले सामान्य स्थिति में ही है।

कन्सोल इंडिया और संवाद कार्यालय के बीच सांठ-गांठ का खुलासा

मुंहमांगे दाम पर बल्क एसएमएस टेंडर में बड़ी अनियमित्ता

ईओडब्ल्यू की जांच में आपराधिक षड़यंत्र का पर्दाफाश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। पूर्ववर्ती सरकार की सबसे पसंदीदा कन्सोल इंडिया कंपनी पर ईओडब्ल्यू ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। कन्सोल इंडिया और इसे संवाद व जनसंपर्क कार्यालय के अफसरों व्दारा सांठ-गांठ कर आपराधिक षड़यंत्र कर बल्क एसएमएस की निविदा में गड़बड़ी करने का पर्दाफाश हो चुका है। नतीजतनक निविदा में बड़ी और गंभीर चूक कर ठेका दिये जाने वाले तात्कालीन जनसंपर्क अधिकारियों और कन्सोल इंडिया के जिम्मेदारों पर जल्द ही शिकंजा कसने वाला है।

ईओडब्ल्यू के मुताबिक जनसंपर्क व संवाद कार्यालय व्दारा कार्यों में कार्यादेश जारी किये गए लेकिन उन्हीं कार्यों में अन्य एजेंसी को कोई कार्य नहीं दिया गया। जबकि दूसरी एजेंसियां उक्त कार्य को कन्सोल की कार्य राशि से कम थी। उच्चतम दर वाली मेसर्स कन्सोल इंडिया जिस बल्क एसएमएस का काम कर रही थी, उसी कार्यों को न्यूनतम दर(एल-1)में कार्य करने और इन्पैनलमेंट हेतु तीनों फर्मों को सहमति प्रदान करने सूचित किया गया। न्यूनतम दर पर कार्य करने से उस वक्त कन्सोल ने काम करने से इंकार कर दिया गया था। नियमतया तय दर पर फिर अन्य एजेंसियों को काम दिया जाना था। परंतु छग.संवाद द्वारा बल्क एसएमएस एवं वाईस कॉल कैटेगरी में तीनों फर्मों को तथा एम.एम.एस. कैटेगरी में दो फर्मों को इन्पैनलमेंट किया जाना प्रस्तावित किया गया। उक्त प्रस्ताव पर नियमानुसार तीनों कैटेगरी (आईटम) में इन्पैनलमेंट किया जा सकता था। लेकिन संवाद छग. के अधिकारियों द्वारा इस पर सहमति व्यक्त न करते हुए बल्क एम.एम.एस. के लिये हेतु पुनः निविदा आमंत्रण (रिटेण्डर) का आदेश किया जो नियमानुसार सही नहीं था। कन्सोल इंडिया एवं संवाद/ जनसंपर्क कार्यालय रायपुर छग के अधिकारियों के विरूद्ध ईओडब्ल्यू. में बल्क एमएमएस की निविदा में आपराधिक षडयंत्र कर शासन को हानि पहुंचाने के आरोप में अपराध कमांक / 2019 धारा सी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथासंशोधित (संशोधन) अधिनिमय 2018 एवं धारा 420, 120 बी भा. द. वि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

ठेके में कब, क्या हुआ था

बल्क एसएमएस, वाईस कॉल तथा बल्क एमएमएस हेतु निविदा क्रमांक 10223 दिनांक 25.11.2016 को नियमानुसर एवं निर्धारित प्रकिया के अनुरूप जारी की गई। मेसर्स कन्सोल इंडिया की दरें उच्चतम थी। न्यूनतम दर (एल-1) पर कार्य करने तथा इन्पैनलमेंट हेतु तीनों फर्मों को सहमति प्रदान करने हेतु सूचित किया गया। बल्क एसएमएस वाईस कॉल हेतु मेसर्स विवा कनेक्ट प्रा लि. मुंबई नेट एक्सल प्रा लि. हैदराबाद एवं कन्सोल इंडिया को इम्पैनलमेंट किया गया था। किन्तु इस कार्य हेतु भी वित्तीय वर्ष 2016 - 17, 2017-18 एवम् 2018-19 में केवल कंसोल इंडिया को कार्यादेश जारी कर लगभग 2,51,12,224 रूपए का भुगतान किया गया है जो संवाद/ जनसंपर्क कार्यालय रायपुर छग का अधिकारियों एवं कंसोल इंडिया के मध्य आपराधिक षडयंत्र तथ्यों की पुष्टि करता है।

बेवफाई, फिर टिक-टॉक वीडियो से आशिक बना वहशी कातिल

लीव इन से पनपा प्यार शादी में तब्दील, फिर युवती ने कर दी दगा

■ पुलिस वारदात तो रोक नहीं पाई लेकिन 48 घंटे में कातिल किए गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। ईश्क और मुश्क का ऐसा खूनरेजी अंजाम होगा इसका अंदाजा शायद किसी को न था। रायगढ़ की मंजूलता सिदार कमउम्र में ही मोहल्ले के सैफ से बेइंतहा मोहब्बत करने लगी थी। पढ़ाई के दौरान वह उसके साथ लीव-इन-रिलेशन में भी रही और दोनों की मोहब्बत परवान चढ़ी तो हलफनामा देकर दोनों ने शादी भी कर लिए। जवानी में उनके इस आशिकाना अंदाज का राज भी सोशल मीडिया के जरिए फाश हुआ। तर्रा यह कि मोहब्बत की बेवफाई का पर्दाफाश भी सैफ को सोशल मीडिया के एक कथित टिक-टॉक वीडियो से हुआ। हलफनामे वाली शादी, लंबे वक्त तक साथ में रहने के बाद महज घरवालों के दबाव में सैफ को भूलाकर रायगढ़ से रायपुर नर्सिंग की पढ़ाई करने पहुंची मनीषा एक अन्य मित्र संग रहने लगी। दोनों का कथित टिक-टॉक वीडियो देखकर सैफ दिलजला बन गया। उसे शक हुआ और वह बदले की आग में अपनी ही माशूका का कत्ल करने की ठान दो दोस्तों संग रायपुर पहुंच गया। राजधानी में दिनदहाड़े टिकरापारा इलाके में हुए दो युवतियों के कत्ल से पुलिस भी सकते में थी। पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज और खासी मशक्कत के बाद कत्ल के 48 घंटे बाद ही कातिलों की मुश्कें कसने में कामयाब हुई। एसएसपी शेख आरिफ हुसैन ने पूरी वारदात का खुलासा आज किया। तीनों आरोपियों ने पुलिस को खूब छकाया और कत्ल करने के फौरन बाद ही भिलाई, दुर्ग फिर लगातार 48 घंटे में सभी चंद घंटों में ही जगह बदलते रहे। इसलिए भी पुलिस को उनतक पहुंचने में खासी मशक्कत करना पड़ा। आखिरकार कात्ल के तीनों आरोपियों को पुलिस ने सतना मैहर मध्यप्रदेश से सैफ तो दूसरे साथी गुलाम मुस्तफा उर्फ काली को पेंड्रा से गिरफ्तार किया। जबकि घटना में शामिल एक अपचारी साथी(नाबालिग)को पुलिस ने रायगढ़ से गिरफ्तार किया।

पैसा और कत्ल की योजना बना चुका था सैफ

जानकारी के मुताबिक बेवफाई का पूरा किस्सा सैफ ने दोनों दोस्तों को सुनाया। नाबालिग साथी को कत्ल के दौरान बाहर नजर रखने के लिए 15 हजार रुपए देने का वादा तो कत्ल में मददगार बनाकर लाने के लिए काली उर्फ गुलाम मुस्तफा को 7 लाख रुपए का लालच देकर लाया था। पुलिस के मुताबिक मंजू के प्यार और बेवफाई में पागल सैफ ने रायगढ़ से रायपुर सिर्फ कत्ल करने ही आया था। दोनों ने आर्य समाज मंदिर में शादी भी की थी। सैफ ने शादी के बाद अपना नाम फेसबुक पर भी बदलकर सैफ मंजू खान कर लिया था। इस घटना को गुजरे 2 साल गुजर चुके थे।

वारदात तो नहीं रोक पाए पर कातिलों को पकड़ने का मिला ईनाम

दिनदहाड़े राजधानी रायपुर के टिकरापारा गोदावरी नगर में मंगलवार दोपहर 12 बजे दो कॉलेज छात्राओं की हत्या से पुलिस और मोहल्ले वाले सकते में थे। हालाकि वारदात तो पुलिस नहीं रोक पाई लेकिन हत्याकांड का महज 48 घंटे में खुलासा करने और कातिलों के गिरेबान तक वो पहुंच गई। इसलिए पुलिस की टीम वर्क और तेज चाल में काम को देखकर आईजी रायपुर रेंज आनंद छाबड़ा और एसएसपी आरिफ शेख ने जांच टीम की हौसला अफजाई करते हुए 40 हजार रुपए का नकद ईनाम देने का ऐलान किया है।

काश 15 मिनट लेट होते तो बच सकती थी दोनों

बताते हैं कि मृतका मंजूलता सिदार और उसकी बहन मनीषा सिदार दोनों कॉलेज जाने की तैयारी कर चुके थे। तैयार होकर वे खाने की मेज पर थाली लगा चुके थे। तभी खाने की मेज पर बैठी मंजू के पास सैफ पहुंचा और उसे कमरे में खींचकर बात करने के बहाने ले गया और हत्या किया। तभी उसकी मदद के लिए बहन मनीषा चिल्लाकर मदद मांगने लगी तो सबूत खत्म करने की नियत से उसे भी गुलाम मुस्तफा उर्फ काली और सैफ ने कमरा बंद कर रोटियां बनाने वाले तवे से एक ही वार में काम तमाम कर दिया। कमरे में जब दोनों कातिल वारदात को अंजाम देने वहशियाना अंदाज में थे तब बाहर गेट पर नाबालिग अपचारी साथी पहरेदारी कर रहा था। बताते हैं कि अगर 10 से 15 मिनट लेट पहुंचता सैफ तो दोनों बहनें कॉलेज रवाना हो चुकी होती और वे इस हत्याकांड से बच जातीं।

राजधानी में दोहरे मर्डर का खुलासा

प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था कायम करने में कांग्रेस विफल : कौशिक

रायपुर,(नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता धरमलाल कौशिक ने राज्य में कानून व्यवस्था विफल होने का दावा करते हुए इसके लिए कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। श्री कौशिक ने आज यहां एकात्म परिसर में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में चारों ओर अपराधों में हो रहे इजाफे से प्रदेश इन दिनों अपराधगढ़ में तब्दील हो गया है।

उन्होंने कहा कि अपहरण, लूट, हत्या, डकैती एवं अनाचार की घटनाओं में हो रही वृद्धि कांग्रेस सरकार की सुरक्षा व्यवस्था कायम करने पर बड़ा सवालिया निशान लगाती है। महिलाएं एवं युवतियां प्रदेश में सुरक्षित नहीं है। दो दिन पूर्व गोदावरी नगर में दो बहनों की हत्या से यह स्पष्ट हो गया है कि अपराधियों को पुलिस का खौफ नहीं है। पत्रकारवार्ता में कौशिक ने कहा कि जिस तरह से कन्या छात्रावास में अपराधि घुसे उसकी खबर पुलिस को मिलने के बाद भी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संज्ञान नहीं लिया। जिसके कारण अपराध घटित हुआ। बलरामपुर में हत्या के बाद जली हुई लाश का मामला हो या फिर अन्य जिले का हर जगह अपराधी खुले आम सड़कों पर घुमकर अपराध को अंजाम दे रहे हैं। श्री कौशिक ने पत्रकारवार्ता में बताया कि हाल ही में उन्होंने बलौदाबाजार एसपी एवं बिलासपुर एसपी को दो अलग-अलग अनाचार की घटनाओं में कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। 2017 के मुकाबले राजधानी में 2019 में 20 की तुलना में 80 प्रतिशत हत्या के मामले विभिन्न थानों में दर्ज किए गए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 37 हजार 954 मामले वर्ष 2019 में प्रदेश भर के थानों में दर्ज किए गए हैं। ऐसे अनेक मामले हैं जो थानों तक नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि यदि आंकड़े की बात करें तो राजधानी रायपुर अपराधों के मामलों पर पहले नंबर पर हैं। कौशिक ने कहा कि अपराधियों पर पुलिस का नियंत्रण क्यों नहीं है।

धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को धान ले जाने में हो रही परेशानी, पुलिस रास्ते में गाड़ियां कर रही जब्त

'बिहान' एवं 'रूर्बन' में भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 16 एवं 17 को

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) में ट्रेनिंग- कम- लॉजिस्टिक कोऑर्डिनेटर तथा रूर्बन मिशन में विशेषज्ञ और डॉटा एंट्री ऑपरेटर-सह-लेखापाल के पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा, समूह चर्चा, व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षण 16 एवं 17 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी। वरीयता के आधार पर पात्र उम्मीदवारों की सूची और पदानुसार योग्यता परीक्षण कार्यक्रम 'बिहान' की वेबसाइट पर जारी की गई है। योग्यता परीक्षण के लिए अभ्यर्थियों को अलग से बुलावा पत्र नहीं भेजा जाएगा। उम्मीदवारों को अपने सभी दस्तावेजों की मूल प्रति और स्वप्रमाणित छायाप्रति के एक सेट के साथ निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। सभी पदों के लिए योग्यता परीक्षण ग्रामीण संपर्क-सह-अनुसंधान केन्द्र झांझ, सेक्टर-24, अटल नगर, नवा रायपुर में होगा। रूर्बन मिशन में डॉटा एंट्री ऑपरेटर-सह-लेखापाल के लिए 16 दिसम्बर को सवेरे 10 बजे कौशल परीक्षा आयोजित की गई है।

पात्र उम्मीदवारों की सूची और योग्यता परीक्षण कार्यक्रम 'बिहान' की वेबसाइट पर अपलोड

ग्रामीणों ने सरकारी भूमि पर किया कब्जा

रायपुर(नवप्रदेश)। राईस मिल के सामने नजूल की भूमि पर कब्जा कर आवाजाही प्रभावित करने का मामला ग्राम दोंदेकला पचेड़ा रोड जिला रायपुर का जानकारी में आया है। राईस मिल प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी राईस मिल के सामने 25 से 20 फीट सरकारी भूमि पर कुछ लोगों ने 2 से 3 किलोमीटर तक अवैध कब्जा कर लिया है। चुनाव आचार संहिता का लाभ उठाते हुए ग्रामीण हमारी राईस मिल के आसपास भूमि पर कब्जा कर आवाजाही प्रभावित कर रहे हैं। कब्जे का मुख्य उद्देश्य हमारे राईस मिल के व्यावसाय को प्रभावित करना है। बारिश का पानी भी उक्त कब्जा की गई जमीन से ही निकलता है। मार्ग अवरूद्ध करने से रोकने पर कब्जाधारियों द्वारा जबरिया विवाद किया जा रहा है।

नसीहत | राज्यपाल भारतीय कृषि विश्वविद्यालय संघ के 44वें वार्षिक कुलपति सम्मेलन में शामिल हुई

कृषि को व्यवसाय के रूप में अपनाए युवा : राज्यपाल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज स्नातक कृषि शिक्षा में पुनर्विचार विषय पर आयोजित भारतीय कृषि विश्वविद्यालय संघ के 44वें वार्षिक कुलपति सम्मेलन में शामिल हुई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दिनों दिन बढ़ रही आबादी की तुलना में रोजगार के अवसर उतने नहीं बढ़ रहे हैं, ऐसे में कृषि ही एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें बड़ी संख्या में रोजगार का निर्माण किया जा सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि कृषि को व्यवसाय के रूप में अपनाने युवाओं को प्रेरित किया जाए, जिससे कृषि को उद्योग के रूप में परिवर्तित किया जावे।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे परम्परागत और पुराने बीजों का संरक्षण किया जाना चाहिए। जैविक खेती का प्रचलन बढ़ रहा है, इसे अधिक से अधिक अपनाना चाहिए। हमारे आदिवासी क्षेत्रों में कोदो-कुटकी की खेती होती रही है, अब उन्हें बहुराष्ट्रीय कंपनिया अच्छे दामों में खरीद रही हैं, यह कभी गरीबों का भोजन हुआ करता था, आज बड़े-बड़े होटलों में इनकी मांग बढ़ रही है। मेरा सुझाव है कि आदिवासी क्षेत्रों में बोए जाने वाले इस तरह के फसलों को प्रोत्साहित करें। इससे हमारा आदिवासी समाज कृषि के क्षेत्र में प्रगति कर पाएगा।

सुश्री उइके ने पुराने समय के याद साझा करते हुए कहा कि मेरी भी कृषि में रूचि है और मैंने अपने गृह जिले में एक छोटा सा फार्म हाऊस विकसित किया है, जिसमें मैं खेती करती थी और बड़ी मात्रा में शिमला मिर्च और अन्य सब्जियों का उत्पादन करती थी। आज इतनी अच्छी तकनीक आ गई है कि विद्यार्थी इन्हें अपनाकर कृषि कार्य करें तो कृषि को मुनाफे का व्यवसाय के रूप में अपना सकते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि अब समाज, देश एवं कृषि की आवश्यकताएं पूरी तरह से बदल गई है। जो आवश्यकताएं कुछ दशकों पहले थी एवं जिसके अनुरूप वर्तमान स्नातक कृषि शिक्षा प्रणाली तैयार की गई है, वह अब शायद समकालीन नहीं रह गई है। हम अपने स्नातक स्तर की शिक्षा पद्धति को आज की परिस्थितियों के अनुसार इसमें प्रभावी बदलाव करें, जिससे समाज और देश की आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके। राज्यपाल ने कहा कि आने वाले समय में कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ इस व्यवसाय को और अधिक लाभप्रद बनाना होगा। इस हेतु हमें प्रशिक्षक मानव संसाधन को कृषि एवं कृषि आधारित उद्योगों में लाना होगा एवं यदि हम 80 प्रतिशत कृषि स्नातकों को इस क्षेत्र में ला सकें तो कृषि, समाज एवं देश की कई समस्याओं का समाधान किया जा सकता। साथ ही छात्र स्नातक शिक्षा समाप्त करने के साथ ही कृषि एवं कृषि आधारित उद्योग प्रारंभ करने के योग्य हो जावे। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. एस.के.पाटिल तथा अन्य विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित थे।

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर प्रदेश में होंगे विविध आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर 24 दिसम्बर को प्रदेश में उपभोक्ताओं की जागरूकता के लिए समारोह, रैलियां, कार्यशाला, सेमिनार आदि गतिविधियां आयोजित की जाएगी। खाद्य विभाग के सचिव सह आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह द्वारा राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र भेज कर राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर उपभोक्ता जागरूकता के लिए विभिन्न आयोजन करने को कहा गया है। उन्होंने इस संबंध में आम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक करने के लिए शासन के साथ-साथ सभी शासकीय एजेंसियों, स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों, शैक्षिक संस्थाओं, मीडिया तथा अन्य संबंधित संस्थानों को शामिल कर जिले में बैठक, समारोह, रैलियां और विभिन्न प्रतियोगिता, कार्यशाला, सेमिनार आदि गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। उपभोक्ता दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से नकली दवाओं तथा वस्तुओं अपमिश्रित खाद्य उत्पादों के चिन्हों की पहचान करके अपमिश्रण और नकली उत्पादों का पता लगाने के लिए सरल तरीकों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही अपमिश्रण नकल उत्पादों के प्रचलन पर जानकारी देने वाले पाम्पलेट, हैण्ड बिल, पोस्टरों के रूप में निःशुल्क साहित्यों का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा कन्ज्यूमर क्लबों के माध्यम से स्कूली छात्रों के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी देना और जिला उपभोक्ता फोरम द्वारा उपभोक्ता विवादों से संबंधित महत्वपूर्ण आदेशों का प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से समुचित प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

संपादकीय

अर्थशास्त्रियों की नजर में गरीबी

दुनिया में बढ़ती गरीबी पर नोबल पुरूस्कार से सम्मानित विश्व के प्रमुख अर्थशास्त्रियों अभीजीत बेनर्जी, माईकल क्रेमर और एस्टर डुप्लो ने कहा है कि गरीबी के खिलाफ लड़ाई कैंसर से लड़ने के समान है। इसे एक बार में किसी बड़े युद्ध में नहीं जीता जा सकता। बल्कि इसके लिए छोटी छोटी लड़ाईयां जीतना जरूरी है। इन अर्थशास्त्रियों का मत है कि विश्व स्तर पर गरीबी उन्मुलन के लिए प्रयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने के बाद ही उनकी यह धारना बनी है। वास्तव में दुनिया में बढ़ती गरीबी एक गंभीर चिंता का विषय बन गई है। खासतौर पर विकासशील देशों में गरीबी उन्मुलन एक बड़ी चुनौती बन गई है। अनेक देशों में तो भुखमरी के हालात निर्मित हो गए है। गरीबी उन्मुलन के लिए इन विश्व विख्यात अर्थशास्त्रियों की सलाह पर अमल करने की जरूरत है। छोटी-छोटी लड़ाईयां जीत की ही गरीबी के खिलाफ जंग में जीत हासिल की जा सकती है। जहा तक भारत का सवाल है तो आजादी के सात दशकों के बाद भी यहां एक तिहाई आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने के लिए विवश है। ऐसा नहीं है कि यहां की सरकारों ने गरीबी उन्मुलन के लिए कोई प्रयास नहीं किए किन्तु जो भी प्रयास हुए है वे ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। गरीबी उन्मुलन के लिए हर सरकार ने कोशिश की लेकिन मर्ज बढ़ता ही गया ज्यों ज्यों दवा की। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने तो गरीबी हटाओं का नारा दिया था जो बेहद लोकप्रीय हुआ लेकिन देश से गरीबी हट नहीं पाई। सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं गरीबों के हितों को ही ध्यान में रख कर बनाई जाती है। बीपीएल परिवारों को रियायती दरों पर अनाज मुहैया कराने से लेकर निःशुल्क उपचार निःशुल्क शिक्षा और निःशुल्क आवास जैसी तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है ताकि लोग गरीबी के अभिशाप से मुक्त हो सके। किन्तु इन तमाम कोशिशों के बावजूद गरीबी हटने का नाम नहीं ले रही है। इसका मतलब साफ है कि गरीबों के लिए बनी योजनाओं का लाभ गरीबों तक या तो पहुंच ही नहीं पा रहा है या फिर उनके हिस्से में डंडी मारी जा रही है। आज जरूरत इस बात की है कि गरीबों के लिए बनने वाली योजनाओं और कार्यक्रमों का इमानदारी से क्रियान्वयन किया जाए। फर्जी गरीबों को इसका लाभ उठाने से रोका जाए। तभी गरीबी उन्मुलन मे सफलता मिल पाएगी।

विचार

फिर आरक्षण का अंधा कानून

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

संसद ने कल सर्वानुमति से आरक्षण विधेयक पारित कर दिया। सदन में उपस्थित 352 सदस्यों में से एक की भी हिम्मत नहीं हुई कि इस आरक्षण का विरोध करे। अब 10 साल के लिए नौकरशाही के पैर में बेड़ियां फिर से डाल दी गई है। 70 साल से चल रहे इस आरक्षण का मेरे जैसे लोगों ने 40-50 साल पहले तक डटकर समर्थन किया था। जब प्रधानमंत्री विश्वनाथप्रतापसिंह ने पिछड़ों को आरक्षण दिया, तब तक हम यह नारा लगाते रहे कि ''हम सबने बांधी गांठ। पिछड़े पावे सौ में साठ।।'' याने सरकारी नौकरियों में अनुसूचितों और पिछड़ों को जमकर आरक्षण दिया जाए ताकि उन पर सदियों से चलते रहे अत्याचार की हम कुछ हद तक भरपाई कर सकें। कई पार्टियों द्वारा आयोजित विशाल जन-सभाओं को भी मैं उन दिनों संबोधित करता रहा लेकिन अब मैं यह अनुभव करता हूं कि सरकारी नौकरियों में से आरक्षण एक दम खत्म किया जाना चाहिए। संसद के सभी सदस्यों द्वारा चली गई यह भेड़चाल बताती है कि हमारे सांसदों को कोई भी कानून बनाते समय जितनी अक्ल लगानी चाहिए, वे नहीं लगाते। यदि कुछ सांसद इस आरक्षण का विरोध करते तो क्या उन्हें संसद से निकाल दिया जाता ? मैं तो समझता हूं कि आरक्षित सीटों से जीते हुए सांसदों को इस आरक्षण का सबसे पहले विरोध करना चाहिए, क्योंकि यह आरक्षण उनके वर्ग में 'मलाईदार परते' तैयार कर रहा है। अनुसूचितों और पिछड़ों का यह मलाईदार वर्ग मुश्किल से 10 प्रतिशत भी नहीं है। इस वर्ग के लोग आरक्षित पदों पर पीढ़ी दर पीढ़ी कब्जा करते चले जा रहे हैं। जो सचमुच गरीब हैं, वंचित हैं, पिछड़े हैं, असहाय हैं, निरुपाय हैं, वे अब भी वैसे ही हैं, जैसे सदियों पहले थे। उनके बच्चों को न पढ़ने की सुविधा

टेक ज्ञान

अब 3 तीन में पोर्ट होगा मोबाइल नंबर

नई दिल्ली। मोबाइल नंबर को पोर्ट कराने का तरीका अब बदलने वाला है। टेलिकॉम रेग्युलेटरी अथॉरिटी ऑफइंडिया (ट्राई) नंबर पोर्ट करने के लिए नए नियम लागू करने वाली है। नए नियम के तहत नंबर पोर्ट करने के लिए यूनीक पोर्टिंग कोड जेनरेट करने की जरूरत पड़ेगी। 16 दिसंबर से नए नियम लागू होने के बाद एक सर्विस एरिया के यूजर तीन कामकाजी दिन में अपने नंबर को पोर्ट कर सकेंगे। वहीं, एक सर्कल से दूसरे सर्कल में नंबर पोर्ट कराने के लिए 5 कामकाजी दिन का वक्त लगेगा। UPC जेनरेट होना कई शर्तों पर निर्भर करेगा ट्राई ने मंगलवार को जारी किए गए पब्लिक नोटिस में कहा, 'ट्राई ने मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की प्रक्रिया को बदल दिया है। अब यूनीक पोर्टिंग कोड तभी जेनरेट होगा जब यूजर नंबर को पोर्ट कराने योग्य होंगे।' ट्राई के नए नियम के आने के बाद यूनीक पोर्टिंग कोड का जेनरेट होना कई शर्तों पर निर्भर करेगा।

दुष्कर्म पीड़िताओं को मिले त्वरित इंसाफ

रमेश सर्राफ

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भी महिला सुरक्षा पर गंभीर चिंता जताई है। राजस्थान में एक कार्यक्रम में बोलते हुये उन्होंने कहा पॉक्सो एक्ट के तहत दुष्कर्म के दोषियों को दया याचिका दायर करने का अधिकार नहीं होना चाहिए। संसद को दया याचिकाओं के इस विषय पर संविधान संशोधन के बारे में विचार करना चाहिए। संविधान ने दया याचिका का अधिकार दिया है। लेकिन पॉक्सो एक्ट के दोषियों को ऐसे किसी भी अधिकार की जरूरत नहीं है। भारत में कई कानून बनने के बाद भी दुष्कर्म की घटनाये लगातार जारी हैं। रोजाना अलग-अलग राज्यों से बलात्कार होने की खबरें आती रहती हैं। एक सभ्य समाज के लिए यह चिंता का विषय होना चाहिए।

हैदराबाद में महिला पशु चिकित्सक के साथ बलात्कार कर उसे जिंदा जलाने के मामले में गिरफ्तार चारों आरोपियों की पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गई है। बलात्कार के आरोपियों कि पुलिस एनकाउंटर में मौत को लेकर विभिन्न तरह के सवाल उठ सकते हैं। लेकिन चारों बलात्कारियों की पुलिस एनकाउंटर में मारे जाने की खबर के बाद देशभर में जो प्रतिक्रिया हुई है वह हमारी कानून व्यवस्था व न्यायपालिका के समक्ष एक गंभीर सवाल खड़ा करती है। देशभर में लोगों ने पुलिस एनकाउंटर की तरफ्दारी करते हुए उसे जायज ठहराने की बात कही है। लोगों का कहना है कि पुलिस ने चारों बलात्कारियों का एनकाउंटर कर अपराधियों में डर का माहौल पैदा किया है। पुलिस की इस कार्यवाही की सराहना की जानी चाहिए। सोशल मीडिया पर देश भर से लोग पुलिस के पक्ष में खुलकर समर्थन जता रहें हैं। पुलिस एनकाउंटर सही था या गलत यह तो न्यायिक जांच का विषय हैं। लेकिन पुलिस हिरासत में जिस तरह से चारों बलात्कार के आरोपी मारे गए हैं। उस पर देश की जनता ने जो प्रतिक्रिया दी है उसे देखकर तो यही लगता है कि हमारे देश की कानून व्यवस्था बहुत धीमी गति से चल रही है। आधुनिक तकनीकी वाले इस दौर में देश के लोग चाहते हैं कि अपराधियों को सजा देने में लंबा समय नहीं लगाया जाना चाहिए। लोगों का मानना है बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के दोषियों को अविलम्ब कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

देश के कई राज्यों ने नाबालिग बालिकाओं के साथ बलात्कार करने के दोषी व्यक्ति को फांसी देने का कानून भी बनाया है मगर आज तक एक भी बलात्कारी को फांसी की सजा नहीं हो पाई है। आज से 7 वर्ष पूर्व दिल्ली में निर्भया बलात्कार कांड के आरोपियों को फांसी की सजा सुनाने के बावजूद उन्हे अभी तक फांसी के फंदे पर नहीं लटकाया ला सका है। राजस्थान के अलवर में 7 महीने की बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी को फांसी की सजा सुनाई गई है। बाड़मेर के जिला न्यायालय मे एक 12 साल की मासूस से सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के दो आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई गई है। मगर अभी तक एक भी दोषी को फांसी पर नहीं लटकाया जा सका है। जिससे

अपराधियों में डर व्याप्त नहीं हो पाया है। इससे देश के लोगों में कानून व्यवस्था के प्रति निराशा का भाव पैदा होता है। उसी की प्रतिक्रिया में लोग हैदराबाद पुलिस के एनकाउंटर को सही ठहराने का प्रयास कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में एक रेप पीड़ित लड़की को अभियुक्तों ने जिंदा जलाकर मारने की कोशिश की है। लड़की की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गयी है। पीड़ित लड़की का शरीर आग में 90 फीसदी तक झुलस चुका था। लड़की का कसूर यह था कि उसने बीते मार्च महीने में अपने साथ हुए गैंगरेप की पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवा दी थी। लड़की उसी मुकदमे के सिलसिले में रायबरेली जा रही थी। स्टेशन जाते समय पांच लोगों ने रास्ते में उसे पकड़ लिया और पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश की। अभियुक्त कुछ दिन पूर्व ही जेल से जमानत पर बाहर आए थे। यदि मुजरिमो को तुरंत सजा मिल जाती तो वो जेल से बाहर आकर इस तरह का जघन्य अपराध नहीं कर पाते। मगर सामूहिक बलात्कार के आरोपी को भी कोर्ट से जमानत मिलना यह सवाल खड़ा करता है ऐसे अपराधियों को जमानत कैसे मिल जाती है। राजस्थान के टोंक जिले के अलीगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में पहली कक्षा में पढ़ने वाली 6 साल की मासूम से एक व्यक्ति ने बलात्कार कर उसका गला घोट कर हत्या कर दी। बलात्कारी ने भेद खुलने के डर से उस मासूम का इतने दर्दनाक तरीके से गला दबाया कि उसकी आंखें भी उबल कर बाहर निकल आई। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कह रहे हैं कि अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। लेकिन अन्य किसी मासूम के साथ ऐसी घटना की पुनरावृति ना हो इस बाबत कुछ भी कहने से उन्होने कन्नी काट ली।

देश में आये दिन हो रही बलात्कर की घटनायें कब रुकेगी इसका सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। जवाब के नाम पर राज्य सरकारें आंकड़ा गिनाने लगती हैं कि अब हमारे राज्य में ऐसी घटनाये कम हो रही हैं। भारत में कहा जाता हैं कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः यानि जहां पर स्त्रियों की पूजा होती है, वहां देवता रमते हैं। मगर इसके उलट हमारे समाज में हर रोज, हर घंटे महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ते जा रहे हैं। विडम्बना यह है कि अन्य स्थानों के साथ-साथ स्कूलों तक में ऐसे अपराध हो रहे हैं।

आज कल देश में दुष्कर्म की ऐसी ऐसी घटनाए सामने आ रही है की आम आदमी का इंसानियत पर से विश्वास ही खत्म हो रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के ताजा आंकड़ों के मुताबिक महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दोगुने से भी ज्यादा हो गए हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के 2017 के आंकड़े साफ दर्शाते हैं कि दुष्कर्म और यौन शोषण के मामलों में बेहद बढ़ोतरी हुई है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में लगातार तीसरे साल भी वृद्धि देखने को मिली है। हाल ही में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने देश में हुए अपराध के वर्ष 2017 के नवीनतम आंकड़े जारी किए हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक देश भर में वर्ष 2017 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के तीन लाख 59 हजार 849 मामले दर्ज किए गए। 2016 में तीन लाख 38 हजार 954 मामले दर्ज किए गए थे। वहीं 2015 में तीन लाख 29 हजार 243 मामले दर्ज किए गए थे। इन अपराधों में हत्या, बलात्कार, दहेज हत्या, आत्महत्या के लिए उकसाना, एसिड हमले, महिलाओं के खिलाफ क्रूरता और अपहरण आदि शामिल हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक अधिकतम मामले उत्तर प्रदेश 56,011 में दर्ज किए गए। उसके बाद महाराष्ट्र में 31,979 मामले, पश्चिम बंगाल में 30,992, मध्य प्रदेश में 29,778, राजस्थान में 25,993 और असम में 23,082 मामले दर्ज किए गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक 2017 में भारत में 32,559 बलात्कार के मामलों की रिपोर्ट दर्ज हुयी थी जिनमें मध्य प्रदेश में 5 हजार 562 बलात्कार के मामले दर्ज किये गये। बारह साल से कम उम्र की बच्चियों से दुष्कर्म के दोषियों को मौत की सजा का बिल आपराधिक कानून (संशोधन) विधेयक 2018 संसद से पारित हो गया है।

कमलनाथ सरकार का एक साल

एल. एस. हरदेनिया

पीसीसी मीडिया विभाग के चेयरपर्सन शोभ ओझा ने ट्वीट किया, फशिवराज सिंह चैहान एक विरोध प्रदर्शन करके राजनीतिक लाभ हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उन्हें पहले यह बताना चाहिए कि बलात्कार के मामलों में एमपी कैसे 1 नंबर राज्य बन गया और कैसे उनकी सरकार ने महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बलात्कारियों और हत्यारों की रक्षा की?

कमलनाथ सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर कई आंदोलन हो रहे हैं। उनमें किसानों द्वारा आंदोलन, कॉलेज और स्कूल के शिक्षकों द्वारा आंदोलन और भाजपा द्वारा महिलाओं के लिए प्रभावी सुरक्षा की मांग के लिए एक आंदोलन शामिल है। पूरे राज्य में किसान यूरिया की कमी का विरोध कर रहे हैं। भाजपा के अलावा कई अन्य किसान संगठन भी किसानों के आंदोलन को नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं। राज्य में यूरिया की कमी से बीजेपी और कांग्रेस के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया है। जबकि सरकार का दावा है कि पर्याप्त यूरिया आपूर्ति है, भाजपा नेताओं ने राज्य में यूरिया आपूर्ति पर श्वेत पत्र की मांग की। अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति के तत्वावधान में किसानों के एक समूह ने भोपाल में कृषि मंत्री सचिन यादव के आवास के बाहर धरना दिया और कम से कम 4 यूरिया केन्द्र स्थापित करने के अलावा पर्याप्त आपूर्ति की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इसी तरह के एक प्रदर्शन का सीहोर में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले मंचन किया गया, जहाँ किसानों ने सड़क जाम कर दिया जिसके बाद उनके बीच यूरिया का वितरण किया गया।

अशोकनगर जिले में यूरिया वितरण के दौरान किसानों में हाथापाई हुई। जिला प्रशासन द्वारा यह अनिवार्य करने के बाद कि आधार कार्ड के आधार पर यूरिया वितरित किए जाएंगे और प्रत्येक परिवार को यूरिया के केवल 4 पैकेट प्रदान किए जाएंगे, इसके बाद किसान आंदोलित थे। ÷हमने अब तक 13000 मीट्रिक टन या यूरिया का वितरण किया है जो दिसंबर 2018 के पूरे महीने में वितरित यूरिया के बराबर है। हमारे जिले में बुवाई क्षेत्र में वृद्धि हुई है। अब हमने 3000 मीट्रिक टन यूरिया की मांग की है जो हमें 12 दिसंबर तक मिल जाएगी। किसानों को उनके आधार कार्ड और खसरा की प्रति के आधार पर टोकन दिया जा रहा है। अशोकनगर की जिला कलेक्टर मंजू शर्मा ने कहा कि किसानों के बीच हल्की हाथापाई हुई, जो कतारों में खड़े थे, लेकिन इसका वितरण से कोई लेना-देना नहीं था। शिवपुरी जिले में किसानों की लंबी कतारें भी देखी गईं और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। कुछ नौकरशाहों ने सोशल मीडिया पर यह भी बताया

कि उनके जिलों में यूरिया संकट नहीं है। भिंड जनसंपर्क विभाग ने बताया कि कृषि मंत्री के निर्देशानुसार राज्य स्तर पर एक केंद्रीय यूरिया वितरण शिकायत केंद्र स्थापित किया गया है और कोई भी शिकायत दर्ज की जा सकती है। मंदसौर कलेक्टर ने भी सोशल मीडिया पर साझा किया कि यूरिया का कोई संकट नहीं है।

हालाँकि भाजपा नेता सरकार के दावों से प्रभावित नहीं थे। यूरिया वितरण के दौरान अशोकनगर जिले में किसानों के बीच हाथापाई का जिक्र करते हुए, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने ट्वीट किया, यह राज्य सरकार की अक्षमता है। किसानों को अपना काम अलग करके यूरिया के लिए दो से तीन दिन कतारों में खड़ा होना पड़ता है। वे अपना धैर्य खो रहे हैं लेकिन मैं उनसे आग्रह करता हूं कि धैर्य नहीं है। नेता प्रतिपक्ष गोपाल भार्गव ने ट्वीट किया, 'राज्य सरकार दावा कर रही है कि राज्य में यूरिया संकट नहीं है। मुझे लगता है कि पूरी सरकार सो रही है। पूरे राज्य में यूरिया के लिए अराजकता है। पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने राज्य में यूरिया संकट पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। सरकार द्वारा कुप्रबंधन के कारण यूरिया संकट है। यूरिया की कमी ने किसानों को संकट में डाल दिया है। सरकार को तुरंत यूरिया की स्थिति पर एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। भाजपा यूरिया संकट के लिए कुप्रबंधन को जिम्मेदार ठहराती है जबकि कांग्रेस यूरिया संकट के लिए केंद्र को जिम्मेदार ठहराती है। राज्य के जनसंपर्क मंत्री पीसी शर्मा ने यूरिया संकट के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान को यूरिया की कमी और महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित मामलों में देरी के विरोध में बैठने के लिए फटकार लगाई। मप्र में यूरिया संकट केन्द्र सरकार की लापरवाही और नीरसता का नतीजा है। हमने समय पर अपनी आवश्यकता केंद्र को सौंप दी थी, लेकिन कुछ भी नहीं किया गया। शिवराज ने कहा कि यहां राजनीतिक नाटक खेलने के बजाय नई दिल्ली में धरने पर बैठना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने भी भोपाल में आठ साल पहले बलात्कार और हत्या की शिकार 12 वर्षीय लड़की को न्याय दिलाने की मांग को लेकर धरना दिया। चैहान ने पीड़िता की मां के साथ बैठने का मंचन किया, जो चाहती थी कि दोषियों को हैदराबाद में बलात्कार और हत्या के आरोपियों के साथ तेलंगाना पुलिस द्वारा निपटाए गए तरीके से दंडित किया जाए। चैहान ने फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले के त्वरित निस्तारण और मृत्युदंड की मांग की। उस समय तनावपूर्ण क्षण आए जब चैहान ने पुलिस बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की। - (संवाद)

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मन्नतों के धागे

मन्नतों के धागे बाँध आई हूँ तुम्हारी सलामती की दुआ साथ लाई हूँ रहूँगी नही आस पास तेरे तू बिछड़े न फिर कभी यह दुआ कबूल करा आई हूँ रख उम्र गिरवी अपनी उसके दर पर तेरे सलामती की मंजूरी लेकर आई हूँ।

- सुरेखा अग्रवाल

मन्नतों का घर

सुनों, गौर से देखों दर-दिवारों को... मन्नतों से बांधे तुमने इन दरवाजों को.. तुम्हारे एहसासों की नींव पड़ी घर जो प्रेम के रंग से सजा छोटी-छोटी खुशियां.. गुलाब की पंखुड़ियों सी बिखरी.. महकते एहसास, चहकती ख्वाहिशें.. हां, तुम्हारे बांहो के पनाह में औ हम के इस छांव मे.. छुपें मेरे जीवन का हर आरमां...!!

- नंदिता तनूजा

खास पाती

हम रहेंगे उस चमन में

हम रहेंगे उस चमन में जो महकते हो सदा खुशनुमा हो हर शहर पंछी चहकते हो सदा गीत मधुरिम गाएं कोकिल मीत हों सारी फिज़ा दीप खुशियों के जलें अरमा लरजते हों सदा हर कली कोमल सुखी इठला रही हो बाग में डर किसी का हो न उनको सुर संवरते हो सदा शव नहीं उनके मिलें हमको शहर गलियार में बूढ़ी आंखों में सभी सपने ठहरते हो सदा रो रही कायनात भी यूं जुर्म बढ़ते देखकर इंतिहा अब है हुई क्यूं घुट के मरते हो सदा। - डॉ दीपा संजय दीप

नागरिकता संशोधन विधेयक और एनआरसी

नागरिकता संशोधन विधेयक और एनआरसी का विरोध करने वाले सभी नेताओं के घर मेन गेट से दाखिल होने के लिए आपको अपनी नागरिकता के प्रमाण और पहचान पत्र होने के बावजूद डबल लेयर सिक्योरिटी के घेरे से गुज़रना होता है और अगर आपने उनके घर जबरन घुसने की कोशिश की तो अंजाम आप जानते ही हैं।

- सचिन चौधरी

किस बात पे खफा हुए आप यूँ बेवफा हुए

किस बात पे खफा हुए की आप यूँ बेवफा हुए हमने तो की थी इश्क़ बड़ी शिद्दत से ख्वाबों ख्यालों में भी बसाया था तुम्हें आप यूँ बिन कुछ कहे मुझसे क्यूं दूर चले गए सांसो में महक आज भी है गर्माहट का अहसास आज भी है तेरे साथ होने का जिंदा मिसाल मेरी सांसों में आज भी हैतू मेरे सीने में है तू मेरे जीने मे है इन्तेजार आज भी है राह में खड़ा एक बेसब्र दिल आज भी है। - बबली सिन्हा

वजूद की जड़ें जानबूझ कर फैलाई

मैंने अपनी वजूद की जड़ें जानबूझ कर फैला रखी है मौलिकता की जमीन के अन्तस में मुझे मालूम है , बुरे वक्त तुम आरी , कुल्हाड़ी बन काटोगे मेरी सम्भावनाओं की शाखाएं और एक दिन मुझे जरूर करोगे ठूंठ मेरी उम्मीदों की कोंपलें खिलखिलायेंगी बार बार तुम्हारी न्यस्त असफलता पर।

- परमेश्वर वैष्णव

है साजिश की चली आँधियाँ

है साजिश की चली आँधियाँ, मुझको बदलने की.
मुझको तो, तोहफ़े दी गयीं हैं, काँटों में चलने की.
वो राहों में रख कर पत्थर कुछ, मुझको डराते हैं.
उन्हें इल्म नहीं मेरी फ़ितरत है, गिरकर संभलने की।

- कुमार सोनल

अब वे लौट आएं तो उन्हें जाने न देना

अब वे लौट आएं तो उन्हें जाने न देना ईश्वर अनकही दिल की फरियाद भी पूरी करता है। कोई दूर बैठा भी कहीं दुआ करता है तेरा बिछड़ा हुआ मोहन तुझे फिर मिल जाए राधे। - नवीन शंकर शर्मा

हर नींद की दहलीज़ पर, तू इक धधकती आग ऱख,

हर नींद की दहलीज़ पर, तू इक धधकती आग ऱख, अभिमान की दहलीज़ पर, बुझी चिता की राख रख, हर जश्न तू खुलकर मना,तेरी जिंदगी पर है हक तेरा, पर आँख की दहलीज पर, उजड़ी हुई हर शाख रख।

- ममता अमर

लघु कथा

दवंग बेटी

बेटी तेरी नौकरी से तो मुझे हमेशा चिंता लगी रहती है ? समय खराब है। रमा ने बेटी श्यामा से कहा । वह एक कम्पनी में काम करती है और रात- बिरात उसे आने में देर हो जाती है । श्यामा आये दिन महिलाओ के साथ होने वाली घटनाओं के बारे में जानती थी , लेकिन घर चलाने के लिए श्यामा को जोखिम उठानी ही है । घर में वृद्ध माँ और छोटा भाई है । पिता जी का देहान्त हो गया था। कुछ दिन पेंशन से घर चलता रहा लेकिन भाई की पढाई और माँ की बीमारी के कारण उसका नौकरी करना जरूरी हो गया। इसके बाद श्यामा ने पीछे मुड़ कर नहीं देखा। उसने पढाई के दिनों में कराटे सीखा। कम्पनी में नौकरी लगने के बाद श्यामा ने पहले ही दिन मिर्च स्प्रे, एक छोटा चाकू , रस्सी , एक जेन्टस शर्ट और केप खरीदी । श्यामा जब रात को एक बजे आफिस से घर के लिए निकली तो उसने शर्ट पहनी , बालों को अंदर समेट कर केप पहनी और बैग से सुरक्षा उपकरण निकाल कर जेब में रखे फिर स्कूटी से चल पड़ी। घर करीब चार किलोमीटर की दूरी पर है । श्यामा ने अपने चेहरे पर डर और घबराहट नहीं आने दी । घर आ कर जब उसने कालबेल बजाई तो रमा एक क्षण के लिए दरवाजे पर अनजान आदमी को देख कर डर गयी । तभी श्यामा ने केप उतारी और सब बातें माँ को बताई। अब रमा को निश्चितता हुई कि उनकी बेटी किसी भी परिस्थितियों से निपटने में सक्षम है । एक दिन रात को श्यामा के साथ हादसा हो भी गया , दो बदमाशों ने रास्ता रोक लिया तब श्यामा ने फुर्ती से पहले मिर्च स्प्रे उनकी आखों मे डाला , कराटे के स्टेपस से गिरा कर रस्सी से उनके हाथ पैर बांध कर पुलिस हेल्पलाइन को फोन करके उनके हवाले कर दिया । पुलिस को भी इन बदमाशों की तलाश थी । अब श्यामा ने कम्पनी की दूसरी लड़कियों को भी इन सब बातों को बताया और हर विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार किया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1048 - फारसी विद्वान लेखक, वैज्ञानिक, तथा विचारक अलबेरूनी का निधन। 1232 - गुलाम वंश के शासक इल्तुतमिश ने ग्वालियर पर कब्जा किया। 1903 - हिन्दी में मनोवैज्ञानिक उपन्यासों के आरम्भकर्ता इलाचन्द्र जोशी का जन्म। 1916 - आस्ट्रिया के टायरॉल में हिमस्खलन से 24 घंटे में 10,000 ऑस्ट्रियाई और इतालवी सैनिकों की मौत। 1920 - नीदरलैंड के हेग में लीग ऑफ नेशंस का अंतरराष्ट्रीय न्यायालय स्थापित किया गया। 1925 - प्रसिद्ध अर्थशास्त्री लक्ष्मीचंद जैन का जन्म। 1955 - भारत और सोवियत संघ ने पंचशील समझौते को स्वीकार किया। 1959 - आर्क बिशप वकारियोस साइप्रस के पहले राष्ट्रपति चुने गए। 1986 - प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री स्मिता पाटिल का निधन।

जिला न्यायालय परिसर में नवनिर्मित वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र का शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। छ.ग. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पी.आर. रामचंद्र मेनन ने जिला न्यायालय परिसर में नवनिर्मित वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा विधिक सेवा से संबंधित जानकारी देने के लिए तैयार मोबाइल एप लॉच किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य न्यायाधीश मेनन ने अपने संबोधन में कहा कि पीड़ित पक्ष को तत्काल एवं समय पर न्याय दिलाना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रकरण लंबे समय तक न्यायालय में चलते है, जिससे पक्षकार कुंठित हो जाता है, वह शीघ्र न्याय चाहता है। इसके लिए यह ए.डी.आर. भवन बहुत उपयोग एवं लाभदायी सिद्ध होगा। इस भवन में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित प्रकरणों के

शीघ्र निराकरण का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने लॉच किये गये मोबाइल एप को न्यायदान के क्षेत्र में बहुत उपयोगी बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए छ.ग. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के कार्यपालक अध्यक्ष प्रशांत कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह मोबाइल एप भारत का सर्वप्रथम एप है जिसके माध्यम से लोगों को विधिक सेवा योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकता है। इसमें सभी आवेदन पत्र, कार्यालयों के नाम, पते, दूरभाष नंबर हैं। ऐसे सामान्य प्रश्न जो हमेशा पूछे जाते हैं, उसे पूर्व में ही लोड कर दिए गए हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं से अनुरोध किया कि वे अपने मोबाइल में इस एप को डाउनलोड अवश्य करें, इससे पीड़ितों को न्याय के क्षेत्र में आगे बढ़ने का रास्ता मिल सकेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति मनीन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में ए.डी.आर. भवन को आम जन तक न्याय पहुंचाने के लिए उपयोगी, साथ ही मोबाइल एप को न्याय के क्षेत्र में महत्वपर्ण कदम बताया। न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि यह भवन न्याय व्यवस्था का एक भाग है यह मात्र एक ईट-पत्थर का भवन नहीं है बल्कि न्याय दिलाने का एक महत्वपूर्ण स्थल भी है। कार्यक्रम में स्वागत भाषण एन.डी. तिगाला, जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा दिया गया। न्याय मोबाईल एप के संबंध में शहाबुद्दीन कुरैशी, रजिस्ट्रार कम्प्यूटराईजेशन कमेटी उच्च न्यायालय द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। आभार प्रदर्शन सिद्धार्थ अग्रवाल, सदस्य सचिव, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति पी.पी. साहू, न्यायाधीश, छ.ग. उच्च न्यायालय, नीलम चंद सांखला, रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री के अधिकारी, के.एल. चरयाणी, डायरेक्टर एवं न्यायिक एकेडेमी के अधिकारी, जिला न्यायालय के न्यायाधीश, अधिवक्ता संघों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

बेलतरा क्षेत्र में खड़े ट्रक से हो रही डीजल की चोरी

■ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए आरोपी फिर भी पुलिस कार्यवाही करने को तैयार नहीं

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। बेलतरा क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे। एक बार फिर एक ट्रक से चोर 150 लीटर डीजल चोरी कर ले गये। इससे पहले भी इसी क्षेत्र में चोरों ने 30 से 40 हज़ार रुपए के डीजल की चोरी की थी। बिलासपुर की ओर से आ रहे ट्रक चालक ने बेलतरा बस स्टैंड में अपना वाहन खड़ा किया था । रात में वह ट्रक में ही सो गया। रात करीब 2:30 बजे दो युवक पहुंचे और जिन्होंने ट्रक से करीब डेढ़ सौ लीटर डीजल की चोरी कर ली। सुबह जब चालक उठा तो उसने देखा कि उसके ट्रक में एक बूंद भी डीजल नहीं है। इस मामले में आसपास लगे सीसीटीवी चेक करने पर दो युवक डीजल चोरी करते नजर आ रहे हैं ।

ट्रक चालक शेखर यादव ने इसकी सूचना ट्रक मालिक को दे दी है लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर एक तो पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही वही कानूनी झमेले से बचने अधिकांश ट्रक मालिक मामले की शिकायत तक नहीं करते । इससे पहले रतनपुर में कुछ डीजल चोर पकड़े भी गए थे। बावजूद इसके अब भी क्षेत्र में गिरोह के सदस्य सक्रिय हैं। इस मामले में पुलिस फिलहाल कोई कार्यवाही नहीं कर रही। सीसीटीवी फुटेज में चोर कैद हैं अगर पुलिस कार्यवाही करें और जांच करें तो फिर चोर पकड़े भी जा सकते हैं लेकिन पुलिस थाने में बैठी शिकायत के आने का इंतजार कर रही है।

मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ लाते हुए 270 बोरा धान जप्त

बिलासपुर । जिले में धान के अवैध भण्डारण एवं परिवहन पर लगातार कार्यवाही जारी है। आज जिले के सीमावर्ती क्षेत्र गौरेला में आज धान के अवैध परिवहन पर कार्यवाही की गई। वेंकट नगर रोड पर एक मिनी ट्रक से 277 बोरा धान मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ अवैध रूप से लाया जा रहा था। प्रत्येक बोरे में 45 किलो धान पाया गया। उक्त धान को जप्त कर लिया गया है, साथ ही वाहन को भी जप्त कर वाहन स्वामी आनंद केशरवानी, निवासी बांधामुड़ा वेंकट नगर गौरेला और ड्राईवर गुड्डा सिंह भैना, निवासी वेंकट नगर जिला अनुपपुर पर नियमानुसार कार्यवाही की गई।

17 लीटर शराब के साथ पकड़ाया युवक

बिलासपुर। सिरगिट्टी पुलिस ने सूचना पाकर दबिश दे दो पेटी शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया । क्षेत्रों में अंदरूनी तौर पर शराब बांटने ने का जमकर खेल चलता है घरों में दस्तख देकर दिया जाता है लेकिन पुलिस भी चौकन्ना है आज मुखबिर से सुचना मिली कि तिफरा क्षेत्र में बड़े पैमाने में शराब खपाया जा रहा है सूचना के आधार पर एक मकान में दबिश दे पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र गडेहवाल पिता राधे श्याम गड़ेहवाल उम्र 40 वर्ष को हिरासत में लिया इस दौरान 2 पेटी शराब जब्त कर कार्रवाई की ।

पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने में सहयोग करें : कलेक्टर

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । कलेक्टर ने नगर पालिका आम निर्वाचन पारदर्शी और निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सहयोग के लिए राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है। नगर पालिका निगम बिलासपुर के निर्वाचन हेतु पार्षद पद के अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. संजय अलंग द्वारा ली गई। बैठक में नगर निगम बिलासपुर के व्यय प्रेक्षक श्री राजेंद्र कुमार पटेल भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने अभ्यर्थियों को आदर्श आचरण संहिता का पालन, पार्षदों के लिए निर्धारित व्यय सीमा, चुनाव प्रचार के लिए सभा, जुलूस की अनुमति, और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। व्यय प्रेक्षक ने अभ्यर्थियों को बताया कि नगर निगम बिलासपुर के पार्षद पद हेतु चुनाव व्यय सीमा 5 लाख रूपए है। अभ्यर्थियों को प्रतिदिन के व्यय को लेखा पंजी में संधारित करना होगा और कम से कम दो बार व्यय संपरिक्षक के समक्ष व्यय लेखा प्रस्तुत करना होगा। कलेक्टर ने कहा कि निर्धारित व्यय सीमा से ज्यादा व्यय नहीं करना है। अभ्यर्थियों को चुनाव प्रचार के लिए सभा आयोजित करने के 24 घंटे पूर्व सक्षम अधिकारी से अनुमति लेना होगा।

गुलाबी और सफेद रंग का होगा मतपत्र

नवप्रदेश संवाददाता

■ 190 पार्षदों को चुनेंगे 5 लाख से अधिक मतदाता

बिलासपुर। प्रदेश के सभी 27 जिलों में निकाय चुनाव के लिए 21 दिसम्बर को मतदान होगा। बिलासपुर उप जिला चुनाव अधिकारी अमित गुप्ता ने बताया कि निकाय चुनाव में डाक मतपत्रों का रंग सफेद होगा। जबकि आम जनता गुलाबी रंग के बैलेट पेपर से मतदान करेगी। जिले के कुल 5 लाख 61 हजार 297 मतदाता अपने अधिकारों का उपयोग करें जिला उप चुनाव अधिकारी ने बताया कि 21 दिसम्बर को जिले के एक निगम दो नगर पालिका और 6 नगर पंचायत के लिए जनता मतदान करेगी। बिलासपुर निगम में कुल 70 वार्ड से 4 लाख 53 हजार 6 मतदाता अपने अधिकारों का प्रयोग करेंगे। इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 लाख 28 हजार 431 और महिला मदताताओं की संख्या 2 लाख 24 हजार 528 है।अमित गुप्ता ने जानकारी दी कि तखतपुर नगरपालिका के 15 वार्डों में 18115 मतदाता वोट डालेंगे। महिला मतदाताओं की संख्या 9156 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 8959 है। रतनपुर नगर पालिका में 15 वार्डों के लिए कुल 18418 मतदाता वोट डालेंगे। इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 9313 और महिलाओं की संख्या 9105 है। नगर पंचायत बिल्हा में कुल 8784 वोटर मत डालेंगे। यहां पन्द्रह वार्डों में कुल महिला मतदाताओं की संख्या 4441 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 4343 है। नगर पंचायत बोदरी में कुल 15 वार्ड हैं। यहां मतदाताओं की कुल संख्या 15378 है। महिला मतदाताओं की संख्या 7784 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 7594 है। नगर पंचायत कोटा में 15 वार्डों में कुल मतदाताओं की संख्या 14536 है। यहां पुरूष 7208 और महिला 7328 मतदाता वोट डालेंगे। नगर पंचायत पेन्ड्रा में कुल मतदाता 11011 है। पुरूष मतदाता 5366 और महिला मतदाता 5645 है।

ट्रैक्टर ड्राइवर ने की कुदखुशी

बिलासपुर। कोनी थाना क्षेत्र के ग्राम लोफंदी में 30 वर्षीय ट्रैक्टर ड्राइवर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने पंचनामा कर मर्ग कायम कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कोनी पुलिस के द्वारा बताया गया, परदेसी यादव पिता सोनू यादव उम्र 30 वर्ष ट्रैक्टर का ड्राइवर है । जो शराब पीने का आदि है । बीती रात में वह अपनी पत्नी से पैसा मांगा और बिना बताए घर से निकल गया । रात भर वह घर नहीं लौटा तो । सुबह पड़ोसियों ने घर के पीछे सिरहुट के पेड़ पर लायलोन की रस्सी से लटका हुआ उसका शव देखा । जिसकी सूचना उन्होंने घर जाकर मृतक के परिजनों को दिया । परिजन यह देखकर इसकी सूचना कोनी पुलिस को दिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पेड़ पर से शव को नीचे उतरा , उसके पश्चात परिजनों से पूछताछ पंचनामा बयान लेने के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं पुलिस इस मामले की जांच कर रही है ।

फिनो पेमेंट्स बैंक ने बिलासपुर में भारत पेट्रोलियम पर शाखा खोली

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। भारत में समावेशी बैंकिंग की विधियों में अग्रणी, मुंबई स्थित फिनो पेमेंट्स बैंक ने लिंक रोड पर स्थित भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) आउटलेट, बुखारी सर्विस स्टेशन पर अपनी दूसरी शाखा खोली। बैंक की शाखाएं राजनांदगांव, रायपुर और अंबिकापुर में पहले ही मौजूद हैं।बिलासपुर शाखा का उद्घाटन मुख्य अतिथि, राकेश सिन्हा, स्टेट हेड (बीपीसीएल), एमपी एवं छत्तीसगढ़ ने अन्य बीपीसीएल अधिकारियों, प्रकाश पराते, अभिजीत पनारी, भूपेंद्र देवांगन और नागेंद्र सैनी की मौजूदगी में किया। फिनो पेमेंट्स बैंक का प्रतिनिधित्व अर्पित खंडेलवाल (ज़ोनल हेड), आदित्य प्रताप सिंह (रीज़नल हेड, छत्तीसगढ़), मिस मिनी वार्घीज़ (स्टेट हेड, कॉर्पोरेट) के साथ बैंक के बिलासपुर स्टाफ ने किया। शाखा खोले जाने के अवसर पर हिमांशु मिश्रा, सीनियर डिवीज़नल हेड (सेंट्रल एवं वेस्ट), फिनो पेमेंट्स बैंक ने कहा, ''छत्तीसगढ़ हमारे लिए एक महत्वपूर्ण भौगोलिक स्थान है क्योंकि यहां पर बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। सहज व सुविधाजनक बैंकिंग को लोगों के नज़दीक लाने के लिए हमने आसपास की दुकानों का मजबूत नेटवर्क बनाया है, जिसमें हमारे सामरिक निवेशक, बीपीसीएल के आउटलेट हमारे बैंकिंग पार्टनर के रूप में शामिल हैं। फिनो माईक्रो एटीएम डिवाईसेस के साथ ये बिंदु बैंकिंग को आसान बनाते हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमने बैंकिंग की सुविधा शहरों व गांवों में जगह जगह पहुंचाने के लिए गली गली फिनो अभियान प्रस्तुत किया। इस अभियान द्वारा हम ग्राहकों के फायदे के लिए बीपीसीएल आउटलेट्स सहित अनेक बैंकिंग प्वाईंट प्रस्तुत करेंगे।'' बैंक की शाखाओं के अलावा फिनो के पास छत्तीसगढ़ में 3089 मर्चेंट बैंकिंग प्वाईंट्स हैं। ये प्वाईंट्स आसपास के स्मॉल बिज़नेस स्टोर्स जैसे किराना, मोबाईल रिपेयर शॉप, ब्यूटी सलून एवं स्टेशनरी शॉप आदि पर हैं, जहां ग्राहकों का अक्सर आगमन होता है।फिनो का नज़दीकी बैंकिंग आउटलेट नया बैंक खाता खोलने, जमा करने, पैसा निकालने, पैसा भेजने, कैश मैनेजमेंट सेवाएं (सीएमएस), फास्टटैग एवं यूटिलिटी बिल भुगतान आदि सुविधाएं प्रदान करेगा। वो ग्राहकों को फिनो मोबाईल बैंकिंग ऐस बीपे डाउनलोड करने और इसके माध्यम से डिजिटल लेनदेन करने में भी मदद करेंगे।फिनो ग्राहकों के उस विशाल वर्ग को सेवाएं देता है, जो हर साल 1 लाख रु. से 6 लाख रु. के बीच कमाते हैं। इनमें डेयरी किसान, सब्जीवाले, छोटे व्यवसाय के मालिक, स्वरोजगारी आदि हैं।

नान-इंटरलाकिंग कार्य के कारण इन गाड़ियों का परिचालन होगा प्रभावित : बिलासपुर। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के राऊरकेला-झारसुगडा सेक्शन के बमरा स्टेशन यार्ड में आधुनिकीकरण एवं तीसरी लाइन कमिशनिंग कार्य हेतु 12 दिसम्बर से 23 दिसम्बर 2019 तक नान-इंटरलाकिंग/इंटरलाकिंग का कार्य किया जायेगा।

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

नोटिस

श्रीमती प्रियंका जायसवाल पति नितेश कुमार जायसवाल निवासी सरदार पटेल वार्ड, मुंगेली तह. मुंगेली - - - आवेदिका

बनाम

संतोष कुमार जायसवाल आत्मज स्व. श्री काशी प्रसाद निवासी सिविल लाईन गणेश चौक, बिजली आफिस के पास कटनी जिला कटनी (म.प्र.) हाल मुकाम रामगोपाल तिवारी वार्ड, मुंगेली -- - अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से अनावेदक संतोष कुमार जायसवाल आत्मज स्व. श्री काशी प्रसाद निवासी सिविल लाईन गणेश चौक, बिजली आफिस के पास, कटनी जिला कटनी (म.प्र.)को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में विचाराधीन नजूल नामांतरण प्रकरण 12/अ-6/2019-2020 मोहल्ला पुराना मोटर स्टेण्ड मुंगेली भीट नं.-38-सी प्लाट नं. 38/2 क्षेत्रफल 26 वर्गमीटर पर आपका नाम नजूल रिकार्ड में दर्ज है जिसे अनावेदक संतोष कुमार जायसवाल आत्मज स्व. श्री काशी प्रसाद से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 31-3-2012 को क्रय कर आवेदिका श्रीमती प्रियंका जायसवाल काबिज चली आ रही है। प्रकरण दिनांक 26-12-2019 को सुनवाई हेतु नियत है जिसमें आप आवश्यक पक्षकार है अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप दिनांक 26-12-2019 को प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 12-12-2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील (आर.के. तम्बोली)
नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार के मैनेजमेंट कमेटी की बैठक

बिलासपुर । जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार के मैनेजमेंट कमेटी की बैठक कलेक्टर डॉ. संजय अलंग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय की विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं पर चर्चाकर प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक में प्राचार्य सुरेशचन्द्र ने विद्यालय के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यालय के 30 वर्ष पुरानी बिल्डिंग में सुधार एवं मरम्मत कार्य तथा विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ से अधिक राशि का इस्टिमेट तैयार किया गया है। बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया। विद्यालय में 2 अतिरिक्त कमरों के निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी की ओर से सांसद को प्रस्ताव भेजने का निर्देश कलेक्टर ने दिया। इसके साथ ही सीपीडब्ल्यूडी की ओर से केन्द्र को प्रस्ताव भेजा जायेगा। विद्यालय में पुराने कम्प्यूटरों का मरम्मत और नये कम्प्यूटर क्रय करने तथा इंटरनेट कनेक्शन लगाने हेतु निर्णय लिया गया। कलेक्टर ने हर माह टीचर पैरेंट्स मिटिंग के संबंध में जानकारी ली। साथ ही स्कूल में साईंस समिति, मेस समिति, लायब्रेरी समिति आदि के गठन और इन समिति के माध्यम से बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करने कहा। बैठक में एसडीएम मस्तूरी श्रीमती मोनिका वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी आर.के. हीराधर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के प्रतिनिधि तथा विद्यालय के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

व्यय लेखा संपरीक्षण निर्धारित तिथियों पर होगी

बिलासपुर। नगर निगम बिलासपुर के पार्षद पद के अभ्यर्थियों का निर्वाचन व्यय लेखा संपरीक्षण दो चरणों में किया जाएगा। व्यय लेखों का प्रथम निरीक्षण 13 दिसंबर को और द्वितीय निरीक्षण 17 एवं 18 दिसंम्बर को किया जाएगा। नोडल अधिकारी व्यय निरीक्षण प्रकोष्ठ बिलासपुर प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 1 से 5 के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखों का प्रथम निरीक्षण 13 दिसंबर और द्वितीय निरीक्षण 17 दिसंबर को होगा।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, शंकर नगर
रायपुर (छ.ग.) फोन नं.- 0771-2436320
email ID-eocghbzone4@gmail.com

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत खम्हारडीह, रायपुर में स्थित फ्लैट क्र.-638, ब्लॉक-27, चतुर्थ तल श्रीमती मीरा देवनाथ पति श्री डी.सी. देवनाथ, को भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया था। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 16.02.2012 को सेलडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया था। तदुउपरांत इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1085 दिनांक 29.02.2012 द्वारा विक्रय अनुमति प्राप्त कर उक्त भवन को क्रेता श्री संतोष साहू पिता श्री गणेश साहू, द्वारा-श्री गणेश गंजीर, शाश्वत नगर, बोरियाखुर्द, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर दिनांक 10.07.2012 को विक्रय कर दिया गया है। अतः क्रेता श्री संतोष साहू पिता श्री गणेश साहू द्वारा इस कार्यालय में उक्त फ्लैट को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-04
रायपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्रं. 47/अ-2/2019-20
ग्राम-मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र सिंह परिहार आ. श्री चंदन सिंह साकिन मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम मुंगेली पटवारी हल्का नंबर 59 राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील मुंगेली स्थित भूमि खसरा नंबर 697/25 रकबा 0.010 हेक्टेयर को आवास प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन/पुर्ननिधारण किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा, बी-1 एवं अन्य दस्तावेजों की प्रतिलिपि प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के स्वामित्व की ग्राम मुंगेली पटवारी हल्का नं. 29 राजस्व निरीक्षक मंडल, तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि खसरा नंबर 697/25 रकबा 0.010 हेक्टेयर को आवास प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किया जाना प्रस्ताविक है। इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति पत्र ईश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 7/12/2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0), बिल्हा, जिला–बिलासपुर (छ. ग.)

ईश्तहार

क्रमांक ...../अ.वि.अ./वा बिल्हा, दिनांक 04/12/2019
प्रकरण कमांक अ–2/2018–2019
ग्राम बोदरी, प.ह.नं 01, तहसील बिल्हा

एतद द्वारा आमजनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजीत गुप्ता, अमित गुप्ता पिता कीर्तन गुप्ता, निवासी बनयिापारा जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ. ग.) द्वारा ग्राम बोदरी प. ह. नं. 01.(म.न.–01) तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर में स्थित अपने स्वामीत्व की भूमि ख.न. 744/22 रकबा 0.06ए (2400 वर्गफिट) को आवासीय प्रयोजन हेतु छ. ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 के तहत पुनः निर्धारण करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है । जिसके संबंध में धारा 59 के तहत दर निर्धारण किया जाना है।

अतएव उपरोक्त विषय के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा हो, तो वे निर्धारित तिथि 23. 12.2019 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं नियत तिथि पश्चात प्राप्त दवा/आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनांक 04–12–019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

सील अनुविभागीय अधिकारी (रा0)
बिल्हा, जिला–बिलासपुर

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, मुंगेली (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

ज्ञा.क्र. /397/निविदा /ग्रा.यां.सेवा/ 2019 मुंगेली दिनांक 10/12/2019

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

क्र.	कार्य का विवरण	ठेकेकी अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
1	मिनी स्टेडियम अखरार के अपूर्ण कार्य को पूर्ण करना। विकास खण्ड लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) (आनलाईन निविदा सिस्टम क्रमांक 59096)	20.840	27.12.2019

2 उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्त, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई- प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in/ से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग- मुंगेली

जी- 75746/2

कार्यालय प्राचार्य किरोडीमल शासकीय पॉलीटेक्निक, रायगढ़ (छ.ग.)

फोन/ फैक्स नं. 07762-222737 ई- मेल kgprig@rediffmail.com

क्रमांक/ 2149/ केजीपी/ स्था. 2019 रायगढ़, दिनांक 11/12/19

:: निविदा जमा करने की अंतिम तिथि में वृद्धि की सूचना ::

कार्यालय, प्राचार्य किरोडीमल शासकीय पॉलीटेक्निक, रायगढ़ की ओर से पूर्व में जारी की गई निविदा सूचना क्रमांक/ केजीपी/ निविदा/ 1956/2019 दिनांक 15.11.2019 के तहत निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10.12.2019 निर्धारित की गई थी जिसमें मेकेनिकल इंजी. विभाग हेतु निविदा जमा करने की अंतिम तिथि में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है। निविदा की शेष नियम व शर्तें यथावत रहेगी।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि	-	23.12.2019	-	05:00 बजे सांय
निविदा जमा करने की तिथि	-	24.12.2019	-	02:00 बजे अपरान्ह
निविदा खोलने की तिथि	-	24.12.2019	-	03:00 बजे अपरान्ह

निविदा प्रपत्र कार्यालय, प्राचार्य किरोडीमल शासकीय पॉलीटेक्निक, रायगढ़ से आवेदन प्रस्तुत कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 500/- है।

निविदा प्रपत्र संस्था के वेबसाईट www.kgpraigarh.ac.in से भी प्राप्त किया जा सकता है, किन्तु निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क रू. 500/- का ड्राफ्ट जो प्राचार्य किरोडीमल शासकीय पॉलीटेक्निक, रायगढ़ के नाम देय हो, निविदा प्रपत्र के सुरक्षा निधि लिफाफे में रखें, अन्यथा यह माना जायेगा कि निविदा प्रपत्र विधिवत रूप से क्रय नहीं किया गया है।

स्थानः- कार्यालय, प्राचार्य किरोडीमल शासकीय पॉलीटेक्निक, रायगढ़

प्र. प्राचार्य
करोडीमल शासकीय पॉलीटेक्निक
रायगढ़ (छ.ग.)

जी- 75747/3

झूठे वादे करने वाली कांग्रेस को निगम चुनाव में सबक सिखाये जनता: बृजमोहन

बृजमोहन ने लाभांडी महावीर नगर रोड छत्तीसगढ़ नगर में भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालय का किया शुभारंभ।

रायपुर। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रायपुर दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को झूठों की सरकार बताया। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के लिए बड़े बड़े वादे कर गए पर अब उन वादों को पूरा करने में पूरी सरकार की सांसें फूलने लगी है। अब जनता के पास अवसर है इन झूठ बोलने वालों को सबक सिखाने का। नगर निगम चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जीता कर कांग्रेस को करारा जवाब देने का। उन्होंने यह बात लाभांडी, महावीर नगर और छत्तीसगढ़ नगर में पार्षद पद के भाजपा प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालय शुभारंभ के दौरान जनसमूह को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान बृजमोहन ने पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 51 कि भाजपा प्रत्याशी बिंदु महेश्वरी, रानी दुर्गावती वार्ड क्रमांक 51 के विलास सुतार तथा शहीद पंकज विक्रम वार्ड की प्रत्याशी शिल्पा राहुल गोलछा को जिताने के लिए कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत झोंकने की बात कही।

उन्होंने कहा कि रायपुर शहर में आज जो विकास के काम दिख रहे हैं वह भारतीय जनता पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार की देन है। वर्तमान कांग्रेस सरकार ने तो पिछले 11 महीने में एक भी विकास के काम नहीं किए है। इस सरकार ने युवाओं को 25 सौ रुपये बोनस देने का वादा किया था पर नहीं दिया। शराबबंदी की बात इन्होंने की थी पर शराबबंदी तो नहीं की बल्कि घर-घर शराब पहुंचाने के लिए कोचियों को खुला छोड़ दिया।

कांग्रेस की सरकार में माफियाओं के हौसले बुलंद है भाजपा सरकार में 5 हज़ार में मिलने वाला एक ट्रक रेत 15-20 हज़ार में मिल रहा है।

कांग्रेस की सरकार जनता की भावनाओं के साथ लगातार खिलवाड़ कर रही है। ऐसे में नगर निगम के चुनाव में रायपुर शहर की जनता को चाहिए कि इन झूठ बोलने वाले कांग्रेसियों को शहर की सत्ता से बेदखल करें और नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी का पार्षद भेज कर भाजपा का ही महापौर बनाने की राह बनाएं। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मोतीलाल साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष तिवारी, आरडीए के पूर्व अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, पूर्व विधायक नंदे साहू, मुकेश पंजवानी, स्वप्निल मिश्रा, राजेश जैन, स्वरूप टाटिया, तोषण साहू, दिनेश टंडन आदि उपस्थित थे।*

सिम्स में मरच्युरी के 10 में से छह फ्रीजर खराब, शव रखने की दिक्कत

■ चार नए फ्रिजर आ कर तैयार लेकिन प्रबंधन नहीं करा रही इंस्टाल

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। सिम्स में मरच्युरी के छह फ्रीजर साल भर से खराब हैं। ऐसे में कई बार ज्यादा शव होने की दशा में उन्हें बाहर रखना पड़ता है। इससे आसपास के क्षेत्र में बदबू तक फैल जाती है। वहीं शव के जल्दी सड़ने की आशंका रहती है।

मरच्युरी में 10 डीप फ्रीजर हैं, जिनमें शव को रखा जाता है। मरच्युरी में हर दिन कम से कम दो से तीन शव रहते हैं। लेकिन छह फ्रीजर के खराब होने से चार का उपयोग हो रहा है। ऐसे में किसी दिन ज्यादा शव आ जाने से इन शवों को फर्श पर खुला में रखना पड़ता है। ऐसे में बाहर होने की वजह से कुछ घंटे बाद शव के डीकंपोज की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। इसकी वजह से शव से बदबू आने लगती है। वहीं लावारिस लाश के सड़ने की आशंका ज्यादा रहती है, क्योंकि इन्हें कई दिनों तक रखना रहता है। इस समस्या की जानकारी सिम्स प्रबंधन को भी है, लेकिन इसके बाद भी फ्रीजर को नहीं बनवाया जा रहा है। इधर बदबू की वजह से आसपास हर वक्त कुत्ते मंडराते रहते हैं, जो फर्श पर रखे शव को नुकसान पहुंचा सकते हैं। लेकिन प्रबंधन की अनदेखी की वजह से स्थिति जस की तस है।

बाहर के लोगों की मौत होने पर होती है दिक्कत

सिम्स में रोजाना पांच से सात मरीजों की मौत होती है। इसमें बीमार, रोड एक्सीडेंट या दूसरे राज्य से गंभीर मरीज होते हैं, जिनके परिजनो के समय पर नहीं आने या रात में शव नहीं ले जाने की स्थिति में मरच्युरी में रखा जाता है। पर फ्रीजर में पहले से शव रहने की स्थिति में कर्मचारी शव रखने से मना कर देते हैं। ऐसे में परिजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

नया फ्रिजर आने के बाद भी नहीं कर रहें चालू

सिम्स प्रबंधन ने मरच्युरी के खराब फ्रिजर को सुधरवाने की बजाए चार नए फ्रिजर की खरीदी की है जिसको फॉरेसीक डॉक्टरों के सामने कंपनी के कर्मचारीयों ने चालू कर डेमो भी दिखा दिया है सभी फ्रिजर माइनस 40 डिग्री पर काम कर रहें है इसके बावजूद प्रबंधन इन फ्रिजरों को चालू नहीं करा रही है जिसके चलते ये रखे रखे धुल खा रहें है।

संस्कृति मंत्री ने भगत ने असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल को नृत्य महोत्सव का दिया निमंत्रण

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के लिए भेजे गए निमंत्रण को आज संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने असम के मुख्यमंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल को दिया। श्री भगत ने असम के मुख्यमंत्री से वहां के लोक कलाकारों का दल छत्तीसगढ़ के इस आयोजन में भेजने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री सोनोवाल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आमंत्रण स्वीकार किया और असम के आदिवासी नर्तक दलों को रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में भेजने की सहमति जताई है। श्री भगत ने मुख्यमंत्री श्री सोनोवाल को छत्तीसगढ़ की संस्कृति, पर्यटन और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। श्री भगत ने श्री सोनोवाल से असम और छत्तीसगढ़ की विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की।

उज्ज्वला योजना को पूरी शिद्दत से लागू कराया जाए

सांसद अरुण साव ने संसद में उठाया मुद्दा

बिलासपुर। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद उज्जवला योजना का अनुदान बंद किए जाने से नाराज सांसद अरुण साव ने बुधवार को इस मुद्दे को लोकसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस योजना को प्रदेश में कड़ाई से लागू करावे। ताकि निर्धन परिवारों को इसका लाभ मिल सके।

लोकसभा में शून्यकाल के दौरान सांसद श्री साव ने कहा कि देश में श्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद उज्जवला योजना की शुरुआत कर एक क्रांतिकारी कदम उठाया गया। इस योजना को लागू किए जाने से एक तरफ जहां वृक्षों और वनों की अंधाधुँध कटाई पर रोक लगी, वहीं दूसरी तरफ माताओं-बहनों के स्वास्थ्य पर अच्छा असर पड़ा और उनके समय की भी बचत होने लगी। श्री साव ने कहा कि पूर्व में तात्कालिन भाजपा सरकार द्वारा इस योजना के तहत प्रत्येक हितग्राही को गैस चूल्हे व पहली रिफलिंग के लिए 14 सौ रुपए का अनुदान दिया जाता था, किन्तु सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य की कांग्रेस सरकार ने इस योजना के लिए अनुदान जारी करना बंद कर दिया है। इसके कारण पेट्रोलियम कंपनियां इस योजना को लागू करने, अमल में लाने में हीला-हवाला कर रहीं हैं। नतीजतन पात्र हितग्राहियों को भी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सांसद श्री साव कहा कि केन्द्र सरकार इस मामले में हस्तक्षेप कर छत्तीसगढ़ में उज्जवला योजना को कड़ाई से लागू करावे।

8 महीने से रुका अनुदान

उज्जवला योजना के तहत चूल्हे व पहली रिफलिंग के लिए 1400 रुपए प्रति व्यक्ति की दर से दिए जाने वाले अनुदान को राज्य सरकार ने बीते 8 महीने से रोक रखा है। तात्कालिन भाजपा सरकार ने इस योजना के तहत खनिज न्यास संस्थान, केम्पा व श्रम विभाग के मद से 2016-17 में जिले के 73 हजार 250 परिवारों को गैस कनेक्शन देने अनुदान दिया था। इसी तरह 2017-18 में 59 हजार 623 परिवारों एवं 2018-19 में 72 हजार 163 परिवारों को गैस कनेक्शन दिया गया है। इसके लिए डीएमएफसे 16 करोड़ रुपए जारी किए गए थे।

मुंगेली रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण अंतिम चरण में

लोकसभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 3766 के माध्यम से सांसद श्री साव द्वारा कटघोरा-मुंगेली-डोंगरगढ़ नई रेलवे लाइन के निर्माण में हो रही देरी के सवाल पर रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा लिखित जानकारी दी गई है कि 5950.47 करोड़ रुपए लागत की 294.53 कि.मी. लंबी इस परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण का काम अंतिम चरण में है। रेलवे अधिनियम के अनुसार अधिसूचनाएं जारी किए जाने के बाद आपत्तियों की सुनवाई भी की जा चुकी है। प्रारंभिक और विस्तृत डिजाइन का कार्य प्रगति पर है। गलियारे के लिए भू-तकनीकी की जांच चल रही है। साथ ही प्रगति के साथ ऋण समूहन किया जा रहा है। मामूल हो कि रेल नेटवर्क से अछूते मुंगेली व कबीरधाम जिले की बहुप्रतीक्षित माँग को पूर्ण करने तात्कालिन भाजपा सरकार के कार्यकाल में सीकेडीआरएल नामक विशेष प्रयोजन योजना बनाई गई थी। रेलवे व राज्य सरकार का यह संयुक्त कॉर्पोरेशन कटघोरा से मुंगेली के रस्ते डोंगरगढ़ तक नई रेलवे लाइन बिछाने की इस योजना पर काम कर रहा है।

कलेक्टर ने किया मस्तूरी के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

■ बोरे में स्टेंसिल लगाने और स्टैगिंग अनिवार्य रूप से करने का दिया निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । कलेक्टर डॉ संजय अलंग ने आज मस्तूरी विकासखंड के विभिन्न समितियों में चल रहे धान खरीदी का निरीक्षण किया। धान के बोरे में जिस तरफ मार्का लगा है उस तरफ सटेंसिल लगाने और धान के बोरों का स्टैगिंग अनिवार्य रूप से करने का निर्देश समिति प्रबंधकों को दिया।

कलेक्टर ने सेवा सहकारी समिति टिकारी, जैतपुर और मल्हार में धान खरीदी का निरीक्षण किया। ग्राम टिकारी में अब तक 85 लाख 26 हजार से अधिक मूल्य के 4 हजार 6 सौ 84 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। ग्राम जैतुपर में कलेक्टर ने धान की ब्राडिंग को देखा, बारदाना पंजी और धान के स्टाक पंजी का निरीक्षण किया। माइश्चर मीटर से धान की नमी की जांच की। किसानों से बातचीत की और उनको जारी टोकन के बारे में जानकारी ली। धान के स्टैगिंग ठीक से नहीं होने और बोरे में मार्का नहीं लगाने पर समिति प्रबंधक को कड़ी फटकार लगाई और हमालों से इसके बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि एक स्टैग में 4500 बोरा धान होना चाहिए और यह व्यवस्था तत्काल बनाने का निर्देश दिया। सरना धान के लिए लाल मार्का, पतला धान के लिए हरा मार्का और मोटा धान के काला मार्का बोरे में लगाने कहा। कलेक्टर ने उपस्थित तहसीलदार को निर्देशित किया कि समिति में धान का भौतिक सत्यापन तत्काल करें। इस केंद्र में अबतक 84 लाख 33 हजार 392 रू. मूल्य के 4 हजार 641 क्विंटल धान की खरीदी किये गए।

कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र मल्हार में संधारित पंजियों का निरीक्षण किया। किसानों द्वारा लाए गए धान को तौलने के लिए ढेरी बनाकर रखे गये थे उसमें माइश्चर मीटर लगाकर देखा। हमालों से बातचीत की उन्हें धान की बोरे की स्टैगिंग करने के तरीके बताए। धान के सभी किस्मों की अलग-अलग स्टैगिंग करना है। साथ ही बोरे में सटैंसिल लगाना है।

मंत्री डहरिया ने ली चन्द्रकला साहू के स्वास्थ्य की जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया आज डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर पहुंचे और अस्पताल में भर्ती नगर पालिका परिषद आरंग की पूर्व अध्यक्ष सुश्री चन्द्रकला साहू से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। ज्ञात हो कि सुश्री चन्द्रकला साहू विगत दिनों सीढ़ी से गिर कर घायल हो गई थी। उनके पसली और कंधे में फैक्चर होने से वे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती है। इस मौके पर डॉ. अल्ताफयुसूफ चिकित्सा दल सहित मरीज के परिजन मौजूद थे।

स्कूलों में बनेंगे किचन गार्डन

■ संचालक लोक शिक्षण ने किया दुर्ग और राजनांदगांव जिले के अनेक स्कूलों का औचक निरीक्षण

रायपुर। स्कूलों में बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन में उच्च क्वालिटी की सामग्री के उपयोग और ताजी हरी सब्जियां को शामिल करने के निर्देश दिए हैं। संचालक लोक शिक्षण श्री एस. प्रकाश ने आज दुर्ग और राजनांदगांव जिले के आधा दर्जन स्कूलों के औचक निरीक्षण के दौरान सभी स्कूलों में किचन गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन में हरी सब्जियां शामिल होने से मध्यान्ह भोजन की पौष्टिकता बढ़ेगी इससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास अच्छी तरह से होगा।

संचालक लोक शिक्षण श्री एस. प्रकाश ने आज स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने एवं शासन द्वारा दिये गए निर्देशों का जमीनी स्तर पर जायजा लेने दुर्ग व राजनांदगांव जिले के आधा दर्जन स्कूलों का जायजा लिया। उन्होंने प्रायमरी, मीडिल, हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूल सहित ई साक्षरता केंद्र का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ लोक शिक्षण के असिस्टेंट डायरेक्टर महेश नायक व राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री प्रशांत कुमार पाण्डेय भी थे।

संचालक लोक शिक्षण श्री एस प्रकाश ने प्रातः 10 बजे दुर्ग जिले के धमधा विकासखंड मुरमुण्डा, सोनहार, धमधा, बरहापुर के प्रायमरी व मीडिल स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहाँ राज्य स्तरीय आँकलन का परीक्षण कर उन्होंने यह निर्देश दिया कि बच्चों के आँकलन के पश्चात् उनके नंबर व उनकी स्थिति के सम्बन्ध में बच्चों व उनके पालकों को अवगत कराया जाए।

निकाय चुनाव: अर्धवार्षिक परीक्षा की समय सारणी में आंशिक संशोधन

महासमुंद। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए 9 वीं से 12 वीं तक अर्धवार्षिक परीक्षाओं की समय सारणी में आंशिक संशोधन किया है। अब चुनाव वाले दिन विद्यार्थियों की परीक्षा नहीं होगी। अब 20 को मतदान दल रवाना होने तथा 21 को मतदान होने के कारण आठ विषयों के पर्चे रद्द कर दिए हैं। जबकि, अन्य परीक्षाएं नियत तिथि में ही होगी। जानकारी के अनुसार कक्षा नवमीं संस्कृत 20 को होनी थी जो अब 2 जनवरी को होगी। इसी तरह 9 वीं सामान्य हिंदी 20 दिसंबर के बजाय 3 जनवरी, 10 वीं सामान्य अंग्रेजी 20 दिसंबर के बजाय 2 जनवरी, दसवीं संस्कृत 21 दिसंबर के स्थान पर 3 जनवरी, 11 वीं वाणिज्यिक गणित 20 दिसंबर स्थान पर 23 दिसंबर को होगी। 11 वीं वैकल्पिक भाषा 21 दिसंबर के बजाय 30 दिसंबर, 12 वीं राजनीति व रसायन शास्त्र 20 दिसंबर के बजाय 23 दिसंबर और 12 वीं संस्कृत, वाणिज्यिक गणित 21 के बजाय 30 दिसंबर को होगी।

महिला अत्याचारों से व्यथित डॉ. महंत पूरी सादगी से मनाएंगे अपना जन्मदिन

■ अपने 65 वें जन्मदिन पर बाबूजी- माँ को देंगे श्रद्धांजिल

कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत 13 दिसंबर को अपना 65 वा जन्मदिन पर अपने गृहग्राम सारागांव में बाबूजी स्व. बिसाहूदास महंत एवं माता स्व. श्रीमती जानकी देवी के मठ पर जाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके पश्चात सक्ती, बाराद्वार होते हुए कोरबा पहुंचेगे व पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों से मुलाकात करेंगे।

डॉ. महंत ने कहा है कि हाल ही में उनके पारिवारिक सदस्य और छोटे भाई की तरह रहे दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार अनुज गुप्ता के आकस्मिक निधन से उन्हें गहरा आघात लगा है। वे पिछले कुछ दिनों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं, युवतियों और बालिकाओं के साथ हुए बर्बर घटनाओं से काफी विचलित/ व्यथित हुए हैं। ऐसे हालतों में वे अपना जन्मदिन पूरी सादगी के साथ मनाएंगे। उन्होंने सभी समर्थकों से विनम्र अपील की है कि किसी भी तरह के समारोहपूर्वक कोई भी कार्यक्रम उनके जन्मदिन के अवसर पर आयोजित न करें।

भाजपा ने नियुक्त किए शहर के सभी वार्डों में प्रभारी और सह प्रभारी

महासमुंद। जिला मुख्यालय में नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा द्वारा घोषित प्रत्याशियों और चुनाव संचालन के लिए भाजपा द्वारा प्रभारी एवं सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती रूपकुमारी चौधरी की अनुमति से सभी 30 वार्डो में चुनाव संचालन के लिए नियुक्त किए गए प्रभारी एवं सह-प्रभारी में वार्ड 01 में प्रभारी संतोष भोसले, 02 में प्रभारी जय चोपड़ा, सह-प्रभारी राकेश सचदेवा, 03 में प्रभारी अनिल शर्मा, सह-प्रभारी ओम शुक्ला, 04 में प्रभारी गणेश नायक, सह-प्रभारी यादराम चंद्राकर, 05 में प्रभारी नारेंद्र गिरी, सह-प्रभारी विक्की गुरूदत्ता, 06 में प्रभारी अरूण साहू, सह-प्रभारी पवन साहू, 07 में प्रभारी प्रदीप चंद्राकर, 08 में प्रभारी हितेश चंद्राकर, 09 में प्रभारी दिनेश रूपरेला, सह-प्रभारी परदेशी शेंद्रे, 10 में प्रभारी राकेश सचदेवा, सह-प्रभारी जय चोपड़ा, 11 में प्रभारी उत्तरा प्रहरे, 12 में प्रभारी कुलवंत चावला, सह-प्रभारी देवेंद्र चंद्राकर, 13 में प्रभारी प्रशांत श्रीवास्तव, सह-प्रभारी रोमी गुरूदत्ता, 14 में प्रभारी चंद्रिका चौबे, सह-प्रभारी मधुसुदन सोनी, 15 में प्रभारी रमेश साहू, 16 में प्रभारी विष्णु चंद्राकर आदि को को नियुक्त किया गया है।

न्यूज गैलरी

राज्य शौर्य पुरस्कार के लिए नामांकन 24 तक

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी के अवसर पर राज्य के ऐसे वीर बालक-बालिकाओं जिन्होंने, अद्भुत वीरता का कार्य किया हो, उन्हें राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाता है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष शौर्य पुरस्कार हेतु 24 दिसंबर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। पुरस्कार की पात्रता के संबंध में बताया गया है कि आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक ना हो, एक जनवरी 2019 से 31 जनवरी 2019 के मध्य वीरता का कार्य किया हो, सक्षम प्राधिकारी से व कलेक्टर द्वारा अनुशंसित आवेदन पत्र जमा कर सकते है।

ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस राष्ट्रीय प्रतियोगिता 16 से

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ शासन के संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस खेल प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर में 16 दिसंबर से किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न 13 खेलों का आयोजन होगा। शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिए विशेष अवकाश स्वीकृत करने का प्रावधान है। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग से जारी पत्र के अनुसार ऐसे खिलाड़ी जिनका नाम चयन सूची में नहीं है, वे अपने कार्यालय प्रमुख से प्रमाण पत्र प्राप्त कर सीधे आयोजन स्थल पर संबंधित खेल के नोडल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

आरबीसी 6-4 के तहत 20 लाख मंजूर

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक ने प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों में पांच मृतकों के निकटतम वारिस के लिए आरबीसी 6-4 के तहत कुल 20 लाख रूपये की मंजूरी दी है। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जवाली-डभरा की कुन्ती बाई, मल्दाकला-जैजैपुर के श्री वंशकुमार कश्यप, नरियरा-अकलतरा की श्रीमती पूर्णिमा बरेठ, परसाहीनाला-अकलतरा के श्री आदर्श मरावी और श्री राधेश्याम मरावी की प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के प्रकरण में यह राशि स्वीकृत की गई है। प्रत्येक प्रकरण में चार-चार लाख रूपये के मान से मंजूरी दी गई है।

लायंस स्कूल में वार्षिक खेलकूद दिवस आज से

चांपा। स्थानीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब द्वारा संचालित लायंस इंग्लिष हायर सेकेण्ड्री स्कूल में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वार्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन 12 दिसंबर से 14 दिसंबर तक किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. ने बताया कि वार्षिक खेलकूद दिवस का शुभारंभ गुरूवार 12 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में किया जायेगा।

निधन

धन्नी सोनी

मुंगेली। नगर के गांधी वार्ड सोनारपारा निवासी श्रीमति धन्नी सोनी पति स्व. कुंदन लाल सोनी उम्र 94 वर्ष का 10 दिसंबर को रात्रि में निधन हो गया। वे अमित, आशीष, अपूर्व सोनी की दादी थी। उनका अंतिम संस्कार खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

निकाय चुनाव ले रहा दिलचस्प मोड़, घरों तक पहुंच रहे प्रत्याशी

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। नगरपालिका में पिछली 3 पंचवर्षीय में जहां भाजपा के पार्षदो का बोलबाला रहा है वही 2 बार कांग्रेस तो 1 बार भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी पाई है परतुं इस बार का चुनाव कई मामलों में दिलचस्प होने वाला है जहां अनेक वार्डो में निर्दलीय ही पार्टी के प्रत्याशियों से भारी पड रहे है चुनावी प्रचार अपने पुरे सबाब पर है, वार्डो में प्रत्याशियों के कार्यालय खुलने के साथ ही वार्डो में चहल पहल भी बढ़ गया है,,,इन्ही वार्डो के विजयी प्रत्याशी अध्यक्ष का चुनाव करेगे जिससे मुकाबला दिलचस्प नजर आ रहा है। नगरी निकाय चुनाव की बिगुल बजने के साथ ही नगर में चुनावी गर्माहट बढ़ने लगी है,, सुबह पौव फ्टते ही चैक चैराहों में अपने वार्ड के प्रत्याशी को लेकर आकलन का दौर शुरू हो जाता है जो देर रात तक चलता है।

नगरपालिका के 22 वार्डो के लिए प्रत्याशीयों के घोषणा के पश्चात कई वार्डो में सीधा मुकाबला तो कही-कही पर निर्दलीयों के द्वारा समीकरण बिगडते देखा जा रहा है। गांधी वार्ड,दीनदयाल वार्ड,सुभाष वार्ड, के साथ साथ अम्बेडकर वार्ड और मो. बशीर खान वार्ड का चुनाव बाकी वार्डो से ज्यादा चर्चा का विषय बनता जा रहा है,,गांधी वार्ड से चुनावी जंग दिलचस्प होंने की उम्मीद है जहां भाजपा के जयप्रकाश मिश्रा 2 बार से पार्षद बन चुके वही इस बार आरक्षण मुद्दा के चलते गांधी वार्ड से अपनी किस्मत आजमा रहे है,,वही कांग्रेस ने इस बार इस वार्ड से अरविंद वैष्णव को चुनाव में उतारा है अरविंद 3 बार के पार्षद है वो भी आरक्षण के चलते अपने वार्ड से हटकर गांधी वार्ड से लड़ रहे हैं। इस बार निर्दलील प्रत्याशी के तौर पर गौरव जैन दो पत्ती से चुनाव लड़ रहे हैं। जहां गौरव का ये पहला चुनाव है वही गौरव समाजसेवी के रूप में जाने जाते हैं। जहां अपने पुराने वार्डो में कार्यकाल को लेकर वहां की जनता इस बार खुश नजर नही आ रही है वही नए प्रत्याशी के रूप में गौरव की छबि अभी स्वच्छ बनी हुई है, वार्ड में किये गए सर्वे के हिसाब से वर्तमान में निर्दलील प्रत्याशी गौरव काग्रेस और भाजपा के उम्मीदवार से ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। ऐसे में गांधी वार्ड का चुनाव दिलचस्प होने की उम्मीद जताई जा रही है।

तारिख आते ही प्रत्याशियों ने शुरू किया घर-घर प्रचार-प्रसार

नवप्रदेश संवाददाता

सक्ती। नगर पालिका चुनाव ज्यों-ज्यों आगे बढ़ रहा है हर प्रत्याशी अपने मतदाताओं को रिझाने के लिए घर घर जाकर चुनाव प्रचार करने में लगे हुए हैं। वार्ड क्रमांक 14 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती नेहा श्याम सुन्दर अग्रवाल के द्वारा अपने वार्ड में प्रत्येक मतदाताओं से घर घर जाकर कांग्रेश के पक्ष में मतदान करने के लिए वोट मांग रही है वही मतदाताओं के द्वारा उन्हें पुनासा विश्वास के साथ समर्थन देने की बात कह रहे नेहा अग्रवाल द्वारा वार्ड नंबर 14 के प्रत्येक घरों में जाकर गृहणी से मिलकर आने वाली 21 तारीख को वोटिंग के समय अपने पक्ष में वोट करने के लिए महिलाओं को समझाइश देते हुए कहा कि आप लोगों की हर समस्या का समाधान या जाएगा और जो भी समस्या है उस से मुझे अवगत कराएं वही भाजपा से भी लगातार प्रचार प्रसार करने में महिला प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ जनसम्पर्क में लगी हुई है देखना यह है कि वार्ड नंबर 14 से मतदाता किसके पक्ष में मतदान करते हैं और आने वाले 24 तारीख को इसका सभी मतदाताओं को इंतजार रहेगा कि हमारे वार्ड से कौन प्रत्याशी जीत हासिल कर रहा है । वहीं कांग्रेस प्रत्याशी नेहा श्याम सुन्दर अग्रवाल द्वारा कहा गया कि मैं अभी अपने वार्ड में सभी मतदाताओं से मिल रही हूं और उनकी समस्याओं से अवगत हो रही हैं और सबसे पहली प्राथमिकता मेरी हर मतदाताओं की समस्या दूर करना है।

धान खरीदी के बाद उठाव में नहीं ले रहे दिलचस्पी

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। धान खरीदी प्रारंभ हुए एक सप्ताह हो गया है धान खरीदी केंद्रों में धान का उठाव नहीं होने से जगह की कमी महसूस की जा रही है। जिले के 89 खरीदी केंद्रों में 3 लाख 63 हजार 834 क्विंटल धान की खरीदी हो गई है। जबकि उठाव शुरू नहीं हो पाया है। जिससे धान खरीदी प्रभावित हो रहा है। धान उठाव के संबंध में समितियों को कोई दिशा निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। धान के उठाव के लिए कोई उपाय भी नहीं किया गया है।

समर्थन मूल्य पर एक दिसम्बर से धान खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। परिवहन के लिए ठेका लेटलतीफ होने एवं मिलरों के अनुबंध में देर होने से धान का उठाव शुरू नहीं हो पाया है। जिले में 3 लाख 63 हजार 834 क्विंटल धान की खरीदी हो गई है। जबकि उठाव शुरू नहीं हो पाया है। एक सप्ताह में जिले के 89 खरीदी केंद्रों में धान खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। सर्वाधिक खरीदी पथरिया खरीदी केंद्र में 8493.20 क्विंटल की खरीदी की गई है। सबसे कम जेवरा सहकारी समिति अंतर्गत कुकुसदा में 472 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। कई खरीदी केंद्र जैसे लगरा में 4 हजार 522 क्विंटल, खाम्ही में 5 हजार 327 क्विंटल, धरदेई में 4 हजार 46 क्विंटल, चकरभठा में 4 हजार 454 क्विंटल, डोंगरिया में 6 हजार 736 क्विंटल, नवागांव में 5 हजार 669 क्विंटल, फुलझर में 5 हजार 207 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है।

खरीदे गये सभी धान खरीदी उपरांत स्टाक में खरीदी स्थल पर ही रखा हुआ है। इससे धान खरीदी केंद्र में जगह की कमी हो गई, जिससे धान खरीदी प्रभावित हो सकती है। ज्ञात हो कि पिछले साल धान खरीदी के साथ ही जिला विपणन संघ के माध्यम से मिलर्स को धान मिलिंग हेतु तुरंत उठाने का प्रावधान था, पर इस साल 1 सप्ताह हो गए धान खरीदी को समितियों को कोई दिशा निर्देश प्राप्त हुआ है। धान के उठाव के लिए कोई उपाय भी नहीं किया गया है। इससे धान खरीदी केंद्रों में जगह की कमी महसूस की जा रही है। इस संबंध में जिला विपणन अधिकारी उपेंद्र कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया। किंतु उनसे संपर्क नहीं हो पाया। वहीं धान का उठाव न होने से उपार्जन केंद्रो के प्रभारी परेशान हैं। किसानों को समय पर भुगतान नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों ने मुख्यमंत्री बघेल से उक्त समस्याओं पर ध्यान देने की मांग की है। धान मिसाई कर चुके किसान भी खरीदी केंद्रों की अव्यवस्था देख खरीदी केंद्र में धान ले जाने की मना स्थिति नहीं बना पा रहे है।

7 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

मुंगेली। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पण्डरभट्ठा में पुलिस ने दांव लगाते 7 जुआरियों को धर दबोचा। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।लंबे समय से मिल रही शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने पण्डरभट्ठा इलाके में तालाब के किनारे दबिश दी और जुआ खेल रहे 7 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा। इसके साथ ही मौके से 3350 रुपए नगदी, 52 पत्ती ताश के साथ एक बोरी की जब्ती बनाई गई। गिरफ्तार आरोपियों में कान्हरपुर निवासी गौतरिहा बंजारे, भरदा निवासी किशोर वर्मा, पण्डरभट्ठा निवासी जीवन राजपूत, गणेश राजपूत, नांदघाट निवासी नरोत्तम कुमार वर्मा, मनोज वर्मा, पण्डरभट्ठा निवासी किशन राजपूत है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की है। नगर निरीक्षक आशीष अरोरा ने बताया कि ग्राम पण्डरभट्ठा में काफी दिनों से फड़ लगाकर जुआ खेलने की शिकायत मिल रही थी। पुलिस ने आज दबिश देकर 7 लोगों को दांव लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है।

राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम पर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

नारायणपुर। राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नारायणपुर में विगत दिवस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय के सभाकक्ष में शिक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया । डॉ सुनिधि शर्मा ने कहा कि व्यक्ति में इसके प्रभाव से बोली जाने वाली/लिखित भाषा या सांकेतिक भाषा के माध्यय से किया जा सकता है। व्यक्ति में संवाद करने में होने वाली परेशानी द्वारा लोगों विशेष रूप से वृद्ध व्यक्तियों में अकेलापन, तन्हाई और दैनिक जीवन की गतिविधियों को प्रभावित करती है। डॉ. प्रशांत गिरी ने कान की देखभाल व सुरक्षा के संबंध में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण में विकासखंड स्तर के शिक्षक शामिल हुए ।

डॉ. सुनिधि ने एनपीपीसीडी कार्यक्रम के उन्मुखीकरण, बधिरता संबंधी कारणों, उसके शीध्र पहचान एवं निदान के बारे में बताया। उन्होंने सुनने की क्षमता में होने वाली कमी के प्रारंभिक संकेतों और लक्षणों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दूसरे व्यक्ति को स्पष्ट सुनने में परेशानी इसका लक्षण है। लोगों को दोबारा बोलने के लिए आग्रह करना, ऊंची आवाज के साथ संगीत -रेडियो सुनना या टी.व्ही सुनना, दरवाजे की घंटी या टेलीफोन की आवाज सुनने में असमर्थ होना आदि है। उन्होंने कहा कि बच्चों में यह ध्यान देना चाहिए कि ऐसे बच्चे धीरे सीखता है ओर कैसे बात करता है या उसके बोलते समय स्पष्ट न बोलना, बच्चा दोबारा कहने के लिए बोलता है या बच्चा बहुत जोर से बोलता है। बच्चा ऊंची आवाज के साथ टी.व्ही देखता है। डॉ.शर्मा ने श्रवण यंत्र को बीमारी का उपचार नहीं बताया लेकिन यह यंत्र सुनने में सहायता करता है। यह यंत्र प्रत्येक व्यक्ति के लिए उपयुक्त नहीं होता है। चिकित्सक की सलाह के अनुसार इस यंत्र का उपयोग किया जाना चाहिए ।

एसपी ने शहर की यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। शहर की सबसे बड़ी समस्या यातायात की बन चुकी है।जिसे देखो शहर के आसपास दुकान खोलकर धंधा करते नज़र आते है।साथ ही कॉंकेर के सबसे सकरी सड़क भी एक प्रकार से यातायात को बेहद प्रभावित करती है। बेतरतीब खड़ी वाहनो के अलावा शहर की सडक के किनारे छोटे छोटे ठेले लगाकर व्यापार करने वालो के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग बहुत ज़्यादा प्रभावित होती है।चरमराती यातायात व्यवस्था व बेतरतीब खड़ी वाहनों के अलावा ठेले वालो को समझाइश देने स्वयं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने 11 दिसम्बर की रात्रि में स्वयं कमान संभालते हुए पुलिस कर्मियों की मदद से मस्जिद चौक पहुचकर यातायात का जायजा लिया।तथा सभी ठेले व बेतरतीब खड़ी वाहन चालको से यातायात के नियमों का पालन करने कहा गया । साथ ही दुकानदारो को भी यातायात नियमों का पालन करने का निर्देश दिया ।इस दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ एसडीओपी आकाश मरकाम थाना प्रभारी मोरध्वज देशमुख एसआई अजय साहू यातायात प्रभारी बी के कुजूर सहायक उपनिरीक्षक केजुराम रावत प्रेमचंद सत्यम साहू ममता साहू महिला कांस्टेबल सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

प्रभारी सचिव ने किया धान खरीदी केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। प्रदेश के श्रम एवं वाणिज्य कर सचिव तथा कांकेर जिले के प्रभारी सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह ने आज गुरूवार को कांकेर जिले के धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा किसानों से धान की खरीदी एवं भुगतान, धान का परिवहन तथा केन्द्रों में बारदानों की उपलब्धता इत्यादि की जानकारी लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निदेश दिए। इस दौरान उनके साथ कांकेर जिले के कलेक्टर श्री के.एल. चैहान एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे भी मौजूद थे।

जिले के प्रभारी सचिव श्री सुबोध सिंह ने गुरूवार को चारामा विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र कोटतरा और भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र भानबेड़ा का औचक निरीक्षण किया तथा खरीदी केन्द्रों में धान बेचने पहुंचे किसानों से बातचीत कर उनकी प्रति एकड़ उपज, धान खरीदी केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था तथा विक्रय किए गए धान का भुगतान के संबंध में पूछताछ कर जानकारी लिया। धान खरीदी केन्द्र कोटतरा में उन्होंने किसानों से बातचीत कर प्रति एकड़ धान का उत्पादन और धान फसल के अलावा अन्य फसलों के उत्पादन के संबंध में जानकारी लिया। उपस्थित सभी किसानों द्वारा धान फसल लेने की जानकारी दी गई। खरीदी केन्द्र प्रभारी ने बताया कि आज गुरूवार को 19 किसानों द्वारा धान बेचने लाया गया है, जिसे तौल किया जा रहा है। प्रभारी सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह ने उन्हें निर्देशित करते हुए कहा कि सुचारू रूप से धान खरीदी के लिए किसानों को ग्रामवार टोकन प्रदान कर खरीदी किया जाये, जिससे किसानों को असुविधा न हो। उन्होंने कोटतरा में खरीदे गए धान का तत्काल परिवहन शुरू कराने के निर्देश भी दिए।

बलौदा सहकारी बैंक के पर्यवेक्षक को नोटिस जारी

जांजगीर। धान खरीदी केन्द्र जावलपुर में धान की आद्रतामापी यंत्री ख़राब पाए जाने और बोरो में स्टेशील नहीं लगाये जाने पर बलौदा सहकारी बैंक के पर्यवेक्षक श्री भानु कौशिक को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक ने आज जिले के विभिन्न विकास खंडों में धान खरीदी की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र जावलपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इस केन्द्र का आद्रतामापी ख़राब पाया गया और बोरो में स्टेशील नहीं लगाया जाना पाया गया। ज्ञातव्य है कि खरीफविपणन वर्ष 2019-20 में जिले में धान खरीदी केन्द्र में समुचित व्यवस्था और आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश का उल्लंघन और लापरवाही किए जाने के कारण बलौदा सहकारी बैंक के पर्यवेक्षक को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया है। तीन दिन के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्हें वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

जिले में मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू

मुंगेली। सहायक संचालक उद्यान ने आज यहां बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा साग, सब्जी एवं फलों की खेती करने वाले उद्यानिकी कृषकों को प्रतिकूल मौसम से हुई क्षति से बचाने के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। कृषकों से अनुरोध किया गया है कि फसल बीमा का लाभ लेने हेतु अपनी उद्यानिकी फसलों का बीमा अवश्य करवायें, ताकि प्रतिकूल मौसम में हुई क्षति की भरपाई सुनिश्चित हो सकें। अधिसूचित फसलों में टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू शामिल है। बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2019 निर्धारित है। इसके लिए ऋणी एवं अऋणी उद्यानिकी कृषक पात्र होंगे। ओला वृष्टि, कम या ज्यादा तापमान, असामान्य वर्षा, मौसमी बीमारी, कीट एवं व्याधि से नुकसान होने पर बीमा की राशि का भुगतान किया जायेगा। बीमा हेतु बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को अधिकृत किया गया है।

धूमधाम से महिलाओं ने मनाया पांचवा अगहन

मुंगेली। अगहन गुरूवार का पांचवा और अंतिम गुरूवार की तैयारी में महिलायें कल ही जुट गयी थी,और अपने घरों के सामने साफ-सफाई कर रंगोली बनाने और चावल आटा के घोल से मॉ लक्ष्मी की चरण पादुका आज साम में बना ली गयी है, एवं गुरूवार की पूजा की पूरी तैयारीयॉ भी कर ली गयी थी। अगहन गुरूवार को महिलायें सुबह से उठ कर स्नान कर मॉ लक्ष्मी की पूजा-पाठ को पूरी श्रद्धा पूर्वक कि गयी और आज अंमिम गुरूवार होने के कारण आज मंदिरों में भी बहुत भीड लगी हुई थी, और सभी महिलायें आज पिली रंग की साडी धारण कियें हुये थे । अगहन माह में मॉ लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की जाति है इस वर्ष माह पांच गुरूवार पड़ा है जो कि आज अंतिम गुरूवार है जिसकी तैयारीयों में घर की महिलायें बुधवार से ही विशेष रूप से जुटी हुई थी, अगहन माह के बाद 13 दिसबंर से पुष माह प्रारभ हो जायेगा। पुष माह के प्रारंभ होते ही शादी ब्याह एवं अन्य धार्मिक आयोजन नही होगें तथा 12 तारीख के बाद से सभी कार्यो पर रोक लग जायेगा।

मतपत्र मुद्रण हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

मुंगेली। नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2019 के कार्य संपादन हेतु नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत लोरमी, पथरिया एवं सरगांव के मतपत्र मुद्रण हेतु फर्म एन.आई.सी.टी. कम्प्यूटर एजुकेशन एसएफ-1 द्वितीय तल नेताजी कॉम्पलेक्स, का चयन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भुरे ने नगरीय निकायवार अधिकारियों को प्रारूप-10 के अनुसार निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची अनुसार मतपत्र मुद्रण हेतु प्रूफरीडिंग एवं अंतिम रूप देने हेतु नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

समीक्षा बैठक कलेक्टर ने किया मनरेगा के कार्यों की समीक्षा

मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्य शीघ्र प्रारंभ कराएं : कलेक्टर

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर। कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक ने कहा कि मनरेगा के स्वीकृत सभी कार्य शीघ्र प्रारंभ करें और पंजीकृत मजदूरों को वर्ष में 100 दिनों का रोजगार देने का लक्ष्य पूर्ण करें।

जैजैपुर जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में उपस्थित सी ई ओ जनपद, परियोजना अधिकारी और रोजगार सहायकों को निर्देशित कर कलेक्टर ने कहा कि वे परिणाम मूलक कार्य करें। अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। शौचालय की राशि में अनियमितता बरतने वाले सरपंचों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने राशि का गबन करने वाले सरपंचों के खिलाफवसूली का प्रकरण तैयार कर सूची एस डी एम को देने के निर्देश दिए। रोजगार सहायकों को निर्देशित कर कलेक्टर ने कहा कि वे स्वीकृत सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराएं अन्यथा उनके विरुद्ध बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी को निर्देशित कर कहा कि वे स्वीकृत सभी कार्यो का नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ को निर्देशित कर कहा कि वे मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्यो की प्रगति की पाक्षिक समीक्षा करें।

सीमांकन त्रुटि में सुधार की कार्रवाई के निर्देश:- कलेक्टर ने पटवारियों को निर्देशित कर कहा वे अभियान चलाकर सीमांकन में जो त्रुटि है उनमें शीघ्र सुधार की कार्रवाई करें। उन्होंने किसान समृध्दि योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी पटवारी अपने अपने हल्के में किसानों को समृद्धि योजना का लाभ दिलाने आधार, बैंक खाता,ऋण पुस्तिका आदि दस्तावेज जमा कराने मुनादी कराएं। कलेक्टर ने किसानों से पैरा दान कराने पटवारियों को निर्देशित करते हुए पैरादान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले पटवारियों को आगामी गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित और पुरस्कृत करने की बात कही।

दूध नदी पर कचरा डंप, खो रही वजूद, रहवासियों में गुस्सा

■ न्यूज गैलरी

भाजपा की चुनाव संचालन समिति गठित

कांकेर। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष हलधर साहू की अनुशंसा व पखांजूर के चुनाव प्रभारी व बीजेपी के जिला महामंत्री विजय कुमार मंडावी की सहमति पर नगर पंचायत पखांजूर निकाय चुनाव संचालन समिति का गठन कर दिया गया है । भाजपा के चुनाव संचालन समिति मे पखांजूर भाजपा के कदम दास प्रितपाल सिंह प्रदीप हालदार तरुण गुप्ता गोपीनाथ घोष कालू सोम सुभाष सरकार जितेंद्र निपेन्द्र हालदार रविंद्र बैरागी श्रीमती विधिका रॉय गीता रानी हालदार बनाए गए है।

खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव शुरू

कांकेर। जिले के 113 धान उपार्जन केन्द्रो में आज तक 42 हजार 717 मैट्रिक टन धान खरीदी की गई है। जिसमें मोटा धान 65498.47 क्विंटल, महामाया धान 2236 क्विंटल, पतला धान 350872.94 क्विंटल, एचएमटी धान 249.60 क्विंटल और आई.आर.36,- 67.20 क्विंटल एवं सरना धान 8249.60 क्विंटल समर्थन मूल्य पर खरीदा गया है। खरीदे गये धान का आज से राईसमिलर्स द्वारा परिवहन भी शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर श्री के.एल. चैहान के मार्गदर्शन में जिले में धान की खरीदी सुचारू रूप से संपन्न की जा रही है।

घासीदास जयंती पर शराब दुकान बंद रहेगी

कांकेर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री के.एल. चैहान द्वारा 18 दिसम्बर को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर दुकानों को बंद रखने हेतु 'शुष्क दिवस' घोषित किया गया है। उन्होंने कांकेर जिले के अंतर्गत संचालित सभी देशी, विदेशी मदिरा दुकानों एवं एफएल.7 सैनिक कैंटीन व मद्य भण्डारण भाण्डागार को पूर्णतः बंद रखने तथा अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर पूर्ण नियंत्रण रखने अधिकारियों को निर्देशित किया है।

■ शहर से निकलने वाले कचरे डाला जा रहा नदी में

■ महादेव वार्डवासियों का फूटा गुस्सा, कचरे से भरे दो ट्रैक्टर हुआ वापस

नवप्रदेश संवाददाता

स्थानीय लोगों और पानी में बढ़ रहा संक्रमण का खतरा

कांकेर। दूधनदी तट में शहर की नालियों का कचरा डंप करने के विरोध में गुरूवार को महादेव वार्ड के लोग सड़कों पर उतर गए। पालिका द्वारा रोज नालियों की सफाई के बाद निकलने वाला कचरा ट्रेक्टरों में भर दूधनदी तट पर फेंका जा रहा है। इससे उठ रही दुर्गंध के कारण वार्डवासियों को बहुत परेशानी हो रही है। वार्डवासी शुरू से यहां नालियों का कचरा फेंकने का विरोध करते रहे लेकिन कचरा फेंकना जारी रहा। गुरूवार सुबह वार्डवासियों के विरोध को देखते पालिका को ट्रेक्टरों को वहां से वापस बुलाना पड़ा। महादेव वार्ड में दूधनदी तट में पिछले कई महीनों से शहर की नालियों से निकलने वाली गंदगी को डंप किया जा रहा है। कचरा डंप करने वाला स्थल भी सड़क से लगा हुआ है। इस मार्ग से महादेव वार्ड के कुछ हिस्से समेत

भंडारीपारा, ईमलीपारा, मनकेसरी के लोगों का आना जाना होता है। साथ ही दूध नदी तट के निकट ही नन्हे बच्चों की शालाए भी लगती है। और सुबह से ही नगर के लोग अपने छोटे स्कूली बच्चों को लेकर सुबह शाम यहां से गुजरते हैं। इन सभी को कचरे के ढेर से उठ रही दुर्गंध के चलते नाक मुंह बंद करना पड़ता है। आसपास की दुकान व घरों में रहने वाले भी खासे परेशान हैं। लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इसके चलते वार्ड के लोग शुरू से यहां कचरा फेंकने को लेकर विरोध कर रहे हैं लेकिन विरोध का कोई असर नहीं हो रहा था तथा पालिका कचरा यहीं फेंकती रही। कुछ दिन पूर्व अखबारों में जब इसकी खबर प्रकाशित की गई तो पालिका ने वहां खानापूर्ति करते कचरा उठाना शुरू किया था लेकिन

इसके बाद फिर से कचरा फेंकना शुरू कर दिया। दूध नदी के तट पर फेके जा रहे कचरे व उठती दुर्गंध से परेशान वार्डवासियों ने गुरूवार 12 दिसंबर की सुबह वार्ड के युवा सुबह से उक्त स्थल पर डटे रहे। जैसे ही पालिका के दो ट्रेक्टर शहर भर से निकले कचरे को लेकर वहां पहुंचे वार्डवासियों ने विरोध कर दिया तथा कहा किसी भी कीमत पर अब यहां कचरा फेंकने नहीं दिया जाएगा। चालकों ने तत्काल सूचना सफाई प्रभारी व पालिका अधिकारी को दी।वार्डवासियों के विरोध को देखते अफसरों ने तत्काल ट्रेक्टरों को वापस बुला लिया। वार्डवासी मोनू यादव, तारेंद्र रजक, लालू यादव, हेमंत मंडावी, दीपांक यादव, मनीष मंडावी, सुरेंद्र बोरकर, बबलू जैन, गोविंद रजक, भक्त प्रहलादा, आमीन, रोहित, अबरार खान ने कहा नदी के तट पर सफाई अभियान चलाया गया था। विधायक ने भी आकर सफाई की थी। बाद में अब वहीं शहर से निकलने वाले कचरे को डंप किया जा रहा है। क्या शहर से निकलने वाले कचरे को रखने यहां सफाई कराई गई थी? यहां कौन व किसके इशारे पर कचरा फेंका जा रहा है इसकी जांच होनी चाहिए। अब यहां कचरा फेंकने नहीं दिया जाएगा।

वार्डवासियों ने कहा नदी पर तट पर खुली जगह है जहां छोटा सा गार्डन बनाया जा सकता है। इससे वार्ड की खुबसूरती भी बढ़ जाएगी। उक्त स्थल को पूरी तरह साफकराया जाए। इसके बाद वहां से गंदगी हटा कर मिट्टी पाट गार्डन बनाया जाए।

बेस्ट टीचर का अवार्ड जीत पूर्वी ने पापा को दिया रिटायरमेन्ट का उपहार

■ बेस्ट टीचर का पुरस्कार पुरवा को मिला

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल में शिक्षक, पूर्वी तिवारी को ग्लोबल ट्रायम्फ फाउंडेशन (जीटीएफ) लीडरशिप समिट- 2019 में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार जीता। अलग-अलग स्कूलों में दस साल के शिक्षण अनुभव के बाद, पूर्वा को अपने दोस्तों से पुरस्कार के बारे में पता चला। और अपने पिता के प्रोत्साहन और अपने पति के समर्थन के साथ, उन्होंने उसी के लिए फॉर्म भरा। कई परीक्षणों और परीक्षाओं के बाद, पूर्वा को 30 नवंबर, 2019 को नई दिल्ली में पुरस्कार मिला। , बाल्को निवासी पूर्वी तिवारी ने पुरस्कार के लिए अपनी यात्रा साझा की और कहा कि शिक्षण हमेशा उनका जुनून रहा है। इंग्लिश लिटरेचर और वोकल क्लासिकल में मास्टर डिग्री पूरी करने के बाद, उन्होंने बी.एड. और फिर एम.एड. उसने दस साल पहले पढ़ाना शुरू किया था और तब से कई स्कूलों में पढ़ाया है। अपने दोस्तों के माध्यम से, वह ग्लोबल ट्रायम्फ फाउंडेशन, बंग्लुरु द्वारा दिए गए पुरस्कार के बारे में जानती है। पूजा ने कहा कि संस्थान विभिन्न क्षेत्रों में वार्षिक सर्वेक्षण करता है और नए चेहरों का सम्मान करता है जो अपने क्षेत्रों में अपने काम के माध्यम से समाज में बदलाव लाने के लिए काम कर रहे हैं। यह जानने के बाद, वह फॉर्म भरने के लिए उत्साहित थी और उसे उसके पिता और उसके पति ने प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में कई मौखिक, लिखित और टेलीफोनिक परीक्षण शामिल थे, जो 2.5 महीने तक जारी रहा। इन सभी दौरों को पूरा करने के बाद, पूर्वी को पुरस्कार प्राप्त करने की बहुत कम उम्मीद थी। हालाँकि, उन्हें पुरस्कार के लिए नामांकित होने की खबर मिली और यह उनके जीवन की बहुत महत्वपूर्ण खबर थी। अंत में, वह दिल्ली गई, जहाँ उसे परीक्षण के अंतिम दौर का सामना करना पड़ा। उसे अपने स्कूल के अभिनव पहलुओं को साझा करने के लिए कहा गया था और उसने ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल की मास्टर कॉपी अवधारणा को विस्तृत किया, जिसमें कहा गया था कि प्रत्येक शिक्षक अपनी कक्षा के लिए एक प्रतिलिपि बनाएगा। यह बिलकुल उस कॉपी की तरह होगा जो वे चाहते हैं कि छात्र बनाएं। इसमें सभी नोट और उदाहरण होंगे, ताकि कक्षा में प्रवेश करने के बाद एक भी क्षण बर्बाद न हो। 30 नवंबर को, पूजा को होटल हॉलिडे इन, एरो सिटी, नई दिल्ली में पुरस्कार मिला।

इस लंबी प्रतियोगिता की प्रेरणा के बारे में बात करते हुए,पूर्वी ने कहा कि वे दो बहनें हैं और उनके पिता हमेशा उन्हें बेटों की तरह मानते थे। उसने कभी भी उसे किसी भी अवसर से वंचित नहीं किया और उसे अपने सपनों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बालको कर्मचारी अभिषेक तिवारी से शादी की और उन्हें एक सहायक पति के रूप में पाया। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने जीवन के इन दो पुरुषों को दिया और कहा कि जैसे हर सफल पुरुष के पीछे एक महिला होती है, वैसे ही एक सफल महिला को भी अपने जीवन के पुरुषों से समर्थन की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि उनके पिता इंदु शेखर तिवारी ने उसी दिन लफ़ार्ज इंडिया लिमिटेड में अपनी नौकरी से सेवानिवृत्त हो गए।

अधिकृत पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अंतिम अवसर

कोरबा। नगरीय निकाय चुनाव 2019 में अधिकृत पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए उन्हे समझाईश दिया जा रहा है कि वे 13 दिसम्बर तक अपना समर्थन पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में लिखित में दे दें। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष उषा तिवारी एवं शहर के कार्यवाहक अध्यक्ष सत्येन्द्र वासन ने बताया कि जिन कार्यकर्ता या पदाधिकारी को टिकट नही मिल पाया और वे समय पर अपना नामांकन वापसी नही करा पाए ऐसे प्रत्याशियों कों संगठन की ओर से एक अवसर और दिया जा रहा है कि वे 13 दिसम्बर तक अपना समर्थन पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को दे दें।

कांग्रेस दल के अधिकृत पार्षद प्रत्याशियों की बैठक संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने आज जिला कांग्रेस कार्यालय टी. पी. नगर कोरबा में कांग्रेस दल के अधिकृत पार्षद प्रत्याशियों की बैठक ली। बैठक में उपस्थित राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, महापौर रेणु अग्रवाल, श्रीमती उषा तिवारी, श्रीकांत बुधिया, सत्येन्द्र वासन, हाजी अखलाख खान, लक्ष्मी नारायण देवांगन, मो. शाहिद, संगीता सक्सेना, महेन्द्र सिंह चौहान, आरीफ खान ने पार्षद प्रत्याशियों को वार्ड चुनाव जीतने का मंत्र दिया।

राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बताया कि वार्ड का चुनाव सबसे अधिक मेहनत वाला चुनाव होता है। वार्ड के कार्यकर्ताओं के साथ चलकर वार्ड के मतदाताओं को जोड कर रखे और प्रतिदिन उनसे मेल मुलाकात करते रहें। प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को आप वार्डवासियों को जानकारी दे बिजली बिल हाफ, 5 डिसमिल का रजिस्ट्री नामांतरण व भूमि आबंटन पर सरलीकरण धान का बोनस, शासकीय दुकानों के माध्यम से बीपीएल परिवार के अलावा एपीएल परिवार वालों को भी राशन की सुविधा ऐसे अनेको उपलब्धियों को बता सकते हैं। इसके अलावा पिछले 5 वर्षो के निगम के उपलब्धियों को आप मतदाताओं की जानकारी में ला सकते हैं। हाजी अखलाख ने बुथ मैजेनमेंट पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वार्ड के प्रत्येक घरो के मतदाताओं की सूची तैयार करे। वार्ड से जो मतदाता बाहर है उसे चुनाव में भाग लेने आग्रह करें। श्रीमति उषा तिवारी ने बताया कि वार्ड के सभी सिनियर पदाधिकारी कार्यकर्ता को साथ लेकर चलें।

जल्द शुरू होंगे जिला अस्पताल में बर्न यूनिट और नयी आईसीयू इकाई

कोरबा। कोरबा जिला अस्पताल में जल्द ही नवनिर्मित भवन में नई आईसीयू यूनिट और बर्न यूनिट शुरू होगी। इन दोनों यूनिटों के लिये जरूरी उपकरण और मानव संसाधन की पूर्ति कराने कलेक्टर श्रीमती किरण कौषल ने फरवरी महीने तक का समय अस्पताल प्रबंधन को दिया है। श्रीमती कौषल ने आज जिला अस्पताल के कक्ष क्रमांक 8 में आयोजित जीवनदीप समिति की बैठक में प्रबंधन को यह निर्देष दिये। कलेक्टर ने इन दोनों यूनिटों को शुरू करने के लिये लगने वाले पैरामेडिकल स्टाफकी भर्ती करने राज्य शासन को मांग पत्र भेजने के निर्देष दिये हैं। उन्होंने दोनों यूनिटों में लगने वाले आवष्यक उपकरणों के लिये भी निविदा जारी करने के निर्देष दिये। कलेक्टर ने अस्पताल प्रबंधन और निर्माण कारी संस्था पीडब्ल्यूडी-हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को दोनों यूनिटों में मरीजों को बेहतर ईलाज उपलब्ध कराने के हिसाब से समन्वय एवं सलाह कर निर्माण कार्य कराने के निर्देष दिये। श्रीमती कौषल ने अस्पताल परिसर में प्रकाष व्यवस्था के लिये हाईमास्क लाईट और स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था करने के निर्देष बैठक में उपस्थित निगम आयुक्त श्री राहुल देव को भी दिये। इस बैठक में समिति के आजीवन सदस्य श्री देवेन्द्र पाण्डेय, सीएमएचओ डॉ. बी.बी. बोर्डे, सिविल सर्जन डॉ. अरूण तिवारी, जिला परियोजना प्रबंधक श्री पद्माकर सहित अस्पताल प्रबंधन के अधिकारी भी मौजूद रहे। ऑटोमेटिक लॉंड्री ऑर पानी की उच्च स्तरीय टंकी भी बनेगी- जिला अस्पताल में उपयोग के लिये पानी की लगातार आपूर्ति करने परिसर में पानी की उच्च स्तरीय टंकी बनाने का प्रस्ताव समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

प्रत्येक व्यक्ति की...

से परिपूर्ण है, यहां के लोग मेहनतकश है। यहां के लोगों की तरक्की के लिए सरकार हर संभव प्रयास करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधायक श्री यू.डी.मिंज द्वारा जशपुर में पर्यटन को लेकर लिखी गई पुस्तक जशपुर टूरिज्म का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आगे कहा कि जशपुर जिले में कटहल, स्ट्रॉबेरी, काजू, लीची, नाशपत्ती और चाय की खेती हो रही है। इसको बढ़ावा देने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले में उद्यानिकी फसलों की खेती की अपार संभावना को देखते हुए जिले में उद्यानिकी महाविद्यालय खोले जाने का ऐलान किया। उन्होंने जिले में किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए फूड प्रोसेसिंग प्लांट लगाए जाने की दिशा में भी काम करने की बात कही। श्री बघेल ने जशपुर जिले में कृषि रोजगार, उद्यानिकी, एडवेंचर स्पोर्टस, ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कुनकुरी विधायक श्री यू.डी.मिंज के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस दिशा में काम करने की जरूरत है ताकि यहां के विकास को एक नई दिशा और युवाओं को रोजगार मिल सके।

2259 पदों की भर्ती...

पर सुनवाई करते हुए पूर्व में हाईकोर्ट ने नई भर्ती के विज्ञापन प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। लेकिन इस मामले में पुनः सुनवाई न्यायाधीश गौतम भादुड़ी की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने शासन के नियमों में संशोधन को सही ठहराते हुए ना केवल भर्ती के लिए लगाई गई रोक को वापस ले लिया बल्कि इस मामले में सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। कोर्ट के नये आदेश के बाद अब शासन अपने संशोधन नियमों के जरिए आरक्षकों की भर्ती कर सकती है। गौरतलब हो कि जिला पुलिस बल में आरक्षक बनने के लिए 9 लाख युवाओं ने आवेदन किया था जिसमें 55 हजार से ज्यादा युवाओं ने शारीरिक परीक्षा पास कर ली थी। साल 2018 के सितंबर माह में उनकी लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी लेकिन उसका परिणाम जारी नहीं किया गया था. जिसे लेकर अभ्यर्थियों द्वारा सड़क की लड़ाई लड़ी थी। लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के बाद अभ्यर्थियों को तगड़ा झटका लगा है। अभ्यर्थियों को आरक्षक बनने के लिए अब दोबारा मेहनत करनी होगी।

खुदरा महंगाई दर...

अधिक खुदरा महंगाई दर जुलाई 2016 में 6.07 पर्सेंट दर्ज की गई थी। सरकार ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को महंगाई दर 4 पर्सेंट के दायरे में रखने को कहा है, जिसमें 2 पर्सेंट का मार्जिन भी है। विनिर्माण क्षेत्र में नरमी दर्ज की गयी। इसमें अक्टूबर महीने में 2.1 प्रतिशत की गिरावट आयी जबकि एक साल पहले इसी महीने में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आंकड़े के अनुसार बिजली उत्पादन में अक्टूबर 2019 में तीव्र 12.2 प्रतिशत की गिरावट आयी जबकि पिछले साल इसी महीने इसमें 10.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। खनन उत्पादन भी आलोच्य महीने में 8 प्रतिशत गिरा जबकि पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में इसमें 7.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

निर्भया के दोषियों...

ठोस भोजन इस तरह से दिया जा रहा है कि इनका रक्तचाप सही रहे।

चारों दोषियों को फांसी देने वाली दया याचिका पर अभी राष्ट्रपति की ओर से कोई अंतिम फैसला नहीं आया है। लेकिन इससे पहले तिहाड़ जेल में फांसी कोठी और अन्य चीजों की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। दोषियों को 16 या फिर 29 दिसंबर (निर्भया की मौत हुई थी इस दिन) को फांसी पर लटकाया जा सकता है।

बक्सर से मंगाई जाएंगी रस्सी

तिहाड़ जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ऐसा नहीं है कि फांसी देने के लिए सारी रस्सी बक्सर से ही मंगाई जाएंगी। हमारे पास पांच रस्सी अभी भी हैं। लेकिन हम बक्सर प्रशासन से संपर्क कर रहे हैं। वहां से फांसी देने वाली स्पेशल 11 रस्सी मंगाए जाने की बात है। इन्हें जल्द मंगा लिया जाएगा। क्योंकि अगर इन चारों को फांसी दी जाती है तो तिहाड़ जेल के पास जो पांच रस्सियां हैं। वह कम पड़ जाएंगी। इनमें से एक-दो रस्सी से ट्रायल भी किया जाना है। पूणे की यरवदा सेंट्रल जेल में भी ऐसी विशेष रस्सियां बनती हैं। लिहाजा तिहाड़ जेल प्रशासन वहां से भी रस्सी मंगा सकता है।

यूपी से मंगाया जा सकता है जल्लाद

अधिकारी का कहना है कि यूं तो फांसी देने के लिए जल्लाद की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन फिर भी जरूरत महसूस हुई तो यूपी, महाराष्ट्र या फिर बंगाल से जल्लाद बुलाया जा सकता है।

पाक पीएम को भारत...

लोकसभा के बाद बुधवार को राज्यसभा में भी नागरिकता संशोधन विधेयक पास हो गया है। इसे लेकर कुछ लोग बेहद खुश हैं तो कुछ लोगों ने गहरी नाराजगी जताई है। स्थिति यह है कि उत्तर-पूर्व के कुछ इलाकों में काफी तनाव है। गुवाहाटी में उड़ाने रोक दी गई हैं और अगरतला में कर्फ्यू लगा दिया गया है। सरकार ने एहतियातन कई जगहों पर इंटरनेट पूरी तरह बंद कर दिया है।

दूसरे चरण के तीसरे दिन सात वार्डो में चली स्वच्छता ड्राइव

कोरबा। स्वच्छता महाअभियान के दूसरे चरण के तीसरे दिन आज निगम के बालको, दर्री, बांकीमोंगरा व सर्वमंगला जोन के सात वार्डो में विशेष स्वच्छता ड्राइव संचालित की गई, साफ-सफाई कार्यो का विशेष रूप से संपादन कराया गया। आयुक्त श्री राहुल देव एवं ए.डी.एम.श्री संजय अग्रवाल ने अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा के साथ बालको व दर्री जोन के विभिन्न स्थानों में पहुंचकर स्वच्छता कार्यो का सघन रूप से अवलोकन किया तथा बेहतर साफ-सफाई कार्यो हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। यहां उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री राहुल देव व ए.डी.एम. श्री संजय अग्रवाल के दिशा निर्देशन में 25 नवम्बर से 18 दिसम्बर तक नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में स्वच्छता महाअभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के दूसरे चरण के तीसरे दिन आज निगम क्षेत्र के सात वार्डो में वृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाकर साफ-सफाई के कार्य किए गए।

सभी आबकारी निरीक्षकों का जिला स्तर पर क्षेत्र परिवर्तन होगा

कोरबा। कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने कोरबा जिले में पदस्थ सभी आबकारी उप निरीक्षकों का जिले के भीतर परिक्षेत्र परिवर्तन करने के निर्देष आज समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में दिये हैं। श्रीमती कौषल ने आबकारी विभाग के कामों की समीक्षा करते हुये जिला स्तरीय अधिकारी के समय-सीमा की बैठक से अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने सभी आबकारी उप निरीक्षकों के परिक्षेत्र परिवर्तन का प्रस्ताव तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देष उपस्थित अधिकारी को दिये। उन्होंने यह भी निर्देषित किया कि तीन माह या उससे अधिक समय से एक ही परिक्षेत्र में काम कर रहे आबकारी उप निरीक्षक का भी परिक्षेत्र परिवर्तन किया जाये।

कलेक्टर श्रीमती कौषल ने असंगठित श्रमिकों, छोटे व्यापारियों और स्वरोजगारियों को पेंषन देने वाली प्रधानमंत्री मानधन योजना के आवेदन अभियान चलाकर भरवाने के निर्देष श्रम, उद्योग और नगर निगम के अधिकारियों को दिये। इस योजना के तहत् हितग्राहियों को प्रतिमाह अपनी उम्र के हिसाब से 55 से 200 रूपये तक की मासिक किष्त जमा करने पर 60 साल पूरे होने पर न्यूनतम तीन हजार रूपये प्रतिमाह की पेंषन मिल सकेगी। हितग्राही द्वारा जितनी राषि प्रीमियम के रूप में प्रतिमाह जमा की जायेगी, उतनी ही राषि केन्द्र सरकार द्वारा भी जमा होगी।

मानव अधिकार दिवस पर महिला मतदाता जागरूकता रैम्प वॉक कार्यक्रम सम्पन्न

कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्रीमती किरण कौशल के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय चुनाव 2019 अंतर्गत संचालित किये जा रहे जागव बोटर जाबो कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस पर पॉम मॉल टी.पी.नगर कोरबा में महिला मतदाता जागरूकता रैम्प वॉक कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिक निगम आयुक्त श्री राहुल देव ने मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए 21 दिसम्बर को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होने उपस्थित प्रतिभागियों सहित नागरिकों को नैतिक मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम के प्रारंभ में जाबो कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी श्री सतीश प्रकाश सिंह ने जिले में संचालित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के बारे में बताया तथा जाबो कार्यक्रम के तहत समाज के सभी वर्गो, समुदायों, छात्र-छात्राओं, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, थर्ड जेण्डर समुदाय सहित सभी मतदाताओं हेतु आयोजित किए जा रहे विविध कार्यक्रम-नुक्कड़ नाटक, कला जत्था, निबंध, संगोष्ठी, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली स्पर्धा, पोस्टर निर्माण, नारा लेखन, बाईक-स्कूटी रैली, वोटर सेल्फी जोन, मतदाता जागरूकता हेतु जाबो प्रचार रथ आदि के द्वारा मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किए जाने की जानकारी दी। कार्यक्रम को अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने संबोधित करते हुए युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। पॉम मॉल में आयोजित महिला मतदाता '' रैम्प वॉक कार्यक्रम '' में विभिन्न महाविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों के युवा छात्राओं ने आकर्षक छत्तीसगढ़ी परिधान में शालीनता के साथ रैम्प वॉक कर लोगों को नगरीय निकाय निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

बढ़ती ठंड के मद्देनजर निगम ने विभिन्न स्थानों पर जलाए अलाव

कोरबा। बढ़ती ठंड के मद्देनजर निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर निगम द्वारा आज से अलाव जलाना प्रारंभ कर दिया गया है। आयुक्त श्री राहुल देव के निर्देश पर पुराना बस स्टैण्ड कोरबा, सुनालिया चौक के पास कोरबा, सर्वमंगला चौक, सी.एस.ई.बी.चौक, टी.पी.नगर चौक, इमलीछापर चौक के साथ-साथ दर्री, बालको एवं बांकीमोंगरा जोन के विभिन्न चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था निगम द्वारा की गई है। आयुक्त श्री राहुल देव ने समस्त जोन कमिश्नरों को निर्देश देते हुए कहा है कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी आवश्यकतानुसार सार्वजनिक स्थानों, चौक-चौराहों, बस स्टैण्ड तथा जिन स्थानों पर लोगों का आवागमन ज्यादा संख्या में होता है, वहां पर अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा यह देखें कि अलाव रात्रि के समय नियमित रूप से जले, ताकि यात्रियों को बढ़ती ठंड के इस मौसम में असुविधा का सामना न करना पड़े तथा उनका ठंड से बचाव हो सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2017-2019, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

'स्ट्रीट डांसर 3डी' के ब्रैंड न्यू पोस्टर में किलर दिख रहे वरुण धवन

वरुण धवन और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्ट्रीट डांसर 3डी' का एक ब्रैंड न्यू पोस्टर रिलीज़ किया गया है, जिसमें ऐक्टर अपने किलर अंदाज़ से फैन्स को घायल कर रहे हैं।

निर्देशक रेमो डिसूज़ा की अगली फिल्म 'स्ट्रीट डांसर' अपने अनाउंसमेंट के समय से ही चर्चा में है। इस फिल्म में वरुण धवन, श्रद्धा कपूर, नोरा फतेही और अपाशक्ति खुराना लीड रोल में हैं। फिल्म की टीम ने हाल ही में 'स्ट्रीट डांसर 3डी' की शूटिंग खत्म की है और इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर भी दी थी।

इस फिल्म के पोस्टर्स और सेट पर बने विडियो की झलकियां पेस करने के बाद अब मेकर्स ने इस फिल्म का नया पोस्टर लॉन्च किया है। इस ब्रैंड न्यू पोस्टर मनें वरुण धवन बिल्कुल किलर लुक में नजर आ रहे हैं। एक बार फिर जूनियर धवन डांस फ्लोर पर तहलका मचाने को बिल्कुल रेडी नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर में स्लीवलेस ज़िपर के साथ दिख रहे हैं वरुण और हुड कैप सिर पर चढ़ा रखा है। इसके साथ ही उनकी बॉडी पर बना टैटू काफी प्रॉमिनेंट नजर आ रहा। इस लुक में वरुण बिल्कुल फिट नजर आ रहे हैं और उनके फैन्स के लिए अब इस फिल्म का इंतज़ार मुश्किल लग रहा है।

सनी लियोनी ने बोला सनी देओल का डायलॉग

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी ने माचो मैन सनी देओल का डायलॉग बोलकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सनी लियोनी अपनी फिल्मों के अलावा अपने सेंस ऑफ ह्यूमर के लिए भी जानी जाती हैं। सनी लियोनी का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह सनी देओल का फेमस डायलॉग बोलती नजर आ रही हैं। सनी लियोनी एक इवेंट में पहुंची थीं। तभी इवेंट के होस्ट ने वहां सनी लियोनी से सनी देओल के फेमस डायलॉग को बोलने के लिए कहा। तब सनी ने फिल्म 'दामिनी' के फेमस डायलॉग 'ये ढाई किलो का हाथ जब किसी पर पड़ता है, तो आदमी उठता नहीं, उठ जाता है।' जैसे ही सनी ने यह डायलॉग बोला तो वहां भीड़ ठहाके लगाकर हंस पड़ी। सनी पिछली बार टीवी रिऐलिटी शो स्प्लिट्सविला होस्ट करती दिखाई दी थीं। जल्द ही वह फिल्म 'वीरमादेवी' से तमिल फिल्मों में भी डेब्यू करने जा रही हैं जिसमें उनके साथ नवदीप लीड रोल में होंगे।



सलमान खान ने बताया, लिखी जा चुकी है 'दबंग 4'

बॉलिवुड सुपरस्टार सलमान खान के फैन्स उनकी आने वाली फिल्म 'दबंग 3' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के गाने और ट्रेलर पहले ही रिलीज किए जा चुके हैं जिन्हें काफी पसंद किया जा रहा है। अब सलमान ने पहले ही बता दिया है कि 'दबंग 4' की कहानी भी लिखी जा चुकी है। बॉलिवुड सुपरस्टार सलमान खान के फैन्स उनकी आने वाली फिल्म 'दबंग 3' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के गाने और ट्रेलर पहले ही रिलीज किए जा चुके हैं जिन्हें काफी पसंद किया जा रहा है। सलमान अपनी अगली फिल्म 'राधे' की भी घोषणा पहले ही कर चुके हैं जो अगले साल ईद पर रिलीज होगी। इस बीच सलमान ने 'मुंबई मिरर' को दिए गए एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में दबंग के बारे में कई दिलचस्प बातें बताईं।

QUIZ TIME

1) कौन-सी जनजाति वृक्षों पर निवास करती है?
(क) पिग्मी (ख) सकाई (ग) मसाई

2) भारत सरकार का प्रथम विधि अधिकारी कौन है?
(भारत का महान्यायवादी / विधि सचिव)

3) किस देश में दोहरी नागरिकता का सिद्धांत स्वीकार किया गया है?
(क) भारत (ख) कनाडा (ग) आस्ट्रेलिया (घ) सं0रा0अ0

4) किसी भाषा को किसी राज्य की राजभाषा के रूप में अंगीकार करने का अधिकार किसे है?

5) पुस्तक के लेखक का नाम बतायें?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पिग्मी (2) भारत का महान्यायवादी (3) सं0रा0अ0 (4) राज्य विधानमंडल (5) अमर्त्य सेन

दीपिका ने छपाक के लिये लगवाया प्रोस्थेटिक्स

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण ने अपनी आने वाली फिल्म छपाक के लिये जब प्रोस्थेटिक्स मेकअप लगवाया तब वह खुद को देखकर दंग रह गयी। दीपिका की आने वाली फिल्म छपाक का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। फिल्म के ट्रेलर को जबरदस्त रिस्पांस मिलता दिख रहा है। फैंस को दीपिका की मेहनत ट्रेलर में साफ-साफ देखने को मिल रही है। बात चाहे दीपिका के एक्टिंग की हो या फिल्म में उनके मेकअप की, वो सभी पहलू में लाजवाब लग रही हैं। फिल्म छपाक में दीपिका को तैयार करने के लिए प्रोस्थेटिक्स मेकअप का इस्तेमाल किया गया। इस बारे में दीपिका ने कहा, मैंने पहली बार जब प्रोस्थेटिक्स मेक अप होने के बाद अपने आप को शीशे में देखा, मुझे लगा मैं ये किरदार जी रही हूं. उस दिन मुझे पता चल गया कि इस किरदार को निभाने के लिए क्या क्या करने की जरूरत है। गौरतलब है कि फिल्म छपाक सच्ची घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में दीपिका एसिड सर्वाइवर लक्ष्मी अग्रवाल का रोल निभा रही हैं।

'नागराज' का किरदार निभाएंगे रणवीर सिंह

हमेशा अलग तरह के किरदार निभाने के लिए पहचाने जाने वाले रणवीर सिंह के बारे में चर्चा है कि अब वह कॉमिक सुपरहीरो नागराज पर आधारित एक किरदार निभा सकते हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म को करण जौहर प्रड्यूसर और डायरेक्टर करेंगे। अगर रणवीर सिंह की फिल्मों को देखें तो पता चलता है कि वह हमेशा अलग तरह की दिलचस्प स्क्रिप्ट और किरदारों का चयन करते हैं। इतना ही नहीं, रणवीर अपने कैरक्टर पर इतनी मेहनत करते हैं कि वह पूरी तरह से उस रोल में समा जाते हैं। उनकी पिछली फिल्में गली बॉय और पद्मावत में उनके किरदारों को देखकर यह साफ महसूस किया जा सकता है।

नव प्रदेश व्यापार

दिसंबर तिमाही में और घट सकता है ग्रोथ रेट, 4.3% रहने का अनुमान: नोमुरा

नोमुरा के मुताबिक दिसंबर तिमारी में ग्रोथ रेट घटकर 4.3 फीसदी पर पहुंच सकता है। उसका मानना है कि 2020 की पहली तिमाही (वित्त वर्ष 2019-20 की आखिरी तिमाही) में इसमें मामूली सुधार होगा और यह 4.7 फीसदी पर पहुंच सकता है।

सिंगापुर। भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत सुधरने का नाम नहीं ले रही है। दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में ग्रोथ रेट गिरकर 4.5 फीसदी पर पहुंच गया। तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) को लेकर जापान की वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी नोमुरा का मानना है कि विकास की रफ्तार और धीमी होगी और यह घटकर 4.3 फीसदी पर पहुंच सकती है। नोमुरा का मानना है कि वर्ष 2020 की पहली तिमाही (वित्त वर्ष 2019-20 की आखिरी तिमाही) में जीडीपी ग्रोथ रेट में मामूली सुधार होगा और यह 4.7 प्रतिशत रह सकता है।

NBFC संकट से स्थिति गंभीर

नोमुरा की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत और एशिया) सोनल वर्मा ने कहा, 'गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFCs) का संकट लंबा खींच जाने के कारण डोमेस्टिक लोन अवेबिलिटी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।' बाजार का मानना है कि देश की जीडीपी वृद्धि दर अपने निचले स्तर पर आ चुकी है और अब आगे इसमें सुधार होगा। नोमुरा का मानना है कि वृद्धि दर में अभी और गिरावट आ सकती है।

2019 में ग्रोथ रेट 5.3 फीसदी रहने का अनुमान

इस तरह नोमुरा ने 2019 के लिए आर्थिक विकास दर का अनुमान 5.3 फीसदी से घटाकर 4.9 फीसदी कर दिया है। 2020 के लिए भी ग्रोथ रेट का अनुमान 6.3 फीसदी से घटाकर 5.5 फीसदी और 2021 के लिए ग्रोथ रेट का अनुमान 6.5 प्रतिशत कर दिया है।

2019-20 में ग्रोथ रेट 4.7 फीसदी रहने का अनुमान

सोनल वर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वित्त वर्ष के हिसाब से हमें जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2019-20 में 4.7 प्रतिशत तथा वित्त वर्ष 2020-21 में 5.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि सुधार में विलंब हो रहा है तथा इसकी गति 2020 के अंत तक संभावित गति की तुलना में कम रह सकती है। रिजर्व बैंक द्वारा रीपो रेट में कटौती की संभावना को लेकर नोमुरा का कहना है कि 2020 की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) में नीतिगत दरों में कटौती की संभावना है।

एक-दूसरे के ग्राहक तोड़ने को 100-100 रुपये का 'इनाम' दे रहीं एयरटेल और जियो

मुंबई। रिलायंस जियो इन्फोकॉम और भारती एयरटेल के बीच अधिक ग्राहक जोड़ने की लड़ाई तेज हो गई है। इसके लिए दोनों कंपनियां रिटेलर्स को अधिक इन्सेंटिव दे रही हैं ताकि वे एक-दूसरे के ग्राहक हथिया सकें। हाल में देश की तीनों टेलिकॉम कंपनियों ने टैरिफमें बढ़ोतरी की थी। कई डिस्ट्रीब्यूटरों और रिटेलरों ने बताया कि भारती एयरटेल के रिटेलरों को जियो के हर दो ग्राहक तोड़ने पर 100 रुपये मिलेंगे।

वोडाफोन के ग्राहक तोड़ने पर इनाम नहीं दे रही एयरटेल: एयरटेल कंपनी वोडाफोन आइडिया के ग्राहक तोड़ने पर कोई इनाम नहीं दे रही है। जियो ने रिटेलरों को बताया है कि हर नया सिम कार्ड बेचने पर उन्हें 100 रुपये मिलेंगे, जबकि पहले वह इसके लिए 40 रुपये दे रही थी। जियो के एक डिस्ट्रीब्यूटर ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया, 'टैरिफ में बढ़ोतरी के बाद एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने अनलिमिटेड फ्री कॉल्स का ऑफर दिया है। हमें यह ऑफर इसलिए दिया गया है ताकि हम उनके अधिक से अधिक ग्राहक तोड़ सकें।'

टैरिफबढ़ाने के बाद ग्राहक तोड़ने की जंग शुरू: वोडाफोन आइडिया और एयरटेल ने 3 दिसंबर को दरों में 40 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की थी। इसके बाद टेलिकॉम कंपनियों के बीच फिर से अधिक बाजार हथियाने की जंग तेज हुई है।

शेल लुब्रिकेंट्स इंडिया ने एक्सकॉन 2019 में भविष्य के लिए तैयार समाधान किए प्रदर्शित

- जो उद्योग के भागीदारों को ''कम डाउनडाटम, ज्यादा संचालन समय'' में बनाता है सक्षम
- दक्षिण एशिया में निर्माण उपकरण का सबसे बड़ा आयोजन

नई दिल्ली: फिनिष्ड लुब्रिकेंट्स के क्षेत्र में ग्लोबल मार्केट लीडर षेल लुब्रिकेंट्स ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय निर्माण उपकरण एवं निर्माण टैक्नोलॉजी व्यापार मेला - एक्सकॉन इंडिया 2019 के 10वें संस्करण में अपने फ्लैगशिप उत्पादों और प्रमुख सेवाओं को प्रदर्शित किया।

शेल का दृढ़ता से मानना है कि सही लुब्रिकेंट उपकरण की दक्षता को अधिकतम कर और डाउनटाइम को घटाकर निर्माण क्षेत्र में पर्याप्त बचत कर सकता है। इसी के अनुरूप बेंगलूरु इंटरनेशनल एक्जिबिशन सेंटर (बीआईईसी) में 10 से 14 दिसंबर तक आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के प्रदर्शित उत्पादों को अच्छी प्रतिक्रिया मिली और लोगों ने इसमें महत्वपूर्ण रुचि दिखाई।

लुब्रिकेंट्स दिग्गज ने अपने टेलअस, रिमुला, स्पाइरेक्स और गैडस रेंज के अपने कई प्रमुख उत्पादों के साथ ही अपने प्रीमियम ऊर्जा दक्ष लुब्रिकेंट्ससेल टेलअस एस4, रिमुला आर5, स्पाइरेक्स एस6 और गैडस एस3 को प्रदर्शित किया।

व्यापार मे में शेल के बूथ का उद्घाटन श्री वी जी शक्ति कुमार, प्रबंध निदेशक, श्विंग स्टेटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया, जिन्होंने निर्माण उपकरण और टैक्नोलॉजी उद्योग में कंपनी के अग्रणी कार्य की सराहन की। एक्सकॉन 2019 विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा पेज्ञ की गई इनोवेटिव सेवाओं की श्रृंखला का गवाह बना, जिसमें शेल की नई लॉन्च की गई बी2बी सेवाओं की रेंज ने आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। शेल द्वारा प्रदर्शित की गईं बी2बी सेवाओं में मषीन मैक्स, लुब्रिकेंट्स मैनेजमेंट प्रोग्राम और ल्यूबमास्टर शामिल थे। इसके साथ ही षेल ल्यूबवीडियोचेक का डिस्प्ले और लाइव प्रदर्षन भी किया गया। यह नॉन-इनवेसिव इमेजिंग टैक्नोलॉजी है, जो कंपोनेंट का विश्लेषण करने में सक्षम है और जिसे आमतौर पर केवल मषीनरी को खोलने के बाद ही प्राप्त किया जाता है। इसके अलावा,ष्षेल ल्यूब एनालिस्ट लाइट भी प्रदर्षित किया गया जो निर्माण कंपनियों को रीयल टाइम, ऑन-साइट विष्लशण और रिपोर्टिंग का लाभ उठाने में मदद करती है। निर्माण क्षेत्र से जुड़े ग्राहक आमतौर पर सुदूर इलाकों में स्थित होते हैं।

एचडीएफसी लाईफ की 'संचय पर एडव्हांटेज' बीमा योजना का शुभारंभ

रायपुर/बिलासपुर। भारत की अग्रणी बीमा कंपनीयों में से एक एसडीफसी लाईफ जीवनबीमा निगम ने अपनी नई बीमा योजना, 'एचडीएफसी लाईफसंचय पर अड़्व्हाटेज',की घोषणा की हैं। यह एक नॉन लिंक्ड, भाग लेने वाली (पार्टिसिपेटिंग) जीवनबीमा योजना हैं,जिसके तहत उपभोक्ता जीवनभर नियमित आय की जरूरत पूरी करने के साथ साथ जीवनभर की सुरक्षा के लिए एक सर्वसमावेशी योजना लेकर आये हैं।

एचडीएफसी लाईफ संचय पर अड़्व्हाटेज आपको आय बढ़ाने ने के दो विकल्प देता हैं

तुरंत आय प्रकिया- कॅश बोनस (अगर घोषणा हुई तो) के जरिये बीमापॉलिसी नियमित आय का प्रावधान और बीमा मियाद पूरी होने पर बड़ी राशि, जो आपके अपने लोगों के लिए मददगार साबित होगी.

प्रमुख विशेषताएं :

- सर्वाव्हवल बेनिफिट पेआउट्स से थोड़ी या पूरी रकम निकालने का प्रावधान
- जीवनबर की सुरक्षा + जीवनभर आय का प्रावधान
- गारेंटेड लाभ2 के साथ प्रलंबित आय का विकल्प
- कर में रियायत का प्रावधान

विलंबित आय का विकल्प- इसमें आय का एक हिस्सा 25 साल तक नियमित मिलने की गारेंटी के साथ साथ बीमा पॉलिसी की संपूर्ण अवधि में कॅश बोनस (अगर घोषित किया गया). इसके साथ ही आपके सपने साकार करने के लिए मियादी अवधि पूरी होने के बाद एक बड़ी राशी भी मिल सकेगी।

जीएसटी कटौती लाभ ग्राहकों को नहीं देने पर नेस्ले पर 90 करोड़ जुर्माना

नयी दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रीय मुनाफाखोरी प्राधिकरण (एनएए) ने रोजमर्रा की त्वरित उपयोग की वस्तुएं बनाने वाली अग्रणी नेस्ले पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में की गई कटौती का लाभ ग्राहकों को नहीं पहुंचाने पर 90 करोड़ रुपए का भारी भरकम जुर्माना ठोंका है। मैगी न्यूडल्स, किटकैट चाकलेट और नेस्कैफे बनाने वाली कंपनी नेस्ले को 89.73 करोड़ रुपए की जुर्माने राशि में से 73.14 करोड़ रुपए जमा कराने हैं। शेष राशि पहले ही उपभोक्ता कल्याण कोष में पिछले साल जमा कराया जा चुकी है। प्राधिकरण ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माने की बकाया रकम 18 प्रतिशत ब्याज के साथ अगले तीन माह में केंद्र और राज्य सरकारों के उपभोक्ता कल्याण कोष में कंपनी जमा कराये।

गुवाहाटी, डिब्रूगढ़ की उड़ानें लगातार दूसरे दिन रद्द

नयी दिल्ली (वार्ता)। असम में हिंसा की घटनाओं को देखते हुये विमान सेवा कंपनियों ने गुवाहाटी तथा डिब्रूगढ़ हवाई अड्डों को जाने वाली और वहाँ से आने वाली उड़ानें गुरुवार को लगातार दूसरे दिन रद्द कर दी हैं जबकि नागर विमानन मंत्रालय ने कहा है कि वह स्थिति पर नजर बनाये हुये है।

नागर विमानन मंत्रालय ने ट्विटर पर जारी आधिकारिक बयान में लिखा है कि हवाई अड्डे को जोड़ने वाले सड़क मार्ग के अवरुद्ध होने के कारण डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पर यात्रियों की आवाजाही बाधित हुई है। हवाई अड्डे पर फँसे यात्रियों को स्थानीय प्रशासन द्वारा हर प्रकार की जरूरी सुविधा दी जा रही है। उसने कहा, इन यात्रियों को चरणबद्ध तरीके से निकाला जा रहा है। उड़ानों के परिचालन में 12 दिसंबर को आयी अस्थायी बाधा पर करीबी नजर रखी जा रही है। विमान सेवा कंपनियों तथा अन्य हितधारकों के साथ सलाह-मशविरा कर स्थिति सामान्य होते ही हवाई अड्डे से परिचालन शुरू किया जायेगा।

कांग्रेस-भाजपा में घमासान समस्याओं का अंबार और दोनों के जीत के दावे

चिरमिरी नगर निगम चुनाव

नवप्रदेश संवाददाता

चिरमिरी। जिले का एकमात्र नगर निगम के चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। एक ओर कांग्रेस प्रदेश में एक वर्ष में अब तक हुए विकास के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जा रही है तो भाजपा बीते 5 साल में चिरमिरी के विकास को बाधित करने और 10 साल पीछे धकेलने का आरोप लगा रही है। जानकारी के अनुसार नगर निगम चुनाव के 40 वार्डों में 236 उम्मीदवार मैदान में है। अभ्यर्थिता वापस लेने के आखिरी दिन तक नगर पालिक निगम चिरमिरी के 21 लोगों ने अपने नाम वापस लिए है। अब चुनावी घमासान अपने चरम पर है। खूबसूरत पहाड़ियों के बीच बसा चिरमिरी शहर कोयले से फैले प्रदूषण और अपनी खूबसूरत वादियों के लिए जाना जाता है। कुछ कॉलोनियों में सड़कों पर कोयला ले जाते डम्फरों के कारण लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।

क्या है मुख्य समस्याएं

चिरमिरी में पर्यटन की बड़ी संभावना तलाशी जा रही है, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने इसे पर्यटन के रूप में विकसित करने पर्यटन मंडल की टीम भी भेजी थी, वहीं वर्तमान मुख्यमंत्री ने डीएमएफसे 1 करोड़ की लागत से पार्क बनाने की घोषणा की है। अंडरग्राउंड माइंस में चौथे सीम पर काम चल रहा है और जब तक यह काम चलेगा। तब तक ओपन कास्ट के ओवर बार्डन को समतल नियमों और निर्देशों के तहत नहीं किया जा सकता है। वहीं क्षेत्र की प्रमुख सड़कें एसईसीएल की नहीं है, वे लोक निर्माण विभाग की हैं। चुनाव के पूर्व कुछ प्रमुख सड़कों को चकाचक कर दिया गया है, परन्तु ज्यादातर सड़कों में गढ्ढों से लोग काफी परेशान है। वर्षो से यहां बंद हो रही खदानों के कारण बढ़ रही बेरोजगारी की समस्या को लेकर उद्योग लगने की मांग होती रही। परन्तु कुछ नहीं हो सका। नगर निगम क्षेत्र में फैले प्रदूषण के रोकथाम के जो उपाय किए भी गए वो कारगर नहीं थे, यही कारण है कि यहां प्रदूषण में कोई कमी नहीं आई है। कोयलांचल क्षेत्र चिरमिरी में शुरू से ही पीने के पानी को लेकर समस्या रही है। यहां किसी भी वार्ड में रोज सुबह व शाम को पानी सप्लाई करना संभव नहीं है। इसका कारण है कि जमीन के नीचे कोयला होने के कारण कहीं भी जमीन खोद कर पीने के लिए पानी नहीं निकाला जा सकता। यहां पीने व निस्तार के लिए बड़ी संख्या में लोग तुर्रा के पानी पर आश्रित हैं। इसके कारण लोगों को उबड़-खाबड़ रास्ते से होकर पानी लाना पड़ता है। सालों पहले चिरमिरी में सैकड़ों प्राकृतिक तुर्रा हुआ करते थे। इसके पानी का लोग निस्तार के अलावा पीने के लिए भी करते थे। पर देख-रेख के अभाव में अब मात्र 30 ही बचे हैं। तुर्रा के पानी को पीने के अलावा निस्तार के लिए भी उपयोग किया जाता है। इसलिए तुर्रा के पानी को चिरमिरी क्षेत्र के लिए लाईफ लाईन माना जाता है। हलांकि एक माह पूर्व मुख्यमंत्री ने जल आवर्धन योजना की शुरूआत की है, परन्तु बीते 15 साल में नगर में पीने का पानी सप्लाई करने के लिए पाइप लाइन आज भी इधर उधर बिखरे पड़े हुए हैं।

सफाई को लेकर एसईसीएल व निगम सामने

निगम और एसईसीएल एक बार फिर आमने-सामने रही है। विकास कार्यो को लेकर दोनों ने अपनी अपनी समस्या सामने रखी। एसईसीएल जीएम के.सामल चिरमिरी क्षेत्र लगभग 450 करोड़ रुपए के घाटा होने के कारण कोयला मंत्रालय के मापदंडों के निर्देशानुसार भूमिगत खदानों को बंद करना पड़ रहा है। दूसरी ओर सफाई का पूरा जिम्मा नगर निगम उठाता है, वहीं एसईसीएल कागजों पर सफाई कर रहा है, यही कारण है कि निगम क्षेत्र के ज्यादातर हिस्सों में भारी गंदगी पसरी हुई है। जारी ननि चुनाव में भाजपा के पूर्व विधायक दीपक पटेल व कांग्रेश पूर्व मेयर डमरू बेहरा चिरमिरी के हर वार्ड में प्रचार प्रसार में लगे है, भाजपा का दावा है कि 30 से ज्यादा पार्षद भाजपा के जीत कर आएंगे, दूसरी ओर कांग्रेस की ओर वर्तमान महापौर डमरू रेड्डी खुद के द्वारा कराए विकास कार्यो के आधार पर लोगो के पास जा रहे है, तो विधायक विनय जायसवाल भी चुनाव में जीत दर्ज कराने एड़ी चोटी का जोर लगा रखे है। श्री रेड्डी का दावा है कि इस बार 40 में 35 पार्षद उनके जीत कर आने वाले है।

कलेक्टर ने किया परोलकोट धान फड़ों का औचक निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

पखांजूर। पखांजुर कांकेर जिला कलेक्टर के.एल. चौहान आज परलकोट दौरे पर रहे जहाँ उन्होंने छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर स्थित धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान सीमावर्ती मायापुर, कल्याणपुर एवं गोंडाहूर धान खरीदी केंद्रों पर पहुँचकर धान खरीदी संबंधी नियमों की सूक्ष्मता से जाँच की गई । कलेक्टर ने किसानों से रु-ब-रु होते हुए उनके समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए केंद्र संचालकों को तत्काल किसानों के सभी प्रकार के समस्याओं के तुरंत समाधान के लिए निर्देशित किया । निरीक्षण के दौरान कल्याणपुर धान खरीदी केंद्र में नापतौल में 100 ग्राम धान ज़्यादा पाए जाने पर तत्काल कलेक्टर ने बोरे से 100 ग्राम धान को किसानों को वापस करने का आदेश देते हुए केंद्र प्रभारी को कहा कि ÷किसी भी अन्नदाता का एक दाना भी अधिक न तौला जाएं और प्रत्येक अन्नदाता को उनके मेहनत का एक-एक पाई ससम्मान के साथ दिया जाए ।÷ कलेक्टर ने अतिसंवेदनशील छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा में स्वयं जाकर बाहर से आने वाले संदिग्ध वाहनों के सघन जांच का भी आदेश दिया ताकि छत्तीसगढ़ में महाराष्ट्र से आने वाले अवैध धान का खपत न हों सके । साथ ही सभी धान खरीदी केंद्रों में जो छोटी-छोटी त्रुटियां पायी गयी है उन्हें तत्काल दूर करने हेतु प्रभारियों को निर्देशित किया गया हैं ।

इसके पश्चात कलेक्टर चौहान शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल गोण्डाहूर पहुंचे । जहाँ उन्होंने बच्चों के बीच पहुंचकर उनके सोच और कल्पनाओं के बारे में जाना साथ ही स्कूल में किताबी शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को जनरल नॉलेज , व्यक्तित्व विकास और कार्यकुशलता संबंधी शिक्षा देने के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया ।

स्कूली बच्चें कलेक्टर को अपने बीच पाकर बेहद खुश दिखे साथ ही उन्होंने कई सवाल भी किये जिसका कलेक्टर ने बेहद सरलता से जवाब भी दिया । बच्चों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी जानकारी देने के लिए स्वयं ही एक पुस्तक का प्रकाशन किया जिसे विभिन्न स्कूलों में निःशुल्क वितरण करने का आदेश दिया ताकि बच्चें अपने भविष्य को बेहतर बना सके । जब कलेक्टर को बच्चों ने कहा कि वो अपने कांकेर जिला से अब तक रु-ब-रु नहीं हो पाएं तो तत्काल कलेक्टर ने बच्चों को जल्द ही कांकेर जिला मुख्यालय बुलाकर सभी जिला कार्यालयों के भ्रमण कराने का वादा किया ।

मतगणना दलों को मिला प्रथम चरण का प्रशिक्षण

बीजापुर। नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 के तहत् आगामी 24 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के लिए मतगणना दलों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण कलेक्टोरेट के सभाकक्ष 02 में दिया गया। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र ठाकुर एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर हेमेन्द्र भुआर्य ने मतगणना दलों में शामिल गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक सहित टेबुलेशन दल के अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ मतगणना सम्पन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना की महत्ता को ध्यान में रखते हुए गोपनीयता रखने के लिए सर्तकता बरतने अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि मतगणना कार्य को सावधानीपूर्वक करना है, किसी भी प्रकार की त्रुटि न करें। किसी भी प्रकार की दिक्कत के लिए वे रिटर्निंग आफिसर या सहायक रिटर्निंग आफिसर को तत्काल अवगत करा सकते है। उन्होंने बताया कि गणना कक्ष में मोबाइल तथा अन्य डिवाइस का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है।

सेक्टर आफिसरों की बैठक सम्पन्न

बीजापुर। नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 के तहत् आगामी 21 दिसम्बर को होने वाली मतदान के लिए सेक्टर आफिसरों का प्रशिक्षण कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में सम्पन हुई। इस मौके पर सहायक रिटर्निंग आफिसर हेमेन्द्र भुआर्य ने सेक्टर आफिसरों को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ मतदान सम्पन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सेक्टर अधिकारियों के कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों, मतदान केन्द्र की स्थिति, मतदान केन्द्र की भौतिक अवस्था, मतपेटियों की प्रदर्शन एवं अन्य विस्तृत जानकारी दिए गए।

अवैध धान परिवहन व भंडारण के अब तक 86 प्रकरण दर्ज

नवप्रदेश संवाददाता

कोरिया। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान परिवहन एवं भण्डारण को रोकने के लिए टीम का गठन किया गया है। यह टीम लगातार छापेमारी कर अवैध परिवहन एवं भण्डारित सामग्री जप्त कर रही है। गौरतलब है कि खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी दिनांक 01 दिसंबर 2019 से प्रारंभ हो चुका है, धान खरीदी के दौरान राज्य के बाहर से अवैध रूप से धान मंगा कर शासन को अधिक मूल्य पर बेचकर राजस्व की हानि पहुचाने वालों पर कठोर कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में जिले में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक कोरिया के द्वारा सभी संबंधित विभागों के साथ अवैध धान भंडारण व परिवहन करने वालो के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही कराई जा रही है।

■ 7 हजार 358 क्विंटल से अधिक धान और 9 वाहनों की हो चुकी है जप्ती

खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी हेतु जिले के 22 धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के दौरान अन्य राज्यों से कोचियों-बिचैलियों से अवैध धान आवक पर नियंत्रण रखने हेतु जिले के अन्तर्राज्यीय सीमा से लगे धान खरीदी केन्द्र चैनपुर एवं माड़ीसरई में नाका बनाकर 24 घण्टे डयूटी लगाई गई है एवं अवैध धान के आवक पर सतत जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। जिले में आज 11 दिसंबर 2019 तक अवैध धान परिवहन के कुल 86 प्रकरण बनाये गये जिसमें 9 वाहन जप्त किए गए हैं। समस्त प्रकरणों में 7358.60 क्विंटल धान जप्ती की कार्यवाही की गई है।

जिला प्रशासन द्वारा जिले में अवैध धान के आवक पर रोक हेतु राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, परिवहन विभाग, खनिज विभाग द्वारा चेक पोस्ट एवं नाका लगाकर 24 घंटे सतत जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर द्वारा सख्त हिदायत दी गयी है कि अवैध धान का भंडारण व परिवहन करने वालों पर कठोर कार्यवाही जारी रहेगी तथा इस तरह के अवैध कार्यो में लिप्त लोगों पर भी कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने किया शासकीय स्कूल गोंडाहूर का निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

पखांजूर। कांकेर जिला कलेक्टर के.एल. चौहान आज शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल गोण्डाहूर पहुंचे । जहाँ उन्होंने बच्चों के बीच पहुंचकर उनके सोच और कल्पनाओं के बारे में जाना साथ ही स्कूल में किताबी शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को जनरल नॉलेज , व्यक्तित्व विकास और कार्यकुशलता संबंधी शिक्षा देने के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया । स्कूली बच्चें कलेक्टर को अपने बीच पाकर बेहद खुश दिखे साथ ही उन्होंने कई सवाल भी किये जिसका कलेक्टर ने बेहद सरलता से जवाब भी दिया । बच्चों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी जानकारी देने के लिए स्वयं ही एक पुस्तक का प्रकाशन किया जिसे विभिन्न स्कूलों में निःशुल्क वितरण करने का आदेश दिया ताकि बच्चें अपने भविष्य को बेहतर बना सके । जब कलेक्टर को बच्चों ने कहा कि वो अपने कांकेर जिला से अब तक रु-ब-रु नहीं हो पाएं तो तत्काल कलेक्टर ने बच्चों को जल्द ही कांकेर जिला मुख्यालय बुलाकर सभी जिला कार्यालयों के भ्रमण कराने का वादा किया । कलेक्टर ने बच्चों

को मोबाईल से दूर रहकर पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की सलाह भी दी । इस दौरान कांकेर जिला सीईओ आ0डॉ. संजय कनौजे, पखांजुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती निशा नेताम , जनपद सीईओ बी.आर. ठाकुर , लैम्प्स प्रबंधन संतराम वर्मा, आर.आई. शुभंकर मालाकार आदि उपस्थित रहे ।शाला के प्राचार्य श्री अरुण कीर्तनिया ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

बैलाडीला कामधेनु परियोजना से मिलेगी लोगों को आजीविका

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। पशु पालन अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा एनएमडीसी, सीएसआर एवं डीएमएफ मद से संचालित आजीविका संवर्धन एवं बैलाडीला कामधेनु परियोजना के सफल क्रियान्वयन हेतु हितग्राहियों को प्रशिक्षण प्रदान कर। उन्हें रोजगार मुहैया कराए जाने की योजना है। जिसके अंतर्गत हितग्राहियों को 9 से 15 दिसंबर तक मां दंतेश्वरी गौ संवर्धन एवं शोध केंद्र टेकनार में आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें डॉ सुरेंद्र मरकाम,डॉ मनोज यादव, डॉ एस मालवीय, डॉ विवेक पटेल, डॉ अशोक पटेल द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किए जा रहे हैं। संपूर्ण परियोजना का संचालन उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा डॉ अजमेर सिंह कुशवाहा द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने संपूर्ण परियोजना एवं प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए बताया कि नक्सली ग्रसित एवं सुदूर अंचल के आदिवासी ग्रामीणों के लिए चालकीपारा बचेली में बैलाडीला कामधेनु परियोजना का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। जिसमें पशुओं के लिए शेड, चारागाह आदि निर्मित किया जाएगा और इसका एक महीने में उद्घाटन किया जाएगा। इसमें 48 हितग्राहियों का चयन किया गया है, जिसमें प्रत्येक को एक गिर और एक साहिवाल नस्ल की गाय प्रदान की जाएगी और उन गायों से प्राप्त दूध ए 2 मिल्क नाम से जाना जाएगा। जिसे रूपये 70 प्रति लीटर की दर से एनएमडीसी खरीदेगा। साथ ही दूध से घी दही छाछ पनीर आदि दुग्ध उत्पाद 100 प्रतिशत शुद्ध एवं हाइजीनिक तरीके से बनाए जाएंगे। जिससे हितग्राहियों को अच्छी आमदनी होगी। जिसके लिए उन्हें सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

नक्सली उन्मूलन जागरूकता अभियान का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। कमाण्डेंट-199 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल श्री लालचन्द यादव के कुषल मार्गदर्षन एवं उनके निर्देषानुसार बटालियन द्वारा चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन के तहत बटालियन के जवाबदारी इलाके में नक्सली उन्मूलन जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस सन्दर्भ में 199 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के डी/199 बटालियन, के द्वारा ग्राम- करेमार्का, थाना-जांगला एवं भैरमगढ, जिला-बीजापुर(छ0गढ) के वासियों को जागरूक करने के लिए दिनॉक 11/12/2019 को श्री लालचन्द यादव, कमाण्डेंट-199 बटालियन, श्री देवेन्द्र सिंह पाल, द्वितीय कमान अधिकारी, श्री सुनील कुमार रंजन, द्वितीय कमान अधिकारी(परिचालन), श्री अनिल कुमार, कम्पनी कमाण्डर-डी/199 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल तथा श्री अविनाष मिक्षा, एस.डी.पी.ओ भैरमगढ, थाना प्रभारी, जांगला-निरीक्षक गौतम की उपस्थिति में प्रेरणादायक/उत्साह-वर्द्धक कार्यक्रम का आयोजन मल्टीमिडिया प्लान के तहत किया गया । इस कार्यक्रम में नाटक/ ड्रामा के माध्यम से माओवादियों को आत्मसमर्पण एवं

उनको समाज की मुख्य धारा से जोडना है। इस नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सली जीवन शैली से क्षुब्ध होकर नक्सलवाद छोडने का निष्चय करने तथा केन्द्र सरकार द्वारा नक्सलवाद को खत्म करने और विकास कार्यो को गति प्रदान करने के लिए चलाए जा रहे अभियानों के विषय पर आयोजित होने वाले नाटक की प्रेरणा से हिस्सा लेने वाले क्षेत्रवासियों, खासतौर से युवाजन निष्चित रूप से लाभान्वित होगे।

योजना | **रोजगार दिवस पर मिले मजदूरों को जॉब कार्ड**

मनरेगाः ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों का हो रहा आर्थिक उत्थान

नवप्रदेश संवाददाता

नारायणपुर। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मजदूरों की जुड़ी समस्याओं का निराकरण ग्राम पंचायत स्तर पर करने के लिए हरमाह की 7 तारीख को रोजगार दिवस मनाया जाता है। पिछले 7 दिसंबर को रोजगार दिवस के अवसर पर जॉब कार्ड वितरण, मजदूरी भुगतान, मजदूरी मांगने समेत मनरेगा से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की जाती है। इस रोजगार दिवस पर ग्राम पंचायत छिनारी और ओरछा सहित अन्य ग्राम पंचायतों के ग्रामीण मजदूरों को जॉब कार्ड वितरित किय गए। जिले की 98 ग्राम पंचायतों में से अत्यन्त अतिसंवेदनशील 13 ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन नहीं हो पा रहा है।

मिली जानकारी अनुसार माह जनवरी 2019 से चालू माह दिसंबर तक कुल 522 रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 188 कामों की मांग की गई। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 1045 कार्य पूर्ण किए गए, जिसमें 8186 परिवारों ने काम किया। इन परिवारों के लगभग 2,64,602 मानव दिवस सृजित हुआ। जानकारी अनुसार मजदूरी के रूप में रूपये 538.74 लाख और सामग्री के रूप में रूपये 92.52 लाख का भुगतान किया गया। इस प्रकार कुल राशि 631.26 लाख का भुगतान जनवरी 2019 से माह नवम्बर 2019 तक किया गया है। इसी प्रकार मनरेगा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों का आर्थिक उत्थान किया जा रहा है।

मनरेगा के तहत आम लोगों के साथ ही दिव्यांगों को भी रोजगार मुहैया कराने के लिए बड़ा मंच साबित हो रहा है। दिव्यांगों को उनकी मांग पर सुविधाजनक कार्य उपलब्ध कराया जाता है। उनके क्षमतानुसार कार्यों के संभावित वर्गीकरण में पेयजल व्यवस्था, बच्चों की देखभाल करने में सहायता, पौधा रोपण करना शामिल है। चालू वित्तीय वर्ष के पहले आठ महीनों अप्रैल से नवम्बर तक जिले के 64 दिव्यांगों को मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इस दौरान इनके लिए 996 दिवस का रोजगार का सृजन किया गया है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रेम कुमार पटेल ने बातया कि मनरेगा के ग्रामीण मजदूरों को छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण के लिए अब ग्रामीण श्रमिकों को मुख्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ती। उनकी समस्याओं का निराकरण हर महीने की 7 तारीख को रोजगार दिवस के अवसर पर ग्राम में ही मौके पर किया जाता है। जिले के दिव्यांगों को रोजगार के पर्याप्त अवसर मिलने से आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ने के साथ ही उनका जीवन भी आसान हो रहा है।

यातायात व्यवस्था को ठीक करने में लगी पुलिस

नवप्रदेश संवाददाता

पखांजूर। पखांजूर पुलिस द्वारा शहर में पैदल पेट्रोलिंग कर यातायात को व्यवस्थित किया गया। पुलिस अधीक्षक कांकेर भोज राम पटेल (भापुसे) के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर राजेंद्र जायसवाल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मयंक तिवारी के मार्गदर्शन में थाना पखांजूर पुलिस द्वारा पखांजूर में पैदल पेट्रोलिंग कर यातायात को व्यवस्थित किया गया आमजनों से तथा दुकानदारों से रोड में सामान ना निकालने अपने वाहन निर्धारित स्थान पर ही खड़ी करने एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।

■ न्यूज गैलरी

राष्ट्रीय पिकलबाल टूर्नामेंट में चमके महाराष्ट्र और राजस्थान

पुणे (वार्ता)। महाराष्ट्र और राजस्थान ने यहां बालेवाड़ी में आयोजित पहले राष्ट्रीय रैंकिंग पिकलबाल टूर्नामेंट में अपनी चमक दिखाते हुए सर्वाधिक पदक जीत लिए।राष्ट्रीय रैंकिंग पिकलबाल टूर्नामेंट का आयोजन अखिल भारतीय पिकलबाल संघ ने रमेश वाई प्रभु स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फाउंडेशन के सहयोग से श्री छत्रपति शिवाजी महाराज काम्प्लेक्स, बालेवाड़ी में किया। इस टूर्नामेंट में 10 राज्यों से 250 खिलाड़ियों ने अंडर-18 लड़कों के युगल, पुरुष एकल और युगल, महिला एकल और युगल, मिश्रित युगल तथा 50 वर्ष से अधिक पुरुष युगल में हिस्सा लिया। महाराष्ट्र के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक जीते जबकि राजस्थान ने चार स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीते।

प्रियांक और भार्गव के अर्धशतकों से जीता गुजरात

हैदराबाद (वार्ता)। कप्तान प्रियांक पांचाल (90 रन) और भार्गव मेराई (नाबाद 69 रन) के अर्धशतकों से गुजरात ने रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए मुकाबले के आखिरी दिन गुरूवार को हैदराबाद के खिलाफ आठ विकेट से जीत दर्ज कर ली। इस जीत से उसे छह अंक मिले। मैच के तीसरे दिन हैदराबाद ने दूसरी पारी की शुरूआत कल के छह विकेट पर 239 रन से आगे बढ़ाते हुये की थी। लेकिन उसकी पूरी पारी 266 रन पर ही सिमट गयी। गुजरात की ओर से रूश कलारिया ने हैदराबाद के 45 रन पर पांच विकेट निकाले। मेज़बान टीम ने अपने बाकी के चार विकेट 23 रन जोड़कर गंवा दिये। वह गुजरात के सामने 187 रन का ही लक्ष्य रख सकी जिसने 36.4 ओवर में दो विकेट पर 187 रन बनाकर मैच जीत लिया।

रिचा स्पोर्ट्स सेमीफाइनल में

नई दिल्ली (वार्ता)। कप्तान शाकिब आलम के हरफनमौला खेल और यूसुफमंसूरी की घातक गेंदबाजी की बदौलत रिचा स्पोर्ट्स ने हरि सिंह अकादमी को 33 रनों से पराजित कर आर एन सिंह टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। कादरपुर स्पोर्ट्स मैदान पर पहले बल्लेबाज़ी का न्योता पाकर रिचा स्पोर्ट्स ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 157 रन बनाए जिसमें शाकिब आलम ने तूफानी पारी खेलते हुए 43 गेंदों पर 9 चौके और 3 छक्के की मदद से 71 रनों की नाबाद पारी खेली इसके अलावा अभिजीत तोमर ने 33 रनों की पारी खेली। हरि सिंह अकादमी की तरफ से हर्षित सिंह ने अपने 4 ओवर में सिर्फ 7 रन देकर पांच विकेट, फ़ैज़, अमित और विकास ने एक-एक विकेट लिया। जवाब मे हरि सिंह अकादमी की टीम सिर्फ 124 रन बना कर ढेर हो गयी इनकी तरफ से हरजीत ने 24, और विकास ने 22 रन बनाए।

आईसीसी टी-20 रैंकिंग | विराट कोहली वेस्ट इंडीज के खिलाफ मैन ऑफद सीरीज रहे, के एल राहुल ने लगाई तीन स्थान की छलांग

राहुल का जलवा, कोहली की टॉप-10 में एंट्री, रोहित शर्मा फिसले

ताजा रैंकिंग में राहुल तीन स्थान की छलांग लगाकर छठे स्थान पर आ गए हैं जबकि कोहली पांच स्थान आगे बढ़ते हुए शीर्ष-10 में शामिल हो गए हैं। ताजा रैंकिंग में राहुल तीन स्थान की छलांग लगाकर छठे स्थान पर आ गए हैं जबकि कोहली पांच स्थान आगे बढ़ते हुए शीर्ष-10 में शामिल हो गए हैं।

मुंबई। भारत के कप्तान विराट कोहली और लोकेश राहुल को गुरुवार को जारी ताजा आईसीसी टी-20 रैंकिंग में फायदा हुआ है। इन दोनों ने विंडीज के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की सीरीज के आखिरी टी-20 मैच में दमदार पारियां खेली थी जिनके दम पर भारत ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की। ताजा रैंकिंग में राहुल

- कोहली ने सीरीज के पहले मैच में नाबाद 94 रनों की पारी खेली
- सीरीज के आखिरी मैच में उन्होंने 21 गेंदों पर पूरी की हाफसेंचुरी
- राहुल ने भी सीरीज में दो हाफसेंचुरी लगाकर टीम के लिए अहम किरदार निभाया

तीन स्थान की छलांग लगाकर छठे स्थान पर आ गए हैं जबकि कोहली पांच स्थान आगे बढ़ते हुए शीर्ष-10 में शमिल हो गए हैं। राहुल ने वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए टी-20 मैच में 56 गेंदों पर 91 रन बनाए थे। इसी पारी के कारण उन्हें मैन ऑफद मैच चुना गया। इस सरीज के तीन मैचों में राहुल ने कुल 164 रन बनाए। कोहली ने कुल 183 रन बनाए और टीम को 2-1 से सीरीज जिताने में मदद की। इसी कारण वह प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। रोहित पहले दो मैचों में नाकाम रहे थे, लेकिन अंतिम मैच में उन्होंने भी दमदार पारी खेल 71 रन बनाए। फिर भी वह एक स्थान नीचे खिसक कर 9वें स्थान पर आ गए हैं।

बेखौफ बल्लेबाजी के लिए गांगुली ने टीम को सराहा

कोई अपनी जगह के लिए नहीं खेला सभी जीत के इरादे से खेल रहे थे-गांगुली

सौरभ गांगुली भारत की विंडीज के खिलाफसीरीज जीत पर खुशी जाहिर की। उन्होंने ट्वीट किया कि काबिले तारीफहै कि भारत ने जिस तरह से निर्भीक होकर बल्लेबाजी की। कोई टीम में अपनी जगह के लिए नहीं खेल रहा था, सभी जीत के इरादे से खेल रहे थे।

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ बुधवार को संपन्न टी20 सीरीज में बेखौफ बल्लेबाजी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की सराहना की। भारत ने तीसरा टी20 मैच 67 रन से जीतकर 3 मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान गांगुली ने ट्वीट किया, 'कइयों ने सोचा होगा कि भारत ही सीरीज जीतेगा। काबिले तारीफ है कि भारत ने जिस तरह से निर्भीक होकर बल्लेबाजी की। कोई टीम में अपनी जगह के लिए नहीं खेल रहा था, सभी जीत के इरादे से खेल रहे थे। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए तीसरे टी20 मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 3 विकेट पर 240 रनों का स्कोर बनाया।

- भारतीय क्रिकेट टीम ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ3 मैचों की टी20 सीरीज 2-1 से जीती
- मुंबई में सीरीज के तीसरे और निर्णायक टी20 में भारत ने 67 रन से दर्ज की जीत
- राहुल बोले, पहले बल्लेबाजी में काफी दबाव रहता है और अतीत में टीम नाकाम रही है
- तीसरे टी-20 मैच मुंबई में भारत ने 3 विकेट पर बनाए 240 रन

राहुल और रोहित ने दी मजबूतीः विराट

मुंबई (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने वेस्टइंडीज़ के खिलाफनिर्णायक मुकाबले में जीत के साथ ट्वंटी 20 सीरीज़ अपने नाम करने पर खुशी जताई और रोहित शर्मा तथा लोकेश राहुल की बल्लेबाजी की जमकर प्रशंसा की है। भारत ने बुधवार को दो बार की टी-20 चैंपियन वेस्टइंडीज़ को मुंबई के वानखेडे मैदान पर सीरीज़ के आखिरी मैच में 67 रन से हराकर सीरीज़ 2-1 से अपने नाम कर ली। विराट ने इस मैच में नाबाद 70 रन की पारी खेली और मैन ऑफद सीरीज़ भी बने। अपनी शादी के दो बरस पूरे करने का जश्न सीरीज़ जीतने के साथ मनाने पर उत्साहित दिखाई दे रहे विराट ने कहा, मेरी शादी को दो वर्ष पूरे हो गये हैं और मेरे लिये यह बहुत ही खास दिन है। इसलिये यह मेरे लिये दोहरा जश्न हो गया है। विराट ने मैच को लेकर कहा,फ्हमने बहुत बार इस बारे में बात की थी। हमारे लिये मैदान पर जाकर अपनी योजनाओं को लागू करना अहम था जो हमने किया। हमारे ओपनरों ने अच्छी शुरूआती दिलाई और इससे मेरे पास इस मैच में मैदान पर कुछ अलग करने का मौका था, जो आमतौर पर मैं नहीं करता। मैंने पहले ही कहा था कि मैं कुछ स्मैश खेलूंगा जो पहले से मेरे दिमाग में था।

रोहित शर्मा भारत में बने ला लीगा के पहले ब्रांड एम्बेसेडर

भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज़ रोहित शर्मा भारत में प्रतिष्ठित ला लीगा फुटबाल लीग के पहले गैर फुटबाल खिलाड़ी ब्रांड एम्बेसेडर नियुक्त किये गये हैं।

मुंबई (वार्ता)। ला लीगा क्लब के लिये यह पहला मौका है जब वैश्विक स्तर पर उसने अपना ब्रांड एम्बेसेडर फुटबाल के क्षेत्र से बाहर का लिया है। रोहित भारत में इस लीग का चेहरा होंगे। दुनिया के शीर्ष फुटबाल क्लब स्पेन के ला लीगा ने भारतीय टीम के स्टार ओपनर रोहित के साथ हाथ मिलाया है। वह क्लब के इतिहास में पहले गैर फुटबालर हैं जिन्हें ब्रांड एम्बेसेडर चुना गया है। वर्ष 2017 से ही भारत में ला लीगा ने खेल के प्रसार के लिये कई कदम उठाये हैं।

वहीं रोहित भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज़ हैं। वह आईसीसी विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर के बल्लेबाज़ हैं जिनके नाम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तीन दोहरे शतकों की उपलब्धि दर्ज है। रोहित ने ला लीगा जैसे प्रतिष्ठित स्पेनिश क्लब से जुड़ने पर खुशी जताते हुये कहा,÷ भारत में फुटबाल को लेकर लोगों का जुनून बहुत बढ़ा है और यह देखना दिलचस्प है कि यह खेल अब दूसरे दर्जे पर नहीं है। पिछले पांच वर्षों में हमने देखा है कि फुटबाल में भारत ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और इसके प्रशंसकों की भी यहां कमी नहीं है।

उन्होंने कहा, मैं ला लीगा से जुड़कर बहुत खुश हूं। यह देखना सुखद है कि स्पेनिश क्लब ने भारतीय फुटबाल में दिलचस्पी दिखाई है और जमीनी स्तर पर कई कार्यक्रम शुरू किये हैं। मैं भारत में फुटबाल को लोकप्रिय बनाने के लिये अपनी ओर से हर प्रयास करूंगा।

असम में चल रहे प्रदर्शन के चलते नार्थईस्ट-चेन्नियन का मैच स्थगित

नागरिकता संशोधन विधेयक (सीएबी) के खिलाफअसम में हो रहे विरोध प्रदर्शन के कारण इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के नार्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और चेन्नईयन एफसी के बीच गुरुवार को होने वाले मुकाबले को अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है।

गुवाहाटी (वार्ता)। आईएसएल की तरफ से जारी विज्ञप्ति के अनुसार संबंधित अधिकारियों के साथ पिछले 48 घंटे में किये गए विचार विमर्श के बाद मैच को स्थगित करने का फैसला लिया गया है। लीग प्रबंधन का कहना है कि प्रशंसकों, खिलाड़ियों और लीग के कर्मचारियों की सुरक्षा उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण है जिसे ध्यान में रखते हुए एहतियातन मैच को स्थगित करने का फैसला लिया गया।

लीग की ओर से जारी बयान के अनुसार मैच के बारे में आगे की जानकारी उचित समय पर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि असम समेत पूर्वोत्तर के कई राज्यों में सीएबी विधेयक का विरोध किया जा रहा है। कई जगहों पर विधेयक को लेकर हिंसक प्रदर्शन भी हुआ है और प्रदर्शनकारियों ने इसकी प्रतियां जलाई हैं। मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए मुकाबला स्थगित कर दिया गया है।

चंदीला-राणा ने टाली दिल्ली की हार

थुंबा (वार्ता)। फॉलोऑन की शर्मिंदगी झेल रही दिल्ली ने कुनाल चंदीला की 125 रन और नीतीश राणा की 114 रन की साहसिक शतकीय पारियों की मदद से गुरूवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले के आखिरी दिन केरल को जीत से वंचित कर मैच ड्रॉ करा दिया। हालांकि पहली पारी की बढ़त के आधार पर केरल को 3 और दिल्ली को 1 अंक मिला। रोमांचक मुकाबले में केरल ने पहली पारी नौ विकेट पर 525 रन बनाने के साथ घोषित कर दी थी। लेकिन दिल्ली पहली पारी में मात्र 142 रन पर सिमट गयी। इसके बाद दिल्ली को फॉलोऑन खेलने उतरना पड़ा। दिल्ली ने मैच के चौथे दिन अपने बल्लेबाज़ों के साहस से स्टम्प्स तक 112 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 395 रन बनाकर अपनी हार टाल मैच ड्रॉ करा दिया।

रमी दिमागी कुशलता का खेल जुआ नहीं : समीर बार्डे

नई दिल्ली (वार्ता)। ऑनलाइन रमी उद्योग को विनियमित करने के प्रयासों के तहत इससे जुड़ी स्व नियमन इकाई द रमी फेडरेशन (टीआरएफ) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) समीर बार्डे ने गुरुवार को चार रमी संचालकों को मान्यता प्रदान करते हुए कहा कि यह दिमागी कुशलता का खेल है जुआ नहीं ।

बार्डे ने रमी उद्योग के अग्रणी संचालक हेड इंफोटेक (एस2थ्री),जंगली गेम्स (जंगली रमी), पैशन गेमिंग (रमी पैशन),और प्ले गेम्स 24 इनटू 7(रमी सर्कल) को मान्यता दी। उन्होंने इन संचालकों को टीआरएफ के प्रतीक ऑनलाइन मोहर भी उपलब्ध करायी। यह मोहर टीआरएफकी आचार संहिता के प्रति इन संचालकों के अनुपालन का प्रतीक है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि रमी दक्षिण भारत का प्रिय खेल है लेकिन उत्तर भारत में अभी इसका प्रचलन कम है। उत्तर भारत में अभी इसे लोग जुआ मानते हैं जबकि यह दिमागी खेल 'गेम ऑफस्किल' है। इसमें चांस या किस्मत की भूमिका नगण्य है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने कई बार अपने आदेश में कहा है कि 'कौशल के खेल' को जुआ नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि रमी कुशलता का खेल है। सीईओ ने कहा कि देश में ऑनलाइन रमी उद्योग तेजी से बढ़ रहा है और इस समय इसके करीब साढ़े पांच करोड़ खिलाड़ी हैं। यह उद्योग अभी करीब 2200 करोड़ रुपये का है और इसमें 34 प्रतिशत की दर से वार्षिक वृद्धि हो रही है। श्री बार्डे ने कहा कि टीआरएफ ने इस खेल को जिम्मेदार,निष्पक्ष और सुरक्षित बनाने के लिए कड़ी नियमावली बनायी है और खेल पर नजर रखने के लिए व्यापक मानक निर्धारित किये हैं।

परिश्रम | सिक्स पैक एब्स बनाने के लिए पूजा दिन- रात एक कर रही

8 साल की उम्र में 6 पैक एब्स, ये लड़की बनी संसेशन

जोधपुर। खेलों में बड़ी उपलब्धियों के कारण आज भारतीय युवा सर्वेश्रेष्ठ एथलीटों की बीच अपनी छाप छोड़ रहे हैं. उन्हीं में एक है पूजा बिश्नोई. महज 8 साल की पूजा बिश्नोई युवा एथलीटों की लिस्ट में शामिल हो गई है. जिसके बाद हर कोई उनके बारे में जानना चाहता है. पूजा जोधपुर के एक छोटे से गांव हैं. हाल ही में उन्होंने ने अंडर -10 एज कैटगरी में महज 12.50 मिनट में 3 किमी की दूरी तय करते हुए एक विश्व रिकॉर्ड बनाया है. अब उन्होंने 2024 के खेलों में एक ओलंपिक चैंपियन बनने की इच्छा जताई है. वर्तमान में पूजा को विराट कोहली फाउंडेशन की ओर से मदद मिल रही है. फाउंडेशन यात्रा, पोषण, प्रशिक्षण आदि के अपने दैनिक खर्चों को वहन करता है. इसी के साथ वह अपने मामा और कोच श्रवण बुड़िया को अपनी प्रेरणा मानती है. आपको यकीन नहीं होगा, लेकिन तस्वीरों को देखकर आप जान जाएंगे कि महज 8 साल की उम्र में इस बच्ची ने सिक्स-पैक एब्स बना लिए हैं.

इसी के साथ वह ऐसा करने वाली एशिया की पहली और सबसे कम उम्र की लड़की बन गई है. 4 साल की उम्र से ही उन्होंने प्रैक्टिस करना शुरू कर दिया था. वह 3 बजे उठकर प्रैक्टिस करती हैं. प्रैक्टिस पूरी होने के बाद वह 7 बजे स्कूल जाती है, वहीं स्कूल से आने के बाद रनिंग करती है. भारतीय क्रिकेट टीम के कैप्टन विराट कोहली पूजा के बारे में कहा- एक छोटे से गांव से आने वाली लड़की के लिए एक सपने के सच होने जैसा लगता है और सच्ची मेहनत से यहां तक पहुंचा सकती है।

ओडिशा ने रोमांचक मैच में हैदराबाद को 3-2 से हराया

पुणे (वार्ता)। ओडिशा एफसी ने श्री छत्रपति शिवाजी स्पोटर्स कॉम्पलेक्स में खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन के रोमांचक मैच में हैदराबाद को 3-2 से हरा दिया है। मैच में अधिकांश समय ओडिशा हावी रही लेकिन दो बार ऐसा मौका आया जब हैदराबाद ने उस पर दबाव बना दिया। खासकर इंजुरी टाइम में ओडिशा पर जीत गंवाने का डर बन गया था। इस मैच से मिले तीन अंक लेकर ओडिशा अंकतालिका में सातवें से छठे स्थान पर आ गई है। उसके आठ मैचों से अब नौ अंक हो गए हैं। ओडिशा ने सिसको हर्नांडेज के नेतृत्व में कुछ मौके बनाए और आक्रामक खेल दिखाया। मैच के 11वें मिनट में उसे एक झटका लगा जब इसी आक्रामकता के कारण उसके खिलाड़ी वीनित राय को पीला कार्ड थमा दिया गया। जैसे ही हैदराबाद लय पकड़ने की ओर बढ़ रही थी तभी ओडिशा ने गोल कर उसके आत्मविश्वास को कमजोर कर दिया। ओडिशा के लिए यह गोल कार्लोस डेल्गाडो ने 27वें मिनट में किया। इस गोल में डेल्गाडो की मदद सिसको ने ही की। हैदराबाद इस गोल से बाहर निकल वापसी की राह तलाश पाती उससे पहले ही हर्नांडेज ने ओडिशा के लिए दूसरा गोल कर दिया। यह गोल 41वें मिनट में आया। जैरी ने थोड़ी देर गेंद अपने पास रखी ओर मौका पाते ही सिसको को लौटा दी जिन्होंने अपने बाएं पैर से गेंद को नेट में डाल मेजबान टीम को 2-0 से आगे कर दिया।

अश्लील विडियो को वायरल करने वाले पति-पत्नि गिरफ्तार

शादी के पूर्व पीड़िता को डरा धमका कर लिया गया था विडियो

भाटापारा। पीड़िता के साथ शादी के पूर्व हुई चेट्टिंग में उससे अश्लील वीडियो लेकर उसको वायरल करने के आरोप में शहर पुलिस ने नगर के एक युवा दंपत्ति को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 नग मोबाईल जब्त करते हुए उनके खिलाफ विभिन्न धाराओ के तहत कार्यवाही कर रही।

उपरोक्त जानकारी देते हुए शहर थानेदार महेश धुव ने बताया की प्रार्थिया के साथ आरोपी पति का पूर्व में मोबाईल के माध्यम से चैटिंग होती थी और पूर्व में हुई चैटिंग में आरोपी ने पीड़िता से अश्लील वीडियो ले लिया और उसको वायरल कर दिया। प्रार्थिया ने इस सम्बन्ध में पुलिस से शिकायत की और पुलिस अधीक्षक श्रीमती नीतू कमल ने जिला के सभी थाना प्रभारी को गंभीर मामलों में आरोपी को शीघ्र पता तलाश करके गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जे आर ठाकुर , श्रीमती नवेदिता पाल और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री के बी द्विवेदी के मार्गदर्शन में निरीक्षक महेश कुमार ध्रुव थाना प्रभारी थाना भाटापारा शहर के नेतृत्व में थाना के अपराध क्रमांक 492 /19 धारा 509 (B) भादवि 67 IT ACT और SCST ACT की धारा 3(1) ब (2) , 3(1) ड. में आरोपीगण राजीव और उसकी पत्नी पूर्णिमा अंनत को गिरफ्तार करने में सफ्लता मिली है । टी आई महेश धुव ने बताया की.दिनांक घटना समय सन 2014 से 26/11/19 के बीच संदेही आरोपी राजीव द्वारा पीडिता (गुप्त रखा गया) को डरा धमकाकर अश्लील विडियो एवं फोटो भेजने के लिए मजबूर करके मोबाईल में मांग कर अपलोड किया ब्लैकमैल करके अश्लील विडियो /फोटो को वायरल कर दिया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 509 (B) भादवि 67 IT ACT और SCST ACT की धारा 3(1) ब (2) , 3(1) ड. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना किया जा रहा था कि संदेही आरोपी का पुख्ता सबूत हेतु सायबर तकनीकि से पीड़िता एवं आरोपी के मध्य आदान प्रदान किए गए विडियो / फोटो के माध्य से नंबर को प्राप्त किया गया।

अजा-अजजा कर्मचारी संघ की ब्लॉक इकाई गठित

महासमुंद। विगत दिनों बेमचा स्थित सतनाम भवन में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अधिकारी कर्मचारी संगठन ब्लॉक इकाई का गठन किया गया। जिला उपाध्यक्ष अनिल ढीढी ने अजाक्स संगठन की प्रस्तावना का वाचन कर संगठन का महत्व बताया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से पदाधिकारियों का गठन किया। जिनमें संरक्षक एसएन जेंड्रे, अध्यक्ष माधेश्वर ध्रुव, खोशिल गेन्ड्रे सचिव, बाबूलाल ध्रुव, संतोष डहरिया, जितेन्द्र ठाकुर उपाध्यक्ष, श्रीमती संगीता रात्रे, ओमन ठाकुर संयुक्त सचिव, श्रीमती रीना वासनिक, लुकेश आवड़े, टुकेश्वर ध्रुव, मुकेश ध्रुव संगठन सचिव, देवकुमार खुंटे कोषाध्यक्ष, चंद्रभान सिंह ध्रुव, गोसाईराम शिष्ट, यादराम ध्रुव, कृष्ण कुमार तावाकर, यशवंत ठाकुर, सुजीत मन्नाडे, खुमान ध्रुव, श्यामलाल मन्नाडे, गैंदू ध्रुव, श्रीमती भगवती गायकवाड़, श्रीमती टिकेश्वरी ध्रुव, बेदराम गिलहरे, श्रीमती कमला मांझी, श्रीमती मनीषा नंदेश्वर, राकेश चौरे, नंदकुमार देवदास, दिलीप कुमार छत्रे, एसएस ओगरे को सलाहकार बनाया गया।